माघ शुक्ल पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 15 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 175, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण 16

दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू 2

केजरीवाल को धनशोधन के मामले में ईडी का छठा समन

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी नीति मामला

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को छठा समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल (55) को 19 फरवरी को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में भेजे गए समन की अवज्ञा करने के लिए ईडी द्वारा दायर एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पिछले सप्ताह केजरीवाल को 17 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा था। अदालत ने कहा था कि केजरीवाल प्रथम दृष्टया इसका अनुपालन करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य हैं। इस मामले में ईडी द्वारा आईआरएस के पूर्व अधिकारी को भेजा गया यह छठा समन है।

कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए विभाकर

लखनऊ/नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पौत्र विभाकर शास्त्री बुधवार को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। शास्त्री भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में लखनऊ में भाजपा में शामिल हुए। विभाकर शास्त्री ने इससे पहले एक्स पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संबोधित पोस्ट में अपने त्यागपत्र की घोषणा की। विभाकर शास्त्री हरि कृष्ण शास्त्री के बेटे हैं। वह कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रहे हैं।

यूएई की धरती ने मानवता के इतिहास में लिखा स्वर्णिम अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया अबू धाबी के पहले मंदिर का लोकार्पण

अबू धाबी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्वामीनारायण संप्रदाय के पदाधिकारियों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के बीच अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। हल्के गुलाबी रंग का रेशमी कुर्ता पजामा, बिना बांह वाली जैकेट और पटका पहने हुए प्रधानमंत्री ने मंदिर के लोकार्पण समारोह में पूजा विधि में भाग लिया।

प्रधानमंत्री ने 'वैश्विक आरती' में भी भाग लिया जो बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा दुनियाभर में बने स्वामीनारायण संप्रदाय के 1200 से अधिक मंदिरों में एक साथ आयोजित की गई। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यूएई की धरती ने मानवता के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है। इससे पहले मोदी ने यहां पहले हिंदू मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले विभिन्न संप्रदायों के लोगों से मुलाकात की। दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए मंदिर के उद्घाटन की प्रक्रिया शुरू करने से पहले प्रधानमंत्री ने मंदिर में कृत्रिम रूप से तैयार की गईं गंगा और यमुना नदियों में जलार्पण भी किया। मंदिर अधिकारियों के अनुसार शिल्प और स्थापत्य शास्त्रों एवं हिंदू ग्रंथों में उल्लेखित निर्माण की प्राचीन शैली के अनुसार भव्य मंदिर बनाया गया है। बीएपीएस के लिए अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहारीदास ने कहा, यहां वास्तुशिल्प पद्धतियों को वैज्ञानिक तकनीकों के साथ जोड़ा गया है। तापमान, दबाव और गति (भूकंपीय गतिविधि) को मापने के लिए मंदिर के हर स्तर पर 300 से अधिक उच्च तकनीक वाले सेंसर लगाए गए हैं। सेंसर अनुसंधान के लिए लाइव डेटा प्रदान करेंगे। यदि क्षेत्र में कोई भूकंप आता है तो मंदिर इसका पता लगा लेगा और हम अध्ययन कर सकेंगे। मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है।

अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) में मंदिर के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

- 27 एकड़ में क्षेत्रफल में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से हुआ निर्माण

एक नजर

नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी गन

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी निर्मित 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन (एसआरसीजी) के निर्माण और आपूर्ति के लिए एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) कानपुर के साथ बुधवार को एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस अनुबंध की कुल लागत 1752.13 करोड़ रुपए है और इन गनों के निर्माण में 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा। ये गन दिन और रात दोनों समय में हमला करने में सक्षम है। इससे नौसेना और तटरक्षक बल की जहाजों के लिए खतरा पैदा करने वाले छोटे लक्ष्यों पर सटीक हमला करने की क्षमता बढ़ जाएगी।

500 से अधिक अस्पताल बने ईट राइट कैंपस

नई दिल्ली। खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने देशभर में 500 से अधिक अस्पतालों को 'ईट राइट कैंपस' के रूप में प्रमाणित किया है। यह पहल एफएसएसएआई के 'ईट राइट इंडिया' अभियान के तहत अस्पतालों सहित विभिन्न संस्थानों और कार्यस्थलों के भीतर सुरक्षित, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल खाद्य परिवेश बनाने पर केंद्रित है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि सही खाद्य परिवेश के लिए प्रमाणित अस्पतालों तथा मेडिकल कॉलेज में से करीब 100 सरकारी अस्पताल हैं।

चित्रकूट में आतिशबाजी के पैनल में विस्फोट से चार लोगों की मौत

बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के समापन समारोह से पहले हादसा

- हादसे में सभी मरने वाले थे छात्र महोत्सव में घूमने को पहुंचे थे

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार : चित्रकूट इंटर कालेज में चल रहे बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को समापन समारोह से पहले ही आतिशबाजी के पैनल में विस्फोट हो गया। अफरा-तफरी और भगदड़ के बीच विस्फोट से चार युवकों की मौत हो गई। देर शाम मरने वालों की शिनाख्त हो गई। विस्फोट के बाद महोत्सव स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

चित्रकूट इंटर कालेज में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव चल रहा था। बुधवार को अंतिम दिन था। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव की आखिरी शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रात में आतिशबाजी प्रस्तावित थी। मैदान पर आतिशबाजी के पैनल लगाए गए थे। दोपहर बाद करीब तीन बजे आतिशबाजी के पैनल में अचानक विस्फोट हो गया। जो इतना जबर्दस्त था कि पैनल के पास मौजूद चार लोग लगभग 30 फीट तक उछल गए। एक युवक कालेज की तीसरी मंजिल पर जा गिरा और उसके चीथड़े उड़ गए। तीन युवक नीचे मैदान पर गिरे, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को फौरन जिला अस्पताल भेजा गया, जहां हालत गंभीर देखकर प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। देर शाम इनकी शिनाख्त कर्वी के मिशन चौराहा निवासी प्रभात पुत्र धर्मेंद्र, कर्वी माफी के विद्या नगर निवासी यश पुत्र विश्व प्रताप, पारस पुत्र कंशराज और मोहित पुत्र मुकेश के रूप में हुई। ये चारो छात्र थे और महोत्सव में घूमने पहुंचे थे। इनमें से मोहित (15) को छोड़कर तीनों 13-14 साल के थे। विस्फोट की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी विस्फोट के कारणों का पता लगाने में जुटे हैं।

विस्फोट के बाद बचाव एवं राहत कार्य में जुटे पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुःख, जांच के आदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुःख जताते हुए गहन जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को पांच- पांच लाख रुपये और घायलों को 50- 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने के निर्देश दिए हैं। एडीजी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की है और जो दोषी हैं उन पर एफआईआर कराने के लिए कहा है। घायलों का निःशुल्क उपचार कराने के लिए भी कहा है।

जांच के बाद दोषियों पर होगी कार्रवाईः डीएम

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के तहत रात में आयोजकों की ओर से आतिशबाजी का शो रखा गया था। अपराह्न 310 बजे विस्फोट हुआ, जिनमें दो की मौके पर ही मौत हो गई है, दो घायलों की प्रयागराज ले जाते समय सांसें थम गईं। कहा कि जांच के बाद दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बेहमई कांड : बरसी पर 43 साल के बाद फैसला, एक को उम्र कैद

साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने एक आरोपी को किया दोष मुक्त

- कतार में खड़ाकर चलाई गई थी गोली, 20 लोगों की हुई थी मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत वि.चार : बहुचर्चित बेहमई कांड के बहुप्रतीक्षित मुकदमे में अदालत ने 43 साल तक चली सुनवाई के बाद बुधवार को अपना फैसला सुनाया। अदालत ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि एक आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के बेहमई गांव में 43 साल पहले 14 फरवरी 1981 को दस्यु सुंदरी फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथ लूटपाट करते हुए एक जाति वर्ग के लोगों को कतार में खड़ा कर उन पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर सामूहिक नरसंहार किया था। इस नरसंहार में 20 लोग मारे गए थे, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस नरसंहार के मामले में गांव के ही राजाराम सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही थी। इस मुकदमे की 43 साल तक चली सुनवाई के दौरान मुकदमे के वादी सहित गवाह और कई आरोपी दुनिया को अलविदा कह गए।

सुनवाई के दौरान अदालत में कई चक्रों में अभियोजन और बचाव पक्ष की बहस हुई। दोनों पक्षों की ओर से अदालत में लिखित बहस भी दाखिल की गई थी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे ने बताया कि बुधवार को अदालत ने मामले में अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी विश्वनाथ को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया, वहीं दूसरे आरोपी श्यामबाबू को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

आत्मसमर्पण के दौरान फूलनदेवी और डकैत मान सिंह।

नरसंहार में ये लोग मारे गए थे

तुलसीराम सिंह, गजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, जगन्नाथ सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामाधार सिंह, शिवराम सिंह, रामचंद्र सिंह, शिवबालक सिंह, बनवारी सिंह पुत्र लाखन सिंह, लाल सिंह, नरेश सिंह, दशरथ सिंह, बनवारी सिंह पुत्र महाराज सिंह, हिम्मत सिंह, हुकुम सिंह, हरिओम सिंह, रामऔतार, तुलसीराम पुत्र धनीराम व नजीर खां।

नड्डा गुजरात तो वैष्णव ओडिशा से उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की नई सूची

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी. नड्डा को गुजरात से, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को क्रमशः ओडिशा और मध्य प्रदेश से उम्मीदवार घोषित किया।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को महाराष्ट्र से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है।

पार्टी ने 15 राज्यों की 56 सीट पर होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के मद्देनजर बुधवार को पहले मध्य प्रदेश और ओडिशा के लिए पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की तथा इसके कुछ देर बाद गुजरात से चार और महाराष्ट्र से तीन उम्मीदवारों की सूची जारी की। नड्डा के अलावा गुजरात से प्रसिद्ध हीरा कारोबारी गोविंद भाई ढोलकिया, मयंक भाई नायक और जसवंत सिंह परमार को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने महाराष्ट्र से चव्हाण के अलावा पूर्व विधायक मेधा कुलकर्णी और पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष अजीत गोपछड़े को उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा की 56 सीट के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। जरूरत पड़ने पर 27 फरवरी को मतदान कराया जाएगा। मध्य प्रदेश से भाजपा ने राज्य मंत्री मुरुगन के अलावा उमेश नाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है। मध्य प्रदेश में भाजपा के पास चार सीट जीतने का दम है जबकि कांग्रेस एक सीट जीत सकती है।

कांग्रेस ने सोनिया समेत 10 प्रत्याशी घोषित किए

नई दिल्ली। कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी समेत कुल 10 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने पहले चार और फिर छह उम्मीदवारों की सूची जारी की। उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक से माकन, सैयद नासिर हुसैन, जी.सी. चंद्रशेखर के नाम हैं। मध्य प्रदेश से अशोक सिंह को उम्मीदवार बनाया है। तेलंगाना से पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी और प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम अनिल कुमार यादव को प्रत्याशी बनाया है। पहली सूची में सोनिया गांधी का नाम सबसे प्रमुख था जिन्होंने राजस्थान से राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश, बिहार से अखिलेश प्रसाद सिंह, महाराष्ट्र से वरिष्ठ नेता चंद्रकांत हंडोरे को उम्मीदवार बनाया गया है।

थोक महंगाई दर जनवरी में घटकर 0.27 % पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

- फल और सब्जियों के दाम कम होने का असर

फल और सब्जियों के दाम कम होने से थोक मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 0.27 प्रतिशत पर आ गई। दिसंबर 2023 में यह 0.73 प्रतिशत थी।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.39 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में लिए 0.27 प्रतिशत (अस्थायी) रही। थोक मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 4.8 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में खाद्य सामग्री की महंगाई दर 6.85 प्रतिशत रही जो दिसंबर 2023 में 9.38 प्रतिशत थी। इनमें सब्जियों की महंगाई दर 19.71 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2023 में 26.3 प्रतिशत रही थी। आलू की महंगाई नकारात्मक दायरे में रही। फल, अंडे, दूध, मछली और दूध की कीमतों में गिरावट आई है। ईंधन और बिजली क्षेत्र में जनवरी में मुद्रास्फीति शून्य से नीचे 0.51 प्रतिशत रही।

मांग पर डटे किसान, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

चंडीगढ़, एजेंसी

दिल्ली चलो मार्च

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे किसान

हजारों किसान बुधवार सुबह अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करने के लिए पंजाब-हरियाणा की दो सीमाओं पर डटे रहे। वहीं, अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

प्रदर्शनकारी किसानों ने जब अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई। कुछ किसानों ने भी सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया जो अवरोधकों के करीब तैनात थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों पर नजर रखने के लिए एक ड्रोन तैनात किया है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने हरियाणा के जींद जिले में दाता सिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर भी आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों ने 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत हरियाणा की सीमा पर अवरोधक हटाने का नए सिरे से प्रयास किया। दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने के लिए पंजाब के कई स्थानों से किसानों का आना जारी है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वे एमएसपी पर कानूनी गारंटी समेत अपनी मांगों पर केंद्र के साथ बातचीत करने को तैयार हैं।

केंद्र-किसानों में आज चंडीगढ़ में होगी तीसरे दौर की वार्ता

चंडीगढ़। तीन केंद्रीय मंत्री गुरुवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं के साथ उनकी मांगों को लेकर बैठक करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि शाम पांच बजे केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के साथ बैठक होगी। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित उनकी मांगों को लेकर किसान नेताओं और केंद्र के बीच यह तीसरे दौर की बैठक होगी। दो बैठकें बेनतीजा रही हैं।

राजनाथ, मुंडा और अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने की चर्चा

नई दिल्ली। राजनाथ सिंह और अर्जुन मुंडा समेत वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों ने बुधवार को किसानों के विरोध प्रदर्शन और मुद्दों के समाधान के तरीकों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कृषि मंत्री मुंडा के साथ किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुंडा भी उन मंत्रियों में से एक हैं जिन्होंने किसान समूहों के साथ चर्चा की। बैठक के बारे में विवरण का तुरंत पता नहीं चल सका है।

मुरादाबाद में लॉजिस्टिक तो बरेली में लगेगा फर्टिलाइजर और डेयरी उद्योग

प्रधानमंत्री से परियोजनाओं का वर्चुवल भूमिपूजन कराने की तैयारी में बड़े उद्योगपति, लखनऊ में बसेगी एआई सिटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जीबीसी : 4.0 में निवेश के लिहाज से प्रदेश का पश्चिमांचल हिस्सा बन रहा हॉट स्पॉट

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जीबीसी के दौरान वर्चुवल भूमिपूजन कराने के लिए कई बड़े उद्योगपतियों और सीईओ की ओर से तैयारी की जा रही है। मुरादाबाद में लॉजिस्टिक तो बरेली में फर्टिलाइजर और डेयरी उद्योग लगेंगे।

यूपीसीडा का 52 फीसदी निवेश के साथ पश्चिमाचंल हॉट स्पॉट बन गया है। लखनऊ में डिफेंस कॉरीडोर के साथ एआई सिटी, चंदौली में इंटीग्रेटेड टाउनशिप और झांसी में रेलवे कोच जैसे उद्यम स्थापित होंगे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 19 फरवरी को तैयार औद्योगिक गलियारा, रक्षा गलियारा समेत जनपद स्तरीय इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में निवेश के लिए उपलब्ध लैंड बैंक में वॉलमार्ट, सऊदी अरामको, स्टेट ग्रिड, अमेज़ॅन, ऐप्पल, अल्फाबेट, टोयोटा मोटर, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, माननीय हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री, माइक्रोसॉफ्ट, नेस्ले, अडाणी ग्रुप, रिलायंस ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, बिड़ला ग्रुप समेत प्रदेश के तमाम उद्योगपतियों की ओर से प्रस्तावित कई परियोजनाओं का वर्चुवल भूमि पूजन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जीबीसी 4.0 में 10.11 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की तैयारी है। मुरादाबाद में हिंद टर्मिनल (शराफ ग्रुप) लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग में 1250 करोड़ निवेश करेगा और 1250 रोजगार भी सृजित करेगा। अमेठी में वरुण बेवरेजेस 780 करोड़ से फूड प्रॉसेसिंग में निवेश करेगी। बरेली में 638 करोड़ से इफ्को का नैनो फर्टिलाइजर प्लांट, 3450 करोड़ से एचपीसीएल का प्लांट, 212 करोड़ से डेयरी क्राफ्ट इंडिया का प्लांट, 25 करोड़ से मैसर्स कृष्णा एसोसिएट्स, 10 करोड़ से मैसर्स राघव डेयरी समेत कई प्रोजेक्ट का भूमिपूजन होगा।

इन बड़ी परियोजनाओं का होगा भूमिपूजन

जिन बड़ी परियोजनाओं का भूमिपूजन होगा उनमें यूपीसीडा की 1,50000 करोड़ रुपये की 3160 परियोजनाएं, अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग की 1,24,164 करोड़ की 177, नोएडा की 72,488 करोड़ की 292, आई एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की 61,998 करोड़ की 60, उद्यान विभाग की 60,358 की 1,045, ऊर्जा विभाग की 59,973 करोड़ की आठ, आवास विभाग की 56,885 करोड़ की 746, उच्च शिक्षा विभाग की 53,331 करोड़ की 43, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की 45,148 करोड़ की 280, एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग की 45,303 करोड़ की 2,948, पर्यटन विभाग की 31,179 करोड़ की 790 तथा नगर विकास विभाग की 18,196 करोड़ रुपये की 21 परियोजनाएं शामिल हैं।

चंदौली में इंटीग्रेटेड टाउनशिप, झांसी में बनेंगे रेल कोच

चंदौली जिले में 7 हजार करोड़ से सॉलिड प्लाई प्रालि. इंटीग्रेटेड टाउनशिप का निर्माण करने जा रहा है। इसके अलावा यहां इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मॉल्स का विकास किया जाएगा। वाराणसी में बीएचईएल 1325 करोड़ से इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स का निर्माण करेगा। एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट 325 करोड़ से हॉस्पिटल और कॉलेज की स्थापना करेगा। अनीता डिस्टलरी बस्ती में 300 करोड़ से बायो फ्यूल सेक्टर में निवेश करेगी। बुंदेलखंड में भी यूपीसीडा की कई बड़ी परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी। झांसी में रेल विकास निगम 2840 करोड़ की लागत से एलएचबी कोच और ट्रैक वर्क्स स्थापित करेगा। चित्रकूट के बरगढ़ में 1252 करोड़ से फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर में और ललितपुर में 250 करोड़ से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश होगा।

सिंधू की जीत के साथ वापसी, चीन को 3-2 से हराया

भारतीय पुरुष टीम ने भी नॉकआउट में किया प्रवेश, हांगकांग की टीम को दी मात

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को जीत दर्ज की, जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने से पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया।

थॉमस कप 2022 चैंपियन और पिछले साल एशियाई खेलों में पहली बार रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम ने भी हांगकांग के खिलाफ 4-1 की आसान जीत से ग्रुप ए से नॉकआउट में जगह बनाई। हांगकांग को मंगलवार

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

को चीन के खिलाफ भी 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को चीन से भिड़ेगी, जिससे ग्रुप विजेता का फैसला होगा। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर रही सिंधू ने हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई, जिससे 3 मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को हराकर भारत को बराबरी दिलाई। चीन की दूसरे दर्जे की टीम के खिलाफ मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने 149वें नंबर की वू लियो यू को हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। इस बीच पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय पहले एकल में एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 18-21 14-21 से हार गए लेकिन भारत ने अगले चार मुकाबले जीतकर 4-1 से जीत दर्ज की।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी ने लुई चुन वेई और येयुंग शिंग चोई की जोड़ी के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि लक्ष्य सेन को भी चैन यिन चाक को हराने में पसीना नहीं बहाना पड़ा। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने चाउ हिन लोंग और हुंग कुएइ चुन को हराकर भारत की बढ़त को 3-1 किया जबकि किदांबी श्रीकांत ने जेसन गुनावन को हराकर टीम की 4-1 से जीत तय की। 4 ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम नॉकआउट दौर में जगह बनाएंगी।

एफआईएच प्रो-लीग में भारत का लक्ष्य हैट्रिक

भुवनेश्वर, एजेंसी

एफआईएच (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ) प्रो-लीग के सत्र को लगातार दो जीत के साथ शुरू करने वाली भारतीय टीम जब ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की हैट्रिक लगाना होगा। भारत ने स्पेन को 4-1 से हारने के बाद गत चैम्पियन और विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड को शूटआउट में 4-2 से मात दी। नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। दोनों देशों के द्विपक्षीय मुकाबलों के जीत-हार का रिकॉर्ड बड़े अंतर से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है लेकिन कुछ समय में भारतीय टीम ने उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम इस लय को जारी रखना चाहेगी।

ऑस्ट्रेलिया की टीम भी इस मुकाबले में दो जीत के साथ उतरेगी। टीम ने स्पेन को 4-3 और आयरलैंड को 5-0 से मात दी है। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि टीम ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन अभी सुधार बाकी है। शीर्ष टीमों के खिलाफ लगातार मैच खेलना हमेशा कठिन होता है, लेकिन हमें उबरने के लिए अच्छा ब्रेक मिला और अब हमारा ध्यान भुवनेश्वर चरण के आखिरी दो मैचों पर है। फुल्टोन को पता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम कितनी मजबूत है लेकिन उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले मैच के लिए तैयार हैं। यह निश्चित रूप से एक कठिन मैच होने वाला है। वे (ऑस्ट्रेलिया) लगातार बड़ी जीत दर्ज कर रहे हैं। भारतीय टीम के लिए अच्छी बात यह है कि कप्तान हरमनप्रीत सिंह लय में है। उन्होंने अब तक तीन गोल किए हैं। नीदरलैंड के खिलाफ गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शूटआउट में शानदार रक्षण के साथ टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया के बाद भारतीय टीम शुक्रवार को भुवनेश्वर चरण में आयरलैंड का सामना करेगी।

खेल डायरी

नार्डी को हराकर रामकुमार क्वार्टर फाइनल में

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त लुका नार्डी के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज कर बेंगलुरु ओपन के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रामकुमार ने केएसएलटीए स्टेडियम में प्री-क्वार्टर फाइनल में दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मैच में इटली के खिलाड़ी पर 1-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी के लिए मैच की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नार्डी ने शुरुआती सेट के पहले ही गेम में ही उनकी सर्विस तोड़ दी। रामकुमार इसके बाद इस खिलाड़ी को कोई चुनौती नहीं दे सके और नार्डी ने आसानी से पहला सेट जीत लिया। पहले सेट के बाद लगा की मैच एकतरफा होगा लेकिन दूसरे सेट में रामकुमार ने शानदार जज्बा दिखाया। रामकुमार इसके बाद अपनी सर्विस पर दोनों गेम जीतकर मैच में वापसी करने में सफल रहे।

डैज के गोल से रीयाल मैड्रिड ने लेपजिग को हराया

लेपजिग (जर्मनी), एजेंसी। ब्राहिम डैज के गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में लेपजिग के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। डैज को चोटिल ज्यूड बेलिंगहम की जगह शुरुआती एकादश में जगह मिली थी। उन्होंने मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में दागा। बोरूसिया डोर्टमंड से रीयाल मैड्रिड से जुड़ने वाले बेलिंगहम मौजूदा सत्र में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। वह स्पेनिश लीग के पिछले मैच में टखना मुड़ने के कारण इस मुकाबले में नहीं खेल पाए। इंग्लैंड के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 29 मैच में 20 गोल किए हैं। प्री क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मैड्रिड के सेंटियागो बर्नेब्यु स्टेडियम में छह मार्च को खेला जाएगा।

भारतीय निशानेबाजों को स्वर्ण और रजत पदक

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के 10 मीटर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीता। ईशा अनिल टकसाले और उमामहेश मादिनेनी ने व्यक्तिगत महिला और पुरुष स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में अनवी राठौड़ और अभिनव साव की हमवतन जोड़ी को 16-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत ने में 9 स्वर्ण सहित 7 पदक हो गए हैं। अनवी और अभिनव ने 629 .0 अंक के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। ईशा और उमामहेश 627 .4 अंक के साथ उनसे पीछे थे।

नागल की नजरें अब पेरिस ओलंपिक पर

बेंगलुरू, एजेंसी। विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना साकार होने के बावजूद सुमित नागल संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि यह भारतीय टेनिस खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम और पेरिस ओलंपिक में सीधे प्रवेश के लिए अपनी रैंकिंग में सुधार या फिर इस रैंकिंग पर बने रहने की चुनौती के लिए तैयार है। हाल ही में चेन्नई ओपन में नागल की जीत ने उन्हें करियर की सर्वश्रेष्ठ 98वीं विश्व रैंकिंग पर पहुंचा दिया। वह 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने जीत के बाद कहा कि हर टेनिस खिलाड़ी शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखता है। मैंने काफी कम उम्र से शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखा था और जब ऐसा हुआ तो बहुत अच्छा लगा। वर्षों तक काम करने के बाद यह निश्चित रूप से एक भावनात्मक दिन था। दूसरी वरीयता प्राप्त 26 साल के नागल ने पहले दौर में फ्रांस के गेफ ब्लैंकेनॉक्स पर 6-2, 6-2 से आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नागल की नजरें हालांकि बड़ी उपलब्धियों पर टिकी हैं।

इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं, वह बस अलग तरह से खेलते हैं: जडेजा

राजकोट में खेला जाएगा आज पांच मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट

राजकोट, एजेंसी

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा कि इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं है और मेजबान टीम को 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए बस उनकी अति आक्रामक शैली से सामंजस्य बैठाने की जरूरत है। इंग्लैंड ने हैदराबाद के मैच में भारत को हराया था, लेकिन मेजबान टीम ने

विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में मजबूत वापसी करके बराबरी कर ली। तीसरा टेस्ट यहां शुरू हो रहा है। जडेजा ने कहा कि मैं इंग्लैंड को (सबसे कड़ी) टीमों में से एक नहीं कहूंगा। अन्य टीमों के लिए भारत आना और यहां आकर जीतना आसान नहीं है। वह आक्रामक होकर खेलते हैं। हमें बस इससे सामंजस्य बैठाना होगा और उसके अनुसार योजना बनानी होगी। पैर की मांसपेशियों में चोट से दूसरा टेस्ट नहीं खेलने वाले जडेजा ने कहा कि अगर पहले टेस्ट की दूसरी पारी में छोटी-छोटी गलतियां नहीं होती तो हम नहीं हारते। भारत के लिए यह जरूरी है कि वे अपनी योजनाओं पर कायम रहें और इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति के खिलाफ अलग तरह से खेलने का प्रयास नहीं करें। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में जितना संभव हो उतना सरल गेंदबाजी

करना बेहतर है क्योंकि उनके बल्लेबाज प्रत्येक मौके पर शॉट खेलने का प्रयास करेंगे। जडेजा ने कहा कि अगर हम इसके अनुसार बदलाव करेंगे तो संभव है कि हम और अधिक रन लुटा दें और विकेट भी नहीं मिले। हम इसे सरल रखेंगे और वह जो करना चाहते हैं उन्हें वह करने देंगे। हमारी अपनी रणनीति है और अगर हम इस पर कायम रहते हैं तो सफल होने की संभावना अधिक है। हाल में चोटों से जूझने के बारे में जडेजा ने कहा कि यह निराशाजनक है लेकिन इन दिनों क्रिकेट के मुकाबले काफी बढ़ गए हैं और यह हमेशा दिमाग में रहता है।

भरत को रन बनाने होंगे: पार्थिव

नई दिल्ली, एजेंसी। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैचों में बल्ले से लचर प्रदर्शन करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत को एक और मौका देने की वकालत करते हुए पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा कि आंध्र के इस खिलाड़ी ने विकेट के पीछे अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाई है। भरत ने अब तक 7 टेस्ट मैच खेले है लेकिन वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। इस बात की संभावना है कि तीसरे टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी के कारण ध्रुव जुरेल को पदार्पण का मौका मिले। भरत ने इस श्रृंखला में अब तक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी (विकेटकीपिंग में) शानदार प्रदर्शन किया है। जहां तक रन बनाने की बात है तो इसमें कोई संदेह नहीं की आप उसके बल्ले से रन चाहते हैं।

क्रिकेट के लिए अच्छा बैज़बॉल: कुलदीप

भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि बैजबॉल क्रिकेट के लिए अच्छा है क्योंकि यह स्पिनरों के लिए चुनौती पेश करने के साथ ही उन्हें विकेट लेने में भी मदद करता है। आम तौर पर जब आप टेस्ट खेलते हैं, तो आप इस बात की चिंता नहीं करते हैं कि बल्लेबाज आप पर हावी हो रहे हैं, आपका ध्यान केवल इस पर होता है कि आप उन्हें कैसे आउट करना चाहते हैं। लेकिन बैजबाल क्रिकेट को लेकर यहां नजरिया अलग है, वे आक्रामक मोड में होते हैं इसलिए आपको भी योजना बनानी होगी उन्हें कैसे काबू किया जाए। उन्होंने कहा कि जब वे शॉट खेलते हैं, तो आपके पास विकेट लेने के कई मौके होते हैं। यह दिलचस्प है।

भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाऊंगा: स्टोक्स

राजकोट, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने 100वें टेस्ट मैच को लेकर बनी 'हाइप' को कम करने की कोशिश करते हुए कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह हैं लेकिन वह इस मैच में भारतीय दर्शकों के सामने भारत के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। स्टोक्स भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जब इंग्लैंड की अगुवाई करने को उतरेंगे तो वह 100 टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के 16वें खिलाड़ी होंगे। अपनी उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह होती हैं लेकिन मैंने हमेशा भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाया है, क्योंकि इसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा और लोगों की काफी दिलचस्पी होती है।

स्टोक्स ने कहा कि उनका ध्यान अभी परिस्थितियों को समझने और इस महत्वपूर्ण मैच के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर है। जब आप विकेट देखते हो तो उसमें कुछ दरार होती हैं। यह समय ही बताएगा कि मैच में उनकी भूमिका होगी या नहीं। मैं पिच के बारे में अभी से बहुत अधिक नहीं सोचना चाहता हूं लेकिन आपके पास रणनीति होनी चाहिए जो आप अपने खिलाड़ियों को बताओगे। स्टोक्स ने कहा कि बुमराह निसंदेह अविश्वसनीय गेंदबाज है। वह लंबे समय से यह साबित कर रहा है और उसने पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।

बशीर की जगह वुड इंग्लिश टीम में शामिल

इंग्लैंड ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए अपने अंतिम एकादश की घोषणा की, जिसमें बदलाव किया गया है। टीम में आफ स्पिनर शोएब बशीर के स्थान पर तेज गेंदबाज मार्क वुड को लिया गया है। श्रृंखला में पहली बार इंग्लैंड दो तेज गेंदबाजों को शामिल करेगा। वुड पहले टेस्ट में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे, हालाँकि उन्हें दो पारियों में कोई विकेट नहीं मिला।

मैनचेस्टर सिटी ने एफसी कोपेनहेगन को रौंदा

कोपेनहेगन, एजेंसी। केविन डि ब्रून ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में एफसी कोपेनहेगन को 3-1 से हराया। मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग में लगातार नौ मुकाबले जीते हैं जो इंग्लैंड की किसी टीम की ओर से लगातार सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड है। टीम पिछले दो महीने में सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 10 मैच जीत चुकी है। सिटी को डि ब्रून ने 10वें मिनट में बढ़त दिलाई, लेकिन गोलकीपर एडरसन मोरेस की गलती का फायदा उठाकर मैग्नस मैटसन ने स्कोर 1-1 कर दिया। बर्नार्डो सिल्वा ने 45वें मिनट में सिटी को 2-1 से आगे किया जबकि फिल फोडेन ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। दूसरे चरण का मुकाबला मैनचेस्टर में तीन हफ्ते बाद होगा।

राजकोट में चलेगा बुमराह की रिवर्स स्विंग का जादू: जहीर

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि राजकोट की पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की पिच के समान होगी जिससे एक बार फिर रिवर्स स्विंग की भूमिका होगी। जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम में रिवर्स स्विंग का नजारा पेश करते हुए मैच में 9 विकेट चटकाए, जिससे भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबरी की। जहीर ने कहा कि उम्मीद करता हूं कि पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की तरह ही होगी। इस तरह की पिच पर शुरुआती दो दिन बल्ले और गेंद के बीच अच्छा मुकाबला दिखना चाहिए और फिर तीसरे दिन से स्पिन की भूमिका होगी। जहीर ने कहा कि आपको कुछ रिवर्स स्विंग भी दिखेगी और चौथे तथा पांचवें दिन स्पिनरों का दबदबा होगा। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ओवैस शाह भी जहीर से सहमत दिखे। मुख्य मुकाबला बुमराह और इंग्लैंड के मध्यक्रम के बीच होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि राजकोट में बुमराह रिवर्स स्विंग हासिल कर पाएगा।

बॉलीवुड हलचल

नेहा- लवली का ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका नेहा राज और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी गाना ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज हो गया है। ब्लेजर में बेजोड़ लागेला वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने में लवली काजल अपने पति पर प्यार जताते हुए बहुत प्यारी लग रही हैं। वह अपने हसबैंड को प्यार भरी नजाकत के साथ तारीफ करते हुए कह रही हैं कि...'भले सांवर बाड़ा नाही कम बाड़ा हो, खाके मम्मी के कसम हैंडसम बाड़ा हो, दिलवा में बोली के गोली दागेला, अरे गोली दागेला...राजा हो ब्लेजर में तू बेजोड़ लागेला, ब्लेजर में बेजोड़ तू लागेला...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ब्लेजर में बेजोड़ लागेला' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर नेहा राज हैं, जबकि अभिनेत्री लवली काजल है।

नोरा के जन्मदिन पर 1000 बच्चों को खिलाया गया खाना

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही के जन्मदिन पर उनके प्रशंसकों ने 1000 वंचित बच्चों को खाना खिलाया है। नोरा फतेही बॉलीवुड की बेहतरीन डांसर हैं, जिसके डांस मूव्स का न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया दीवानी हैं। दुनिया में नोरा की गिनती लांखो करोडो में हैं, जो उन्हें अपना आदर्श मानते हैं और इस बात का सबूत उनका एक वीडियो हैं, जिसमे देखा जा सकता हैं कि फैंस ने पर उनके जन्मदिन पर 1000 से अधिक वंचित बच्चों को खिलाने के लिए एक भोजन का अभियान का आयोजन किया। यह वीडियो जब नोरा के सामने आया तो वह बेहद हैरान हो गई और उनकी आंखों से आंसू रुके नहीं। नोरा फतेही ने अपने प्रशंसकों को पोस्ट के माध्यम से धन्यवाद दिया, जहां उन्होंने कहा, अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन और यही इसका एक कारण है। हर साल मेरे प्रशंसक मुझे दिखाते हैं कि उनके दिल कितने दयालु और खूबसूरत हैं, क्या तोहफा है।

दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता दिनेश लाल यादव और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म चीख के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग आजमगढ़ में शुरू हो गई है। फिल्म चीख की कहानी जबरदस्त सस्पेंस थ्रिलर पर आधारित है। निर्माता सुधीर सिंह ने कहा, चीख आज के तकनीकी संसाधनों से लैश आधुनिक युग की चुनौतियों और उससे निबटने की तरकीबों पर आधारित है, टेक्नोलॉजी के इस जमाने में फिल्म में बेहद संवेदनशील मुद्दे को संज़ीदगी से उठाया गया है। हम लोग फिल्म के मोटो को समझने के बाद ही इसकी तैयारियों में लग गए थे। हमें अपनी तैयारियों पर भरोसा है और पहले शेड्यूल की सफलता के बाद हम यह काफी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं कि यह एक बेहद खूबसूरत फिल्म बनेगी। दिनेश जी, आम्रपाली जी और धीरज ठाकुर ने इस फिल्म को खूबसूरत मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया हैं। दूसरे शेड्यूल में हम हर सीन को उसके मिजाज के अनुरूप ही ढालने की कोशिश कर रहे हैं। फिल्म ने अब अपना आकार लेना शुरू कर दिया है और अब हमारी कोशिश है कि हम इसे जल्द पूरा करके दर्शकों के बीच शीघ्र लेकर जाएं। स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही फिल्म चीख के निर्देशक धीरज ठाकुर ने बताया कि दूसरे शेड्यूल में फिल्म के बाकी बचे भाग को शूट कर लेंगे, यहां आजमगढ़ में ही हमने अपनी फिल्म की शूटिंग कम्प्लीट करने का निर्णय लिया है और इस दिशा में हम अपने आखिरी पड़ाव की तरफ हैं। फिल्म की शूटिंग पहले शेड्यूल में हमने ऐसे समय पर शुरू किया था जब ठंड अपने चरम पर थी लेकिन टीम तन्मयता से काम मे लगी थी और इसी का प्रमाण है कि आज हम दूसरे शेड्यूल में ही फ़िल्म की शूटिंग खत्म करने की बात कर रहे हैं। पिछले शेड्यूल में हमने 1 महीने तक फिल्मांकन किया और आज से दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू किया है। फिल्म के लेखक धर्मेन्द्र सिंह, छायांकन विजय मंडल हैं। इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, संजय पांडे, अर्चना सिंह राजपूत, संतोष पहलवान, जितेंद्र झा, प्रेम दुबे, धर्मेन्द्र सिंह, आर्यन बाबू, छोटी, निशा सिंह, सोनिया मिश्रा, जेश केशरवानी हैं।

करण जौहर की वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच हो गया है। करण जौहर अपनी आने वाली वेब सीरीज 'शोटाइम' के जरिए बॉलीवुड की कहानी बताने जा रहे हैं। शोटाइम फिल्म इंडस्ट्री के कुछ बड़े राज दुनिया के सामने लेकर आएगी। शोटाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह, श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना, की अहम भूमिका है। शो टाइम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर करण जौहर ने बताया, शोटाइम एक ऐसा शो है, जिसमें इस इंडस्ट्री के कई अलग-अलग रंगों को दिखाया गया है। इसमें शोबिज़ की चकाचौंध, चमक-दमक, ड्रामे के अलावा उन अनकही भावनात्मक चुनौतियों को दिखाया गया है, जिसका सामना सेट के पीछे लोगों को करना पड़ता है। यह शो लोगों को इंडस्ट्री की जिंदगी के करीब लेकर आना चाहता है।

अरविंद अकेला कल्लू का गाना अनार रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना अनार रिलीज हो गया है। गाना अनार को जेएमएफ भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस गाने को कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाने के वीडियो में आरोही सिंह और कल्लू है। अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि अनार फुल्ली कमर्शियल गाना है और यह दर्शकों को झूमने को मजबूर कर देने वाला है। जेएमएफ भोजपुरी शानदार म्यूजिक प्लेटफ़ॉर्म हैं, जहां हर तरह के गाने उपलब्ध हैं, जिससे लोगों का मनोरंजन हो सके। उसी प्ले लिस्ट में हमारा यह गाना भी जुड़ गया है, जिसे मैं भोजपुरी के दर्शकों से बड़ा और मिलियन व्यूज वाला बनाने का आग्रह करता हूं। यह गाना आपके लिए है और इसे खूब एन्जॉय करें। वहीँ इस चैनल के मालिक बद्रीनाथ झा ने कहा कि कल्लू का गाना अनार मनोरंजन की ताजगी देने वाला है, इसलिए इसे खूब प्यार और आशीर्वाद दें।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अपने गिरोह के सदस्यों के साथ फूलन देवी, जिसका बीहड़ में खासा आतंक था। (फाइल फोटो)

फूलन देवी के साथ डाकू मान सिंह, जो अभी तक नहीं पकड़ा गया। (फाइल फोटो)

क्या था बेहमई कांड

राजपुर थाना थाना क्षेत्र के यमुना किनारे बसे बेहमई गांव में 14 फरवरी 1981 को डकैत फूलन देवी ने लाइन से खड़ा करके 20 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मरने वाले सभी ठाकुर थे। इस घटना के बाद देश व विदेश में इस घटना की चर्चा थी। कई विदेशी मीडिया ने भी जिले में डेरा डाला लिया था और जब सारा ज़िला इस घटना से कांप रहा था। तब बेहमई के ही राजाराम मुकदमा लिखावाने के लिए आगे आए थे। उन्होंने फूलन देवी और मुस्तकीम समेत 14 को नामजद कराते हुए 35 डकैतों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन पूरे देश को दहला देने वाला बेहमई कांड लचर पैरवी और कानूनी दांव पेंच में ऐसा उलझा कि 43 साल बाद पीड़ितों को न्याय मिल सका।

छह लोग हुए थे घायल

- जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि बेहमई कांड में 26 लोगों को लाइन में खड़ा कर उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं गई थी जिनमें 20 लोगों की मौत हुई थी वहीं छह लोग रघुवीर, देव प्रयाग, कृष्णा स्वरूप, गुरुमुख सिंह, जंटर सिंह व वकील सिंह गंभीर रूप से घायल हुए थे इन्हीं घायलों को अभियोजन ने अपना मुख्य गवाह बनाया था। जिनकी गवाही अदालत में करवाई गई थी।

मुठभेड़ में कई डकैत मारे गए थे

- अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे के अनुसार बेहमई कांड के बाद उसी दौरान पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कई डकैतों को अलग अलग मुठभेड़ में मार गिराया था इसमें मुस्तकीम, लल्लू, बलवान, मोती, ललतू, रामशंकर, बलराम सिंह, वृंदावन, रामप्रकाश और श्याम शामिल थे।

बरसी के आयोजन के दौरान अदालत के फैसले की पहुंची खबर, डकैत को उम्र कैद की सजा पर बेहमई में मनी दिवाली

बरसी पर नम थीं आंखें, फैसला आते ही खिले चेहरे

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचारः बेहमई गांव में बुधवार की सुबह नरसंहार कांड की 43वीं बरसी मनाई जा रही थी। हर किसी की आंखें नम थीं, इसी बीच अदालत के फैसले की खबर पहुंची तो हर किसी के चेहरे खिल उठे। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। बेहमई गांव के लोगों के लिए आज का दिन खुशियां लेकर आया और दिवाली मनाई गई।

नरसंहार में अपनों को खोने वाले लोग सुबह स्मारक स्थल पर बरसी मना रहे थे, तभी खबर पहुंची कि नरसंहार कांड के आरोपी डकैत जालौन जिले के मलहान पुर्वा थाना रामपुरा निवासी श्यामबाबू मल्लाह को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस पर गांव में खुशियों का माहौल छा गया। बेहमई नरसंहार कांड में मारे गए लोगों की याद में बने शहीद स्मारक स्थल में ग्रामीणों ने इकठ्ठा होकर स्मारक स्थल पर मोमबत्ती जलाकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई। वहीं नरसंहार कांड के बाद से फरार चल रहे तीन आरोपियों को सजा न सुनाए जाने का लोगों में मलाल दिखा।

14 फरवरी 1981 में राजपुर के बेहमई गांव में डकैत फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथियों के साथ धाबा बोलकर 20 लोगों की हत्या कर दी थी। जिसकी गूंज देश विदेशों में सुनाई दी थी। इस हत्याकांड में गांव के राजाराम सिंह ने सिकंदरा थाने में डकैत फूलन देवी, पोसा, भीखा, विश्वनाथ, श्याम बाबू मल्लाह, मान सिंह समेत 35 डकैतों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान मुख्य आरोपी डकैत फूलन देवी समेत 32 डकैतों की मौत हो गई थी। 43 वर्षों से कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन था।

कोर्ट का फैसला आने के बाद बेहमई के स्मारक स्थल पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाते लोग। अमृत विचार

तीन साल में गवाही पूरी, मगर तीन बार अंतिम बहस

बेहमई कांड में वर्ष 2012 में आरोप तय होने के बाद मुकदमे की कार्रवाई आगे बढ़ी और सिर्फ तीन सालों में अभियोजन ने 15 गवाहों के बयान कोर्ट में दर्ज कराकर गवाही खत्म करा दी। बयान और बहस के बाद मुकदमा फैसले की दहलीज तक पहुंच गया, लेकिन कुछ कानूनी पेंचीदगियों में फैसला उलझ गया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे ने बताया कि मुकदमे में तीन बार अंतिम बहस हुई। जब फैसले की घड़ी आती तो जज का तबादला हो जाता। नए न्यायाधीश के आने पर दोबारा बहस होती। दिसंबर 2019 में फिर फैसला आने की उम्मीद थी, लेकिन केस डायरी का पेंच फंस जाने के कारण फैसला फिर से अटक गया था। वहीं आरोपी विश्वनाथ के घटना के समय नाबालिग होने के प्रार्थना पत्र पर फाइल किशोर न्याय बोर्ड भेजने के चलते फैसले में देरी हुई।

तीन डकैत अभी तक फरार

- बेहमई कांड में भीखा, श्यामबाबू, विश्वनाथ उर्फ पुतानी को जमानत मिली थी। बुधवार को श्यामबाबू को सजा सुनाई गई है, जबकि नामजद डकैत विश्वनाथ उर्फ अशोक व रामकेश अभी तक फरार हैं। वहीं गवाही के दौरान अभियोजन के पत्र पर मान सिंह को भी आरोपी बनाया गया था। तब से वह भी फरार रहा।

35 डकैतों पर दर्ज हुई थी एफआईआर

- बेहमई कांड में वादी रहे राजाराम ने फूलन देवी समेत 35 डकैतों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वर्ष 2012 में फूलन देवी, भीखा, पोसा, विश्वनाथ, श्यामबाबू व राम सिंह पर आरोप तय किए गए थे। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित अदालत में चल रही थी। हत्याकांड के 43 साल पूरे होने पर 14 फरवरी को बरसी पर बेहमई कांड का फैसला आ गया।

डकैत पोसा को कभी नहीं मिली जमानत

- बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे ने बताया कि बेहमई कांड में जितने भी आरोपी थे, उनमें विश्वनाथ, भीखा और श्यामबाबू को जमानत मिली थी। बाद में भीखा की मौत हो गई। इसमें आरोपी विश्वनाथ व श्यामबाबू अधिक उम्र के हैं। वहीं पोसा को पकड़े जाने के बाद कभी भी जमानत नहीं मिली। पूर्व में उसकी भी बीमारी के चलते मौत हो चुकी है।

फैसले पर बोले अधिवक्ता

बेहमई हत्याकांड में 43 साल बाद आया निर्णय इस बात को चरितार्थ करता है कि न्याय में विलंब न्याय से इंकार है। इस वीभत्स हत्याकांड ने देश ही नहीं, बल्कि विश्व को हिलाकर रख दिया था। इसके बाद भी वादी ने हिम्मत जुटाकर दोषियों के विरुद्ध मुकदमा लिखाया, लेकिन आरोपियों ने न्यायालय दर न्यायालय देश के कानून और दूषित राजनैतिक व्यवस्था का सहारा लेकर मुकदमे को निर्णय तक पहुंचने में दांव-पेंच के बाड़ लगाए।

-जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता माती कचेहरी

फूलन देवी ने मध्य प्रदेश में आत्म समर्पण किया था। (फाइल फोटो)

डकैत से सांसद बनी फूलन देवी और फिर हत्या

- ग्यारह साल बाद 1994 में फूलन देवी ने जेल से रिहा होने के बाद राजनीत में कदम रख दिया 1996 में समाजवादी पार्टी की टिकट पर मिर्जापुर से सांसद बन गई दो साल बाद 1998 में हुए चुनाव मे हार गई वहीं फिर 1999 में हुए चुनाव में दूसरी बार सांसद चुनी गई लेकिन दुर्भाग्यवश ज्यादा दिनों तक कुर्सी का सुख नहीं मिल सका 25 जुलाई 2001 में दिल्ली में फूलन देवी को घर पर शेर सिंह राणा नाम के व्यक्ति ने गोली मार कर हत्या कर दी।

वादी राजाराम सिंह और गवाह जंटर की हो चुकी मौत

- बेहमई नरसंहार के गवाह व मुकदमे के वादी राजाराम सिंह की 13 दिसंबर 2020 को बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। राजाराम 40 सालों तक मुकदमे की पैरवी करते रहे। उनके पुत्र रामकेश सिंह उर्फ खिल्लन ने बताया कि नरसंहार कांड के बाद उनके पिता ने गांव के बाहर स्मारक स्थल बनवाया था। वहीं 14 फरवरी 1981 को बेहमई नरसंहार का मंजर देखने वाले घटना के चश्मदीद गवाह जंटर सिंह की भी 21 अक्तूबर 2021 को लंबी बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। बेहमई कांड की बरसी व आए फैसलने पर राजाराम व जंटर की कमी जरूर रही।

बुधवार को हत्याकांड के आरोपी जनपद जालौन के मलहान का पुर्वा थाना रामपुरा निवासी श्याम बाबू मल्लाह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। सजा की जानकारी मिलते ही बेहमई गांव में खुशी का माहौल छा गया। गांव के लोग स्मारक स्थल पर एकत्रित हुए और स्मारक स्थल पर रोशनी की। इसके बाद पीड़ित परिजनों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। गांव के बाबूजी सिंह, पूर्व प्रधान जयवीर सिंह, गांधी सिंह, देवेंद्र चंदेल, लल्लन सिंह, रामकेश सिंह, बादाम सिंह, तख्त सिंह मुन्नी देवी, गुटकन देवी, सुनीता देवी समेत सभी ग्रामीणों ने बेहमई गांव के बाहर बने स्मारक स्थल पर पहुचकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी जाहिर की।

फूलन देवी की गिरफ्तारी में पुलिस रही नाकाम

- बेहमई कांड में मुख्य आरोपी फूलन देवी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने जमीन आसमान एक कर दिया था लेकिन लगातार फूलन देवी के बदलते ठिकानों के चलते पुलिस उस तक कभी पहुंच नहीं सकी थी हालांकि इस दौरान पुलिस को कई डकैतों को मुठभेड़ में मार गिराने में सफलता मिली थी। बेहमई कांड के दो साल तक पुलिस फूलन देवी की सिर्फ तलाश ही करती रही इसी बीच 13 फरवरी 1983 को फूलन देवी ने अपने साथियों सहित मध्य प्रदेश के भिंड जिले में तत्कालीन मुख्यमंत्री के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

बरसी पर 'अपनों' को याद कर छलकते रहे आंसू

संवाददाता, राजपुर

- बेहमई गांव में बने स्मारक स्थल पर मृतकों दी गई श्रद्धांजलि
- मुकदमे के वादी और गवाह की याद में परिवार वाले रोये

अमृत विचारः बेहमई कांड की बरसी पर बुधवार को स्मारक स्थल पर श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान डकैतों की गोली का शिकार बने लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि के मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। लोगों ने हवन-पूजन कर दो मिनट का मौन रखा।

14 फरवरी 1981 को डकैत फूलन देवी ने गिरोह के साथ बेहमई गांव में लोगों को एक कतार में खड़ा कर गोलियों से छलनी कर दिया था, जिसमें 20 लोगों की मौत हुई थी, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। बेहमई कांड में मृतकों की याद में गांव किनारे स्मारक स्थल बनाया गया है, जहां हर साल बरसी पर लोग मृतकों को श्रद्धांजलि देते हैं। बुधवार को बेहमई कांड में मारे गए लोगों के परिजनों ने समेत अन्य लोगों ने स्मारक में पहुंचकर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

परिवार के लोगों ने रुंधे गले से बताया कि नरसंहार कांड में डकैत फूलन ने अपने साथियों के साथ 20 निर्दोष लोगों को एक कतार में खड़ा कर गोलियों से छलनी कर दिया था। पुलिस की लचर पैरवी व कानूनी दांव-पेंच के चलते इंसाफ में देरी हुई है। इस दौरान मुकदमे में वादी रहे दिवंगत राजाराम सिंह व घटना के चश्मदीद गवाह रहे दिवंगत जंटर सिंह को भी याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर समाजसेवी लालजी सिंह, पूर्व प्रधान जयवीर सिंह, शिवपाल सिंह, बादाम सिंह, अकबर सिंह, बेनी सिंह, राजेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

बेहमई गांव के स्मारक स्थल पर श्रद्धांजलि देते लोग। अमृत विचार

एक नजर

युवक को पीटकर घायल करने में रिपोर्ट दर्ज

रूरा। वीरपुर नकसिया निवासी मोहित ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार सुबह बाल कटवाने प्रेमा धाम गया था। बाल कटवाकर जैसे ही घर जाने के लिए वह बाइक पर सवार हुआ। तभी पहले से ही घात लगाए बैठे प्रशांत शुक्ला ने उसे लाठी-डंडों से पीट दिया। जिससे उसका बांया हाथ टूट गया। एसओ अजय पाठक ने बताया कि शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर घायल को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है।

छत से गिरकर किशोर घायल, हालत गंभीर

रसूलाबाद। कस्बा के सुभाष नगर में शिव स्वरूप का बेटा प्रतीक (10) बुधवार को घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था। तभी वह अचानक छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए परिजन सीएचसी ले गए। जहां ईएमओ डॉ. सौरभ शाक्य ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया।

जुझारू कार्यकर्ताओं को सम्मानित करेगी भाजपा

शिवली। कस्बे में भाजपा की बैठक हुई, जिसमें बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा पहुंचे। उन्होंने 26 फरवरी को जागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में मैथा ब्लॉक के जुझारू कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने की रूपरेखा तैयार की। यहां मनीष सैनी, विजय मिश्रा, मौजी अग्निहोत्री, अशोक बाजपेयी, राज किशोर तिवारी, प्रेमचंद्र आदि रहे।

सिगरेट न पिलाने के विवाद में हुई थी युवक की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचारः अमराहट थाना क्षेत्र में करीब छह दिन पहले युवक की हत्या सिगरेट न पिलाने के विवाद में हुई थी। इस मामले में पुलिस ने बाल अपचारी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक पत्थर, बाइक व अन्य सामान भी बरामद कर लिया है।

मूल रूप से औरैया जनपद के फफूंद थाना क्षेत्र के पाता गांव का रहने वाला इमरान (22) मौजूदा समय में सिकंदरा थाना क्षेत्र के खोजाफूल गांव में अपने मामा के यहां रहता था और सैलून की दुकान चलाता था। बीती 9 फरवरी की रात वह घर से जाने के बाद देर रात तक नहीं लौटा था। दूसरे दिन शनिवार को उसका शव यमुना कैनाल में पड़ा मिला था। पास में ही खून से सना पत्थर पड़ा था। सूचना पर एएसपी, सीओ, फॉरेंसिक टीम ने छानबीन कर साक्ष्य जुटाए थे। मामले में पुलिस ने मृतक के पिता मैनुद्दीन ने तहरीर देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पुलिस हिरासत में हत्यारोपी।

एएसपी राजेश पांडेय ने बताया कि बुधवार को अमराहट थाना प्रभारी जीतमल ने मुखबिर से जानकारी के आधार पर मामले के आरोपी विनय बाबू उर्फ चड्ढा निवासी ग्राम करियापुर थाना अमराहट व मनीष सिंह राजपूत निवासी ग्राम करियापुर थाना अमराहट जनपद और एक बाल अपचारी को घटना में प्रयुक्त एक पत्थर, एक चोरी की बाइक व मृतक के मूल आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस की पूछताछ में तीनों अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग खोजाफूल गांव में 9 फरवरी की शाम करीब साढ़े आठ बजे फौजी की परचून दुकान पर सिगरेट पीने के लिए आए थे। वहीं पर इमरान खड़ा था। इमरान की हत्या करने के बाद सभी गायब हो गए थे।

नशे में की थी वारदात

- उन्होंने इमरान से सिगरेट पिलाने के लिए कहा, लेकिन उसने पैसे न होने की बात कही। नशे में होने के कारण वे लोग इमरान को गालीगलौज करने लगे। बाद में उसे शराब पिलाने की बात कहकर बाइक से यमुना कैनाल नहर पंप के पास बनी पुलिया पर ले गए। वहां गालीगलौज पर विनय बाबू उर्फ चड्ढा ने पास में पड़े एक बडे.पत्थर से इमरान के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। तब बारी बारी से तीनों ने चेहरे पर पत्थर मार कर हत्या कर दी और उसके शव नहर में फेंक दिया। एएसपी ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

रसूलाबाद में अवैध टेंपो बस स्टैंड से खतरे में जान

अतिक्रमण के चलते रसूलाबाद में लगा जाम। अमृत विचार

संवाददाता, रसूलाबाद

- नगर पंचायत ने भी नोटिस देकर ठंडे बस्ते में डाला

अमृत विचार। मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बावजूद अवैध टेंपो, बस स्टैंड संचालन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है और धड़ल्ले से जारी हैं। जिसके चलते चालक वाहन को सड़क पर आड़ा-तिरछा खड़े कर मनमाने तरीके से सवारियां बैठाते हैं और हर रोज पूरे दिन जाम के हालात बनते हैं।

कस्बे के कानपुर, बिल्हौर, बेला व झींझक मार्ग पर बस और टेंपो के अवैध स्टैंड महीनों से बने हुए हैं। जहां पर वाहनों को आड़ा-तिरछा खड़ा कर संचालक सवारियां बैठाते हैं। इसकी वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। साथ ही सड़क पर अक्सर जाम की स्थित बनती है। कस्बे में दुकानों के बाहर सड़क किनारे वाहनों की अवैध पार्किंग दिखाई देती है। फुटपाथ पर वाहनों की अवैध पार्किंग के कारण राहगीर सड़क दुर्घटनाओ का शिकार भी होते हैं। जबकि फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों को नगर पंचायत ने पूर्व में नोटिस देकर हटाने को कहा था। लेकिन हालात जस के तस रहे और नगर पंचायत ने भी कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी। पूर्व में रसूलाबाद कस्बे में अवैध पार्किंग के कारण कोचिंग पढ़ने जा रही छात्रा की सड़क दुर्घटना में मौत भी हो गई थी।

बैठक जिलाधिकारी ने कर एवं करेत्तर के साथ राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में दिखाए सख्त तेवर

लापरवाही बरतने पर झींझक मंडी सचिव का रोका गया वेतन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। डीएम की अध्यक्षता में कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। इस दौरान व्यापार कर, परिवहन, विद्युत, जीएसटी, खनन, राजस्व विभाग के साथ, स्टांप सिंचाई, मंडी आदि को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

बुधवार को समीक्षा के दौरान जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई। उन विभागों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम आलोक सिंह ने लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग लक्ष्य की प्राप्ति हर हाल में करें। तहसील स्तर पर समन्वय स्थापित कर कार्य योजना तैयार करते हुए वसूली में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान एसडीएम डेरापुर ने बताया कि झींझक मंडी सचिव अपने कार्यों का संपादन सफलतापूर्वक नहीं कर रहे हैं। डीएम ने सचिव मंडी का वेतन रोकने के साथ विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तहसीलवार भू-राजस्व वसूली की प्रगति जांचकर कार्य में तेजी लाते हुए प्रतिदिन वसूली की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

बाजार में उमड़े खरीदार। अमृत विचार

फुटपाथ पर लगी दुकानें। अमृत विचार

मालरोड रोड की लाइफ लाइन का ई-रिक्शा ने निकाला दम

पटकापुर से हास्पिटल रोड तक ई-रिक्शा की अराजकता, वर्षों से 10 फीट चौड़े फुटपाथ पर बसा है किताब मार्केट,कार्रवाई नहीं

बेजार बाजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मालरोड के समानांतर फूलबाग से हास्पिटल रोड, यतीमखाना, बजरिया जाने वाली रोड ई-रिक्शा चालकों की अराजकता के कारण दम तोड़ रही है। पटकापुर, शिवाला, चौक चौराहा होते हुए गुजरने वाली इस रोड को मालरोड की लाइफ लाइन के नाम से भी जाना जाता है। लेकिन अतिक्रमण व भीषण अराजकता के कारण यह 'लाइफ लाइन' अंतिम सांसें गिनने को मजबूर है।

परेड चौराहे से बड़ा चौराहा तक मेट्रो के निर्माण कार्य के कारण फूलबाग से मोतीझील, स्वरूप नगर, कल्याणपुर, रावतपुर जाने वाले वाले वाहन सवार पटकापुर, शिवाला, अस्पताल रोड, बजरिया होते हुए गुजरते हैं। मालरोड के समानांतर यह सड़क मालरोड की लाइफ लाइन बोली जाती है। मेट्रो निर्माण के चलते इस मार्ग पर रोजाना करीब एक लाख से अधिक वाहनों का ट्रैफिक लोड है, लेकिन प्रत्येक 10 मिनट में जाम लगता है। ~~जाम का प्रमुख कारण ई-रिक्शा व~~ आधी सड़क तक कब्जे हैं। परेड स्थित दयाराम स्वीट हाउस से हास्पिटल रोड जाने के लिए सबसे पहली चुनौती है ई-रिक्शा चालकों की अराजकता। दयाराम स्वीट हाउस के पास दिन भर आड़े-तिरछे ई-रिक्शा खड़े रहते हैं। 40 फीट चौड़ी इस सड़क के दोनों ओर करीब 10-10 फीट चौड़े फुटपाथ हैं जो किताब मार्केट के कारण गुम हो चुके हैं।

हास्पिटल रोड पर जाम के निस्तारण के लिए करीब 35 वर्ष पहले साइकिल मार्केट स्थानांतरित कराकर 10 से 12 फिट का फुटपाथ खाली कराया गया था। लेकिन वर्तमान समय में फुटपाथ तो दूर आधी रोड तक वाहन खड़े किए जाते हैं, जिससे लोगों को जाम से जूझना पड़ता है।

सड़क पर खड़े वाहन। अमृत विचार

- मेट्रो कार्य के चलते पूरा ट्रैफिक लोड मार्ग पर आया

40 फीट चौड़ी रोड पर गुम हो गया है फुटपाथ

10 मिनट के अंतराल पर जाम लगता है

बीच सड़क बनी चौबेगोला चौकी

किताब मार्केट से चंद कदम की दूरी पर मूलगंज थानाक्षेत्र की चौबेगोला चौकी सड़क के बीचों-बीच बना दी गई है। जिस कारण सड़क संकरी हो गई है। लोगों ने बताया कि इसके कारण भी जाम लगता है।

शिवाला में कब्जेदारों का जलवा

शिवाला बाजार में एक ओर से वनवे करने के बाद भी ई-रिक्शा, बाइक सवार बेधड़क होकर बाजार में दिन भर दौड़ा करते हैं। मात्र 20 फिट चौड़ी सड़क पर करीब दो से ढाई सौ से अधिक दुकानें हैं। बेपरवाह दुकानदार पूरे फुटपाथ पर दुकानें सजाए हुए हैं। अतिक्रमण के कारण लोगों का बाजार में पैदल निकलना मुश्किल है।

..... क्या बोले व्यापारी .....

शिवाला बाजार के फुटपाथ पर दुकानदारों का वर्षों से कब्जा है। कई बार प्रशासन ने कब्जे हटवाए भी, लेकिन समस्या जस की तस है। वन वे होने के बावजूद ई-रिक्शा व वाहनों की बाजार में धमाचौकड़ी लगी रहती है। जिस कारण ग्राहकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

– संजय शाह

महिलाओं की प्रमुख बाजारों में शुमार शिवाला बाजार में महिलाओं की सुविधाओं का टोटा है। एक यूरिनल बाजार से काफी दूर शिवाला पटकापुर रोड पर तो दूसरा कोतवाली के पास है। बाजार में यूरिनल की व्यवस्था न होने से महिलाओं को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है।

– आसिफ

शिवाला से पटकापुर की ओर जाने वाली रोड पर आधी सड़क तक चबूतरे निकले हुए है। फुटपाथ लोगों ने कब्जा कर रखे हैं। अतिक्रमण के कारण पटकापुर में सड़क 15 फिट तक ही बचती है। स्कूलों की छुट्टी होते ही दोनों ओर से आने वाले वाहन फंस कर रह जाते हैं।

– इमरान

शिवाला मार्केट पर वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगाई जानी चाहिए। मार्केट में आने जाने वाले रास्तों पर बेरीकेडिंग की जानी चाहिए। हास्पिटल रोड पर आधी सड़क तक खड़े वाहनों के खिलाफ सख्ती से अभियान चलाया जाए, जिससे लोगों को जाम से न जूझना पड़े।

– सचिन

आधी सड़क तक वाहन खड़े करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। अभियान चलाया जाएगा, सड़क पर खड़े वाहनों का चालान किया जाएगा। दोबारा सड़क पर वाहन मिलने पर सीज किए जाएंगें। किताब मार्केट से पटकापुर तक निरीक्षण कर वैकल्पिक समाधान तलाशा जाएगा।

सृष्टि सिंह, एसीपी ट्रैफिक

..... व्यापारियों के सुझाव .....

- बाजार में यूरिनल की व्यवस्था की जाए, खराब पड़े यूरिनल की मरम्मत की जाए।
- शिवाला बाजार में वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए।
- शिवाला में ग्राहकों व दुकानदारों के लिए पेयजल की समस्या है, जिसका निदान कराया जाए।
- पटकापुर से परेड तक अतिक्रमण अभियान चलाया जाए, दोबारा मिलने पर जुर्माना किया जाए।

राज्य स्तर पर खेलकूद में हुनर दिखाएंगे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- 15 से 17 फरवरी के बीच लखनऊ में होगी तीन दिवसीय प्रतियोगिता

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 17 फरवरी तक किया जाएगा। राजधानी के स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) कानपुर रोड में होने वाली तीन दिवसीय प्रतियोगिता में लगभग पांच हजार छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। शुरुआत 15 फरवरी को होगी।

प्रतियोगिता में वॉलीबाल, फुटबॉल, क्रिकेट, योग, रस्साकसी, एथलेटिक्स, दौड़, रस्सीकूद, भाला फेंक, कबड्डी आदि खेलों का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में मंडल स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पाने वालीं टीमें/बच्चे ही शामिल होंगे। प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर (छह से 11 साल) और जूनियर स्तर (11 से 14 साल) के बच्चे शामिल होंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों के साथ-साथ इसके प्रतिभागियों की सूची भी फाइनल करने के निर्देश दिए हैं। प्रतियोगिता को लेकर तैयारी की जा रही है।

हर क्षेत्र में दक्षता दिखा रहीं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार: महिलाएं आज विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल के बल पर समाज व देश का नाम रोशन कर रही हैं तथा आर्थिक प्रक्रिया में अपना योगदान दे रही हैं। यह बात बुधवार को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत सम्मान समारोह में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने माती ईको पार्क में कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार महिलाओं के समग्र विकास के लिए विभिन्न प्रयास निरंतर कर रही है। इसी क्रम में सरकार द्वारा महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में उनकी भूमिका बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया गया है। जनपद में भी विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। राज्यमंत्री ने सीडीओ लक्ष्मी एन., बीएसए रिद्धी पांडेय, सीओ तनु उपाध्याय, सीएमएस महिला जिला चिकित्सालय डॉ. वंदना सिंह, महिला वकील, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, बीसी सखी, समाजसेवी, आदि को प्रमाण पत्र व शाल देकर सम्मानित किया गया।

सीडीओ लक्ष्मीं एन को सम्मान पत्र देती राज्यमंत्री। अमृत विचार

- नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत महिलाओं का सम्मान किया गया

वसंत पंचमी पर बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

कानपुर देहात। प्यारे बच्चों आपको उच्च शिक्षा पाना है और अपने देश का नाम आगे बढ़ाना है। उक्त बात सरस्वती शारदा विद्या मंदिर झींझक की प्रधानाचार्य अर्चना ने बच्चों को बसंत पंचमी पर शिक्षण सामग्री वितरित करते हुए कही। राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक नवीन कुमार दीक्षित ने कहा कि जो देश शिक्षित होते हैं। वह टेक्नोलॉजी से बने अच्छे जहाज, टैंक, कंप्यूटर, मिसाइल बनाकर अपने पास रख लेते हैं और पुरानी तकनीकी से बने सामान अविकसित देशों को बेंच कर अपना उल्लू सीधा करके अपने ऊपर निर्भर कर लेते हैं। इस मौके पर महक, दिव्यांशी, खुशबू रहीं।

सार-संक्षेप

सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।

यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष बने अनीश राजा

सिकंदरा। समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा द्वारा मनोज यादव को यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष कानपुर देहात पर नियुक्त किया गया है। जानकारी पर पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कस्बा सिकंदरा के शास्त्री नगर में यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष के पहुंचने पर काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता पहुंच गए और फूल-माला पहनकर स्वागत किया। इसके बाद एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जताई खुशी। यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है। उसपर पूरी जिम्मेदारी के साथ सभी को मेहनत करनी है। इस दौरान अनवार खान मुन्ना, राशिद खान, जावेद खान, आजम शेख, अनीस सिद्दीकी, रवि शेख, सोनू सविता, चाहत सविता, छोटू विश्नोई, अंकित कटियार, जावेद कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

वसंत पंचमीं पर यज्ञ करते शिक्षक व छात्राएं।

वसंत पंचमी पर यज्ञ कर डाली आहुति

रूरा। शिवा जी शिक्षा निकेतन में वसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा कर अध्यापकों व छात्रों ने यज्ञ कुंड में आहुतियां डाली। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या विनय यादव ने कहा कि आज के दिन ऋतुराज बसंत का आगमन माना जाता है और वसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा कहा जाता है। इस दिन सभी लोग पीले रंग के वस्त्र धारण करते हैं। कार्यक्रम में शिवबाबू, राजा सिंह, अरविंद शर्मा, अमित राठौर, सोनू, कीर्ति, अभिषेक भदौरिया आदि लोग मौजूद रहे।

बीईओ को चांदी का मुकुट पहनाते शिक्षक।

बीईओ के स्थानांतरण पर विदाई समारोह

कानपुर देहात। झींझक ब्लाक में तैनात रही खंड शिक्षा अधिकारी प्रियंका बी चौधरी का स्थानांतरण मलासा विकासखंड में होने पर शिक्षकों ने चांदी का मुकुट पहनाकर भावभीनी विदाई दी। बीईओ ने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कर्तव्यों के प्रति सचेत करते हुए विभाग को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही वर्तमान बीईओ झींझक शैलेश कुमार द्विवेदी व बीईओ डेरापुर चंद्रजीत सिंह को भी स्मृति चिंह व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह का संचालन आदित्य कुमार गौतम व बलराम संखवार ने किया। इस मौके पर विजय माथुर मंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ झींझक, अवधेश दिवाकर, विनीत द्विवेदी, प्रवेश कुमार, प्रेमबाबू संखवार, प्रमेंद्र त्रिपाठी, अश्विनी संखवार, सर्वेश शुक्ला, आकांक्षा तिवारी, आनंद मिश्र समेत शिक्षक उपस्थित रहे।

किशोर को पीटने में केस दर्ज

मूसानगर। थाना क्षेत्र के लवरसी गांव निवासी शिव देवी की पत्नी विष्णु दयाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके सोलह वर्षीय पुत्र अंकित मंगलवार को क्रिकेट खेल रहा था। तभी गेंद तालाब में गिर जाने के कारण गांव के ही राज ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जिससे अंकित को चोट आई है। थाना प्रभारी अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर किशोर को इलाज के लिए भेजा गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित के परिजनों ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है।

नाली न होने से सड़क पर हो रहा जलभराव

संवाददाता, मूसानगर

- पथार ग्राम के लोगों ने प्रशासन से समस्या निस्तारण की उठाई मांग

अमृत विचार: पथार गांव में सड़क किनारे नाली निर्माण न कराए जाने के कारण जलभराव हो रहा है। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क पर गड्ढे व कीचड़ से गंदगी जमा हो रही है। साथ ही सड़क भी उखड़नी शुरू हो गई है। गांव के लोगों ने समस्या निस्तारण के लिए प्रशासन से मांग की है।

पथार गांव निवासी वीरेंद्र कुमार निषाद, घसीटे लाल, भागेलाल, छोटे, राम सजीवन आदि ने बताया कि करीब तीन माह पूर्व लोक निर्माण विभाग की ओर से सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन ग्राम पंचायत की ओर से दोनों किनारों पर नाली निर्माण नहीं किया गया।

निपुण लक्ष्य की हकीकत जानेगी टीम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- जिले में दो-दो विद्यालयों व ब्लॉक संसाधन केंद्रों की जांच करेगी टास्क फोर्स

अमृत विचार: निपुण भारत अभियान की जांच के लिए दो-दो सदस्यीय टास्क फोर्स गठित की गई है। मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र (डायट) के प्राचार्यों को इसमें शामिल किया गया है।

कक्षा एक से तीन तक के विद्यार्थियों को गणित व भाषा में निपुण बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हर तीन महीने पर विद्यार्थियों का टेस्ट भी लिया जा रहा है। परिषदीय स्कूलों में स्थिति का मौके पर जायजा लेने टीमें जाएंगी। वहीं हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम भी शुरू होगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि टीमें जिले में दो-दो विद्यालयों व ब्लॉक संसाधन केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक करेंगी और जिले में इसके लिए शिक्षकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण की भी जानकारी लेंगी।

टीम जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से भी मुलाकात करेगी और समय-समय पर उनके द्वारा किए गए पर्यवेक्षण की भी रिपोर्ट लेगी। जनपद में 19 फरवरी को जांच टीम आएगी।

इसमें बच्चों की परफार्मेंस, क्लासरूम की स्थिति, शैक्षणिक सामग्री की आपूर्ति देखी जाएगी। एआरपी दस निपुण विद्यालय व शिक्षक संकुल के विद्यालय को निपुण बनाने की स्थिति की समीक्षा करेंगे।

सियासत जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को पार्टी मजबूत करने पर दिया जोर

विपक्षी दलों के नेता भाजपा में हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार: सपा, बसपा व कांग्रेस के पांच सैकड़ा से अधिक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। सभी से पार्टी को मजबूत करने पर जोर देने के लिए कहा गया।

बुधवार को माती भाजपा पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला की अध्यक्षता में लोकसभा संयोजक राजेश तिवारी व रनियां विधानसभा संयोजक डॉक्टर सतीश शुक्ला ने विभिन्न दलों से आए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सदस्यता दिलाई। मैथा मंडल से राघवेंद्र प्रताप सिंह लकी, जिला पंचायत सदस्य पवन अग्निहोत्री, आशीष गौड़, धीरज यादव, राम, सुरेश, विवेक अवस्थी आदि ने सदस्यता ग्रहण की। रूरा मंडल से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्याम बिहारी शुक्ला ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली।

अकबरपुर मंडल से सभासद रामपाल नायक, हरमोहन सिंह यादव, कश्मीर यादव ने सैकड़ों सदस्यों के साथ, रनिया मंडल से समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सुनील गुप्ता साजन, सभासद प्रमीत तिवारी, शीलू मिश्रा, सचिन शर्मा, शैलेंद्र तिवारी, अभिषेक सिंह, शिवेंद्र यादव, अखंड प्रताप सिंह, हरमोहन यादव ने समर्थकों के साथ सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास करने वाली पार्टी है। मोदी एवं योगी की सरकार सभी वर्गों का ध्यान रखकर समान रूप से विकास कर रही है। विधानसभा के संयोजक डॉक्टर सतीश शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृंण हुई है। पहले गुंडा माफिया और बाहुबलियों की सरकार थी। आज योगी सरकार में अपराधी थर-थर कांप रहे हैं। इस मौके पर सौरभ मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा, शिव विलास मिश्रा, सुनील शर्मा, पवन राजपूत, दिनेश पालीवाल, बंगाली बाबू, योगराज राजपूत, आसकरण संखवार रहे।

भाजपा की सदस्यता लेने के बाद जिलाध्यक्ष के साथ पदाधिकारी। अमृत विचार

पूर्व एसओजी प्रभारी की तरफ से जिरह पूरी

बलवंत हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- अदालत ने अब सुनवाई के लिए 16 फरवरी की मुकर्रर की तारीख

अमृत विचार। चर्चित बलवंत हत्याकांड में मृतक के चाचा बलबीर सिंह से आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम की तरफ से जिरह पूरी कर ली गई है। जबकि आरोपी तत्कालीन आरक्षी शोनू यादव व प्रशांत कुमार पांडेय की तरफ से पिछली तिथि में जिरह पूर्ण की जा चुकी है। वहीं आरोपी तत्कालीन चौकी इंचार्ज ज्ञान प्रकाश पांडेय की तरफ से आंशिक जिरह की गई है। यह जानकारी वादी पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने दी है।

उन्होंने बताया कि जिरह में भी साक्षी बलबीर सिंह ने घटना में जेल में निरुद्ध तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह, तत्कालीन एसओजी प्रभारी, तत्कालीन मैथा चौकी प्रभारी सहित आठो आरोपियों व तत्कालीन रनियां थाना प्रभारी को बलवंत सिंह की हत्या करने में शामिल बताया है। न्यायालय ने शेष जिरह के लिए 16 फरवरी की तिथि नियत करने के आदेश पारित किए हैं। अधिवक्ता जितेंद्र चौहान ने बताया कि मामले में वादी अंगद सिंह के बयान हो चुके हैं।

नलकूप में किसान को गला रेतकर मार डाला

खेत पर सोते समय बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। खेत में बने नलकूप में किसान की सोते समय मंगलवार की रात बदमाशों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। सुबह जब परिवार के लोग नलकूप पहुंचे तो खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को सूचना दी। किसान की हत्या की जानकारी पर लोगों भीड़ जुट गई। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

हरिश्चन्द्र।

घटनास्थल पर ग्रामीणों की जुटी भीड़। अमृत विचार

जहानाबाद थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव के रहने वाले हरिश्चंद्र (40) पुत्र सुखदेव निषाद गांव में खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि मंगलवार की रात घर से खाना खाकर रोज की तरह खैराबाद स्थित अपने खेत में बने नलकूप पर सोने चला गया।

- सुबह परिजन नलकूप पहुंचे तो मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

बुधवार सुबह देर तक उसके घर नहीं लौटने पर बारिश के दौरान परिवार के लोग जब करीब दस बजे के आसपास खेत पहुंचे तो खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को सूचना दी। जानकारी पर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह फोरेंसिक टीम के साथ दोपहर करीब डेढ़ बजे मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि नलकूप पर एक किसान की बदमाशों ने हत्या कर दी है। मौके पर जांच पड़ताल की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। मृतक के परिवार में पत्नी और बच्चे हैं जो गांव में नहीं रहते है।

गेंद निकालते समय पानी से भरे गड्ढे में गिरा बालक, मौत

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। गेंद निकालने के चक्कर में बालक पानी से भरे गड्ढे में गिर गया, पानी में डूबने से बालक की मौत हो गई। ग्रामीणों शव को बाहर निकाला। हादसे से परिजनों का हाल बेहाल हो गया। परिवार में बालक इकलौता था।

धाता थाना क्षेत्र के सरवनपुर नेदौरा गांव निवासी हर्ष उर्फ डुग्गू (8) पुत्र स्व. हरिश्चंद्र गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा दो का छात्र था। घर से गेंद लेकर खेलने निकला था। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। घर से कुछ दूर मिट्टी पुराई के लिए खोदी जमीन पर पानी भरा गहरा गड्ढा था, ग्रामीणों ने गड्ढे में हर्ष की चप्पल उतराती देखी। इस पर उसकी गड्ढे में खोजबीन शुरू की तो उसका शव मिला। परिजनों ने कयास लगाया कि उसकी गेंद खेलते समय गड्ढे में चली गई होगी।

मां का रो-रोकर बुरा हाल : घटना से मां बीना बेहाल हो गई। हर्ष के पिता की कैंसर से मौत हो चुकी है। एक पांच साल की बहन है हर्ष परिवार में इकलौता पुत्र था, उसकी मौत होने से मां का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष वृंदावन राय ने बताया कि सूचना आने पर शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

- मामला धाता थाना क्षेत्र के सरवनपुर नेदौरा गांव का

युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ख्वाजीपुर सेमरइया गांव निवासी सुरेन्द्र पुत्र गंगाराम गोस्वामी गांव में खेती किसानी करता था। परिजनों ने बताया कि पिछले कुछ समय से घर में किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। जिससे सुरेन्द्र परेशान चल रहा था। मंगलवार की शाम किसी बात को लेकर घर में फिर से विवाद हुआ। जिसके बाद वह बाइक लेकर घर से निकल गया। वहीं कुछ लोगों ने रसूलाबाद रेलवे स्टेशन के पास सुनसान एक स्थान पर एक बाइक खड़ी देखी तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास तलाश की तो करीब आधा किमी दूर एक शव क्षतविक्षत हालत में मिला। युवक की पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

आज से पात्र कार्ड धारकों को मिलेगा निशुल्क अनाज

फतेहपुर। अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को निशुल्क खाद्यान्न का वितरण 15 फरवरी से 28 फरवरी के माध्य किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बुधवार को कोटेदारों को पारदर्शिता के साथ अनाज वितरण के निर्देश दिए हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि सभी अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति कार्ड 9 किग्रा गेहूं व 21 किग्रा चावल तथा 5 किग्रा बाजरा समेत कुल 35 किग्रा खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 1 किग्रा गेहूं व 3 किग्रा चावल तथा 1 किग्रा बाजरा सहित कुल 5 किग्रा खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। बताया कि निर्धारित तिथि में आधार ऑथेन्टिक के माध्यम से खाद्यान्न न प्राप्त करने वाले कार्डधारकों को 28 फरवरी को मोबाइल ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न दिया जाए। साथ ही उचित दर की दुकानों पर अन्दर तथा बाहर उक्त सूचना का प्रदर्शन कम से कम 3 स्थानों पर किये जाने सम्बन्धी एवं वन नेशन वन राशनकार्ड योजनान्तर्गत लाभार्थियों को पोर्टेबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न निःशुल्क वितरित कराएं।

नाली निकालने पर हुआ विवाद, तीन घायल

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। नाली निकालने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान मारपीट का किसी ग्रामीण ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरन कर दिया। वीडियो के आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

सोशल मीडिया में बुधवार को दो पक्ष के बीच मारपीट का वीडियो वायरल हुआ। जिसमें जमकर लाठी डंडे से एक दूसरे पर हमला कर मारपीट की जा रही है। मारपीट के दौरान दोनों ओर से महिला और पुरुष हाथ में लाठी डंडे ईंट से एक दूसरे पर वार करते दिख रहे हैं। मारपीट के वायरल वीडियो को लेकर जब जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि वीडियो बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के धोबिन का बलुवापुर गांव का है। गांव के रहने वाले नीरज कुमार यादव के घर के सामने सहन की जमीन से पड़ोसी मान सिंह यादव पाइप लाइन डालकर नाली का पानी निकालने के लिए रास्ता बना रहे थे। जिसको लेकर दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि सहन की जमीन से नाली का पानी निकालने को लेकर सोमवार की शाम मानसिंह ने अपने पुत्र सौरभ व पंकज के साथ मिलकर पड़ोसी नीरज यादव, उसकी मां शारदा देवी, पत्नी पिंकी देवी को लाठी डंडे से पीटा। नीरज की तहरीर पर मान सिंह और उसके दोनों पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

वीडियो वायरल

मारपीट के दौरान लाठी लेकर दौड़ता व्यक्ति। अमृत विचार

रकम वापस मांगने पर झूठा मुकदमे का आरोप

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। पति पर समलैंगिकता और दहेज़ प्रथा का आरोप लगाकर ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाने के मामले में दूसरा पक्ष भी सामने आया हैं। पति ने पत्नी के आरोपों को फर्जी व निराधार बताया हैं। मामले की शिकायत भी एसपी से की गई हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के शकुन नगर निवासी सुरेंद्र जायसवाल ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पुत्र मनीष की शादी खागा निवासी एक युवती से की थी। शादी के बाद उनके समधी ओमकार नाथ ने मनीष को बैट्री का व्यापार कराने के लिए दबाव बनाया। उन्होंने उनके खाते में 30 लाख रुपया व्यापार के लिए ट्रांसफर किया। रकम से समधी ने खुद व्यापार खोल लिया। काफी समय बीत जाने के बाद भी उन्हें न तो बैट्री की डीलरशिप मिली और न ही रकम वापस की गई। रकम के लिए दबाव बनाया तो समधी ने 5 मई 2022 को पांच लाख रुपए वापस कर दिए। शेष रकम दो माह में वापस करने का वादा किया। 11 जनवरी 2024 को अपनी शेष रकम वापस मांगी तो समधी ने 16 जनवरी को अपने कुछ साथियों के साथ घर में आकर गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। दोबारा रकम मांगने पर परिवार को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पुलिस से शिकायत करने पर समधी ने 3 लाख रुपए 29 जनवरी को और शेष रकम फरवरी में वापस करने का सुलहनामा दिया। लेकिन समधी ने रकम वापस नहीं की। बल्कि बहु ने झूठे आरोप लगाकर बेटे और परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। मामले की शिकायत पीड़ित ने एसपी से की है।

- एसपी से की शिकायत, पति पर लगाया था समलैंगिकता व दहेज प्रथा का आरोप

काव्य समारोह में जुटे क्षेत्र के कवि। अमृत विचार

सच कहना तू सीख ले, सच सहना...

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। बसंत पंचमी के मौके पर साहित्य विकास समिति के बैनर तले बिंदकी नगर के महरहा रोड में काव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाएं सुनाकर मौजूद श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्तवी पर माल्यार्पण के साथ हुई। उसके बाद आकांक्षा द्विवेदी ने मां शारदे की वंदना की। कार्यक्रम की अध्याक्षता उमाशंकर ओमर ने की। मुख्य अतिथि लोकनाथ पाण्डेय थे। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेन्द्र प्रकाश ने किया। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों सूरजबली विश्वकर्मा, संजय मिश्रा, धर्मेन्द्र आर्य, रामबली यादव, सुरेश अवस्थी, सुरेन्द्र गुप्ता, राजकुमार सोनी ने कवियों का स्वागत किया। गौरव सिंह ने पढ़ा कि सच कहना तू सीख ले, सच कहना भी सीख। सच बिन पंथ कुपंथ में, अंतर पड़े न दीख। आकांक्षा द्विवेदी ने पढ़ा नवराग श्रृंगार हौले से अधर मुस्कान मंद, पीत वर्ण तुहिन कण में फिर से नई जान संग। ज्ञानेन्द्र प्रकाश ने पास कोई गम हुआ है, रज्जन लाल श्रीवास्ताव, उमाशंकर ओमर, राजकुमार गुप्त, सुनील पुरी, मृत्युंजय पाण्डेय, हयातउल्ला नजमी, सईदा खान, राहुल कश्यप, आकाश अमर शास्त्री, अरूण द्विवेदी, राजेश बाजपेई समेत अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाएं सुनाईं।

- बसंत पंचमी पर आयोजित हुआ काव्य समारोह

नन्हे कदम लर्निंग स्कूल का किया शुभारंभ

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के रामनगर कालोनी अहमदगंज पर स्थित नन्हे कदम लर्निंग स्कूल सीबीएसई एफिलिएटिड क्लास पीजी से पांच तक स्कूल का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने फीता काटकर किया।

स्कूल की संचालक निशि रस्तोगी ने बताया कि स्कूल में एडमिशन फीस निशुल्क रहेगी। स्कूल का वातावरण स्वच्छ और साफ सुथरा बनाया गया है। छोटे बच्चों के लिए स्कूल की दीवारें कलरफुल और शुद्ध वातावरण के साथ सजाया गया है। नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए डांस म्यूजिक आर्ट आर्ट एंड क्राफ्ट ड्रामा भी सिखाए जाएंगे। बच्चों की बैठने की उत्तम व्यवस्था की गई है। योग टीचरों द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाएगा। स्कूल की प्रधानाचार्य नैंसी रस्तोगी, उप प्रधानाचार्य आयुषी रस्तोगी, सलाहकार जानवी रस्तोगी, स्कूल के प्रबंधक नवीन रस्तोगी, स्तुति रस्तोगी, पायल रस्तोगी, रचना रस्तोगी, काजल मौर्य, गोल्डी रस्तोगी, राजा राजू रस्तोगी रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया स्कूल का उद्घाटन। अमृत विचार

गुटखा मांगने पर दुकानदार ने ग्राहक को पीटा

गाजीपुर। गुटखा मांगने पर दुकानदार द्वारा ग्राहक को पीटने का मामला सामने आया है। घायल ग्राहक की तहरीर पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर की।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के मानीखेड़ा निवासी रविकरन बुधवार सुबह गांव के ही राजाराम की पान मसाले की दुकान पर गया। दुकानदार पहले से ही किसी बात को लेकर रविकरन को गुटखा देने के बजाय गाली गलौज करने लगा। गाली देने का विरोध करने पर रविकरन को बगल में रखे डंडे से पीटने लगा।

मारपीट होते देख दुकानदार का भाई भी मारपीट करने लगा। जिससे रविकरन गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे घर पहुंचाया। जहां बाद में थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए सीएचसी गाजीपुर पहुंचाया है।

सुरक्षा के बीच रखे गए प्रश्नपत्र

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। 22 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हाईस्कूल की परीक्षा को ओएमआर सीट एवं प्रश्नपत्र मुख्यालय को प्राप्त हो चुके हैं। उत्तर पुस्तिकाएं पहले ही पहुंच चुकी हैं अभी और डिमांड भेजी गई है।

जिले के 115 परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा होंगी। परीक्षाओं को लेकर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाएं दो खेपों में पहले ही पहुंच चुकी हैं। हाईस्कूल की परीक्षा ओएमआर शीट पर भी कराई जाती है इसके लिए बुधवार को बोर्ड से ओएमआर सीट एवं प्रश्नपत्र भेजे गए हैं। हाईस्कूल की परीक्षा में प्रत्येक विषय में 20 अंकों के वहुबिल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। जिनके जवाब ओएमआर सीट पर परीक्षार्थियों को देने होंगे। परीक्षार्थियों को ओएमआर सीट बेहद सावधानी के साथ भरनी होगी। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि प्रश्नपत्रों को कड़ी निगरानी में स्ट्रांग रूम में रखाया गया है। जहां 24 घंटे पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

डीआईओएस कार्यालय में आए प्रश्नपत्र के बंडल। अमृत विचार

- यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप
- 24 घंटे सीसीटीवी एवं पुलिस की निगरानी में रहेंगे प्रश्नपत्र

हवा-हवाई साबित हो रहा वादा, ग्रामीण मायूस

संवाददाता, औंग फतेहपुर

अमृत विचार। कस्बे स्थित ग्राम पंचायत में लगी चौपाल में करीब पांच सौ ग्रामीणों की उपस्थिति में सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कस्बे के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को क्रमोन्नत करने की घोषणा की थी। जिस पर अभी कोई सर्वे या कोई कार्रवाई जमीनी स्तर पर देखने को नहीं मिली। इसके अतिरिक्त औंग सकूरा मार्ग पर शेष आठ सौ मीटर पक्का नाला भी बनाए जाने की बात कही थी। वादा किए एक माह पूरा हो गया लेकिन अभी तक इस पर कोई काम शुरू नहीं होने से लोग मायूस हैं। चूंकि चुनावी अधिसूचना जारी होने का समय आ गया है लेकिन किए गए वादों पर अभी तक कोई कार्रवाई के संकेत नहीं मिले हैं। इसीलिए ग्रामीणों को वादे पूरे होने में संदेह की स्थिति नजर आ रही है। ज्ञात हो कि ये दोनों मांगें ग्राम प्रधान की तरफ से पूर्व प्रधान तथा समाजसेवी राजेश शुक्ला ने चौपाल के दौरान रखी थी। जिसमें बताया था कि सकूरा मार्ग में करीब दो सौ मीटर पक्का नाला का निर्माण कराया जा चुका है।

युवाओं में उत्साह, बिके गुलाब के फूल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। एक सप्ताह से मनाया जा रहे वेलेंटाइन सप्ताह के तहत बुधवार को वेलेंटाइन डे मनाया गया। सुबह से ही युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। फूलों की दुकानों से प्रेम का प्रतीक गुलाब का फूल लेकर अपने दोस्त को देकर प्यार का इजहार किया। दूसरी तरफ बजरंग दल के कार्यकर्ता पार्कों में सक्रिय रहे और घूम रहे लड़के लड़कियों को चेतावनी दी।

हरदम दोस्ती निभाने के वादे के साथ यह वीक अगले साल के लिए विदा हो गया। कई जगह बुजुर्ग भी इसे सेलीब्रेट करते नजर आए। शहर के पॉर्क, मॉल्स, सार्वजनिक स्थानों पर रौनक रही। होटल-रेस्टोरेंट में दोस्तों ने वक्त दिया। दिनभर हैप्पी वेलेटाइन-डे की गूंज रही। बुधवार को कहीं ग्रीटिंग्स की अदला-बदली हुई तो कहीं एक-दूसरे को गिफ्ट देकर विश किया गया। कोई रेस्टोरेंट-होटल में मिला तो कोई पॉर्क-मॉल, बाजार में। यहां चाऊमीन, बर्गर, पेटीज, कॉफी, आइस्क्रीम का लुत्फ लिया गया। मंचूरियन, डोसा, इडली, चॉकलेट के साथ वेलेंटाइन-डे सेलीब्रेट किया गया। ग्रीटिंग्स कार्ड, टेडी वियर, मोबाइल, चॉकलेट्स गिफ्ट दिए। वेलेंटाइन-डे को लेकर गिफ्ट की दुकानों पर दोस्तों ने अपने अजीजों के लिए गिफ्ट खरीदे। वहीं प्रशासन भी आसपास क्षेत्रों में अलर्ट रहा।

बुधवार को चौराहों में सजी रही फूल की दुकानें। अमृत विचार

दिशा- निर्देश | पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर दिन भर प्रशासनिक अधिकारियों ने की तैयारियां

दो घंटे पूर्व अभ्यर्थियों को केन्द्र में प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। परीक्षा को पूरी तरह से शुचितापूर्ण एवं नकल विहीन कराने के लिए डीएम एवं एसपी ने सम्बंधित अधिकारियों एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को दिशा निर्देश दिए हैं।

जिले में 17 फरवरी एवं 18 फरवरी को होने वाली परीक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी इंदुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के संयुक्त तत्वावधान में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि बोर्ड द्वारा निर्धारित दायित्वों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता के साथ करते हुए परीक्षा संपन्न कराएं।

केंद्र व्यवस्थापक मूलभूत सुविधाओं में शौचालय पुरुष, महिला, पेयजल, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर आदि को दुरुस्त कराते हुए केंद्र द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार सिटिंग प्लान करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी बिंदकी, खागा, सदर, समेत सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सह केंद्र व्यवस्थापक आद मौजूद रहे।

- जिले के 21 केन्द्रों में दो पारियों में सम्पन्न होंगी परीक्षाएं

परीक्षा पर रहेगी गोपनीय नजर

बोर्ड द्वारा कार्यदाई संस्था (गोपनीय), कार्यदाई संस्था (सुरक्षा), कार्यदाई संस्था (जैसमेर) की ड्यूटी लगाई जाएगी जो परीक्षा केंद्रों में एक दिन पूर्व बैठक कर परीक्षा के संबंध में पूरी तैयारी कर जानकारी साझा करेंगे।

प्रवेश से पूर्व होगी गहन तलाशी

परीक्षार्थियों की प्रवेश द्वार पर गहनता से तलासी कराई जाएगी। जिससे कोई भी परीक्षार्थी अनुचित सामाग्री परीक्षा कक्ष में न ले जा सके। परीक्षा कक्ष में किसी भी हाल में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, कैलकुलेटर आदि पूर्णतया प्रतिबंधित है।

परीक्षा सम्बंधित दिए गए टिप्स

- परीक्षा केंद्र पर तैनात अधिकारी व कार्मिक परीक्षा के दिन 7 बजे पूर्वाह्न परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करेंगे।
- अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में प्रवेश पत्र, पहचान पत्र की मूल प्रति, नीला, काला-बाल प्वाइंट पेन ही ले जा सकते हैं।
- अभ्यर्थियों को दोनों पारियों में परीक्षा शुरू होने के 2 घण्टे पूर्व प्रवेश दिया जाएगा और परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पूर्व प्रवेश द्वार बन्द कर दिया जाएगा।

मां सरस्वती की बसंत पंचमी में पूजा अर्चना करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

बसंत पंचमी पर मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

संवाददाता, बहुआ फतेहपुर

अमृत विचार। नगर के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को बसंत पंचमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। हवन पूजन कर मां सरस्वती की स्तुति की गई। वहीं 26 जनवरी के कार्यक्रम में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। प्रधानाचार्य राहुल देव मिश्रा ने बताया कि हमारे स्कूल में अनुशासन और पढ़ाई के मामले में जाना जाता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को मां सरस्वती का जन्म उत्सव को लेकर जानकारी भी दी।

इस मौके पर प्राइमरी के प्रधानाचार्य श्याम लखन शास्त्री, व्यवस्थापक प्रवीण तिवारी समेत पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

सार-संक्षेप

मदरसा परिषद अध्यक्ष ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

फतेहपुर। इन दिनों उप्र मदरसा शिक्षा परिषद लखनऊ द्वारा संचालित अरबी फारसी की परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षाओं की शुचिता जांचने के लिए बुधवार को मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डा. इफ्तेखार अहमद जावेद मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने कई केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रशान्त साहू ने बताया कि परीक्षा केन्द्र मदरसा शमसुल उलूम, सनगांव, फतेहपुर, मदरसा जामिया इस्लामिया मदीनतुल उलूम, सनगांव, फतेहपुर मदरसा मदीनतुल उलूम, हथगाम, फतेहपुर एवं मदरसा बैतुल उलूम, अफोई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त परीक्षा केन्द्रों में कुल 753 के सापेक्ष 395 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 353 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये।

मां सरस्वती की पूजा से बुद्धि होती है निर्मल

फतेहपुर। शहर के सांई सिटी इंटर कॉलेज एवं मां सरस्वती ज्ञान मंदिर सांई विहार जयरामनगर में बसंत पंचमी हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमें बच्चों ने पीले रंग की आकर्षक वेशभूषा धारण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय की निदेशक रेखा सिंह गौर और प्रबंधक पवन सिंह गौर समेत स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए हवन में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर पवन सिंह गौर ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां सरस्वती की पूजा करनी चाहिए। इससे हमारी बुद्धि निर्मल होती है और सकारात्मक सोच का विकास होता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य अरविंद कुमार, संजय सिंह, रेखा श्रीवास्तव, रणवीर सिंह, चंद्रप्रकाश, अतुल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

40 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। एसपी के निर्देश पर बुधवार को चलाए गए चेकिंग अभियान में पुलिस ने 40 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपए का शमन शुल्क वसूला है। वहीं सात लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

मां सरस्वती का किया पूजन, मांगा विद्या का आशीष

विद्यालयों में हुए कार्यक्रम, मंदिरों में दिनभर होते रहे विविध अनुष्ठान, बसंत पंचमी पर कारोबारियों ने की नये व्यापार की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। कमल पर सुशोभित, सितार बजाते हुए, श्वेत वस्त्र धारण किए, हाथों में वीणा लिए, मां सरस्वती बुधवार को घर-घर पूजीं गईं। इधर बसंत पंचमी पर शहर में चारों ओर धूम-धाम रही। स्कूलों में भी कई कार्यक्रमों हुए।

माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी को धूमधाम से बसंत पंचमी के रूप में मनाई गई। बसंत पंचमी पर जगह-जगह अनुष्ठान हुए। घर, स्कूल, दफ्तर, कोचिंग सेंटरों सहित अन्य संस्थानों पर मां सरस्वती का पूजन हुआ। वहीं ऋतुओं के राजा बसंत का स्वागत किया गया। घरों में पीले-पीले पकवान बने। व्यापारियों ने भी बसंत पंचमी पर नए कारोबार की शुरुआत की। सिद्ध पीठ मंदिरों पर बसंत पंचमी पर कई अनुष्ठान हुए। मंदिरों में मंत्रोच्चारण के बीच मां सरस्वती का पूजन हुआ।

बसंत पंचमी में किया गया हवन पूजन। अमृत विचार

मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते अध्यापक व बच्चे। अमृत विचार

पतंगबाजी में मौसम का खलल

बसंत पंचमी के दिन खराब मौसम के कारण दोपहर बाद ही बच्चे पतंगबाजी कर सकेंगे। एक दिन पूर्व से ही पतंग प्रतिस्पर्धा के लिए बच्चों ने तैयारी की थी लेकिन मौसम ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। यहां पंचमी के दिन पतंग उड़ाने का चलन है।

होली स्थानों पर लकड़ी रखी

बसंत पंचमी के दिन से ही होली की सुगबुगाहट शुरू हो जाती है। पुरानी परम्परा के अनुसार होलिका दहन के लिए होली के लिए जॉर (लकड़ी) रखकर शुरूआत की। बुधवार को बसंतोत्सव पर युवा वर्ग ने अपने अपने मोहल्लों के लिए होलिका दहन के स्थान पर लकड़ी रख कर शुरूआत की।

स्कूलों में भी मनाई गई बसंत पंचमी

बसंतोत्सव पर मां सरस्वती का शृंगार कर पूजा अर्चना की गई। बच्चों ने देवी मां से निरंतर प्रगति की राह में आगे बढ़ने की कामना की। सीबीएसई से संचालित महर्षि विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य पीके त्रिपाठी के तत्वाधान में, सेंट जेवियर्स स्कूल में प्रबंधक नितीश कुमार की उपस्थिति में, सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज, रघुवंशपुरम में प्रबंधक राकेश त्रिवेदी की अगुवई में बसंत पंचमी मनाई गई।

मातृ-पित्र पूजन दिवस के रूप में मनाया गया बसंतोत्सव

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष की रही मौजूदगी
- भारतीय संस्कृति को लेकर वक्ताओं ने रखे विचार

अमृत विचार। सखी मानव सेवा समित के द्वारा बुधवार को बसंतोत्सव को मातृ -पित्र पूजन दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि एवं समिति के पधिकारियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि ने समिति के द्वारा किये जा रहे ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की। कहाकि इस प्रकार के कार्यक्रम हमारे संस्कृति को वापस ला रहे हैं जो हमारे लिए गर्व की बात है। विशिष्ट अतिथि आशिया फारुकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका ने प्रतिभाग कर रहे बच्चों को आशीर्वचनों से सम्बोधित किया। समिति में नए पदाधिकारी में सर्वेश कुमार गुप्ता एवं गुरु प्रसाद को नई-नई जिम्मेदारियां के लिए मनोनीत किया गया। वहीं समाजसेवी ईशांत सिंह ने अपने माता-पिता का पूजन कर इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज को संदेश दिया। इस अवसर पर प्रबंधक नमिता सिंह ने बताया कि हमारी समिति के द्वारा समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों को आयोजित किया जाता है और उन बच्चों को यहां पर प्रदर्शन के लिए बुलाया गया है जो समाज के आखिरी छोर में थे। यह बच्चे मुस्लिम धर्म के थे और हिंदू धर्म के बसंत उत्सव को मना रहे थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से आज के ही दिन पुलवामा में शहीद हुए वीर शहीदों को हम श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। इस मौके पर समाजसेवी अशोक तपस्वी, वंदना द्विवेदी, इंद्रजीत यादव, अजय रहे।

सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी, फैलाई जागरूकता

संवाददाता, खागा फतेहपुर

- लोकसभा चुनाव को लेकर टीम ने चलाया जागरुकता अभियान
- स्वीप योजना के तहत खखरेरु नगर क्षेत्र के दर्जन भर गांव में किया भ्रमण

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को सशक्त लोकतंत्र के लिए मतदान जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप योजना के तहत खखरेरु नगर पंचायत क्षेत्र के लगभग दर्जन भर गांव में सामान्य निर्वाचन टीम ने भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। गठित टीम ने क्षेत्रीय ग्रामीण व राहगीरों को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जागरूक करते नजर आए।

जागरूकता अभियान के आरआई धर्मेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्यक्रम तहसील क्षेत्र की सभी नगर पंचायत व ग्रामीण क्षेत्र के गांव को चिन्हित कर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को सशक्त लोकतंत्र के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बुधवार को खखरेरू नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्ड में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया गया। आरआई ने बताया की नगर के जवाहर विद्यालय इंटर कॉलेज, सुदनपुर, सोथरापुर, सलवन, हरदासपुर, शेखपुर,अंदमऊ, चिरई गांव, समेत दर्जन भर गांव को चिन्हित कर वाहन द्वारा अभियान चलाया गया। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि नगर अंतर्गत कई वार्ड की जिम्मेदारी दी गई है। मतदान जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

खखरेरू नगर में भ्रमण करता जागरुकता वाहन। अमृत विचार

कला, विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- एसडीएम ने फीता काटकर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

अमृत विचार। नगर के सीपीएस में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता व ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान मेले में बच्चों द्वारा बनाए गए माडल आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन पूजन के साथ हुआ। खेल कूद प्रतियोगिता में अग्रणी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया गया।

नगर के फरीदपुर मोड़ स्थित चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी व खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गया। एसडीएम अनिल कुमार यादव ने फीता काट कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। छात्रों द्वारा कला विज्ञान, गणित, राबोटिस्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया। बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न माडलों को देख बच्चो का उत्साह वर्धन किया। ज्ञान विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 8 की छात्रा सिमरन, प्रेरणा और सताक्षी ने जीवन गाहिनी गंगा का चित्र बना कर आए हुए अभिभावकों को गंगा को दूषित होने से बचाने को लेकर जागरूक किया। वहीं कक्षा 11 के छात्र प्रांजुल, युवराज, शौर्य और राजवीर ने स्पीड लाइट ब्रेकर से बिजली उत्पन्न किए जाने को लेकर बताया तो कक्षा 9 की छात्रा रिती, प्रियांशी और काव्या ने अपने प्रस्तुति के विषय में बताया कि 14 जुलाई की भारत द्वारा चंद्रयान 3 के सफल प्रतिक्षण किए जाने और उसके भारत की छवि विश्व के सफलतम स्पेस एजेंसी के रूप में स्थापित किया है। मुख्य अतिथि जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल नगर पालिका परिषद चेयरपर्सन राधा साहू ने पुरुस्कार वितरित किया। प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, निर्देशका प्राची रहीं।

रामगंगा नहर से वृद्धा का शव बरामद किया

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम हिरिया खेड़ा गांव में नौ दिन पूर्व नहर में डूबी 83 वर्षीय वृद्धा का शव असोथर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामगंगा नहर से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद किया है।

हिरिया खेड़ा गांव निवासी चंद्रिका प्रसाद की पत्नी चंद्रवती चार फरवरी को घर से बिना बताए निकल गई थी और पास में स्थित नहर में गिर गई। काफी देर बीत जाने पर जब वह नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। नौ दिन बाद असोथर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामगंगा नहर से ग्रामीणों की सूचना पर शव बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा है। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पुत्र राजेश कुमार ने बताया कि चार फरवरी को मां की लाठी नहर के पास से मिली थी। मां को कम दिखाई देता था और मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं था।

सार-संक्षेप

गौशाला निर्माण के लिए किया गया भूमि पूजन। अमृत विचार

विधायक ने किया कान्हा गौशाला का शिलान्यास

धाता, फतेहपुर। नगर पंचायत धाता में बुधवार को केटमई गांव के निकट कान्हा गौशाला का शिलान्यास विधायक कृष्णा पासवान व नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज के द्वारा किया गया। विधायक ने कहा कि लोगों के सहयोग के बिना गौ-संरक्षण नहीं हो सकता। किसान गौशाला से जुड़ें और भूसा दान में दें। अधिशाषी अधिकारी अजीत कुमार बागी, अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सरोज, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विमलेश पाण्डेय, प्रवीण पाण्डेय, चन्दन सिंह, गुलाब सिंह, धर्मेंद्र सिंह परिहार आदि ने मंत्रोच्चारण के बीच हवन में आहुतियां दी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने आसपास के ग्रामीणों से पहली रोटी गाय के नाम दान करने की अपील की। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि कान्हा गौशाला का संचालन नगर पंचायत अपनी देखरेख में करेगी। मौके पर सभासद विजय नामदेव, अजीत चांसलर, कलीम, रजनीश, मनीष पासवान, लवलेश, सत्येंद्र, रमेश सिंह, प्रेम सिंह, जयचंद सोनकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ट्रक की चपेट में आकर युवक की मौत

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के आंबापुर गांव निवासी हुसैनी का पुत्र अनीस शहर के नूरूल हुदा स्कूल के समीप बाडी मेकर के यहां ट्रक की बाडी बनाने का काम करता था। आज सुबह लगभग दस बजे वह चाय पीने के लिए सड़क पार कर रहा था तभी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बावत जानकारी मृतक के भाई राजू ने दी।

बाइकों की भिड़ंत में दम्पति समेत दो बच्चे घायल

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी रामदास का 35 वर्षीय पुत्र लाला अपनी 30 वर्षीय पत्नी उमा एवं 7 वर्षीय पुत्र धीरू व एक वर्षीय पुत्र सुरजीत के साथ निमंत्रण में अपने ननिहाल मलवां थाना क्षेत्र के ममरेजपुर गांव गया था। आज सुबह लौटते समय जैसे ही यह लोग नऊवाबाग एनएच-2 पर पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। जिससे दम्पति समेत दोनों बच्चे घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

किसान की जमीन पर निर्माण प्रधान प्रतिनिधि ने रुकवाया

सफीपुर उन्नाव। चुनावी रंजिश में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा लेखपाल की मिलीभगत से अपने भूमिधरी नंबर पर निर्माण कार्य करा रहे किसान का निर्माण रुकवा दिया गया। पीड़ित किसान ने एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई है। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत नौबतपुर निवासी रमेश पुत्र पराग ने एसडीएम नवीन चंद्र को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि भूमि संख्या-178 जिसका रकबा 0 .013 हेक्टेयर है और वह उसका भूमि धर व बुजुर्गी काबिज भी है। उस भूमि पर वह निर्माण कार्य करा रहा था। जिसे प्रधान प्रतिनिधि हुकुम चंद्र ने चुनावी रंजिश के चलते चकबंदी लेखपाल को बुलाकर रुकवा दिया। पीड़ित के अनुसार पूर्व में तैनात एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय ने स्थलीय निरीक्षण कराकर उसकी भूमि पर कूड़ेदान का निर्माण करने से रुकवाया था। लेकिन, उनके स्थांतरण के बाद पुन: ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लेखपाल से मिलकर उसे उसकी भूमि से बेदखल करने के लिए कूड़ाघर बनवाने का प्रयास कर रहे हैं।

नायब तहसीलदार ने पकड़े 6 ओवरलोड ट्रक, जुर्माना

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

- ट्रक चालकों ने नम्बर प्लेट तक हटा रखी थी

अमृत विचार। प्रशासन द्वारा ओवरलोड ट्रक पर बड़ी कार्रवाई की गई। नायब तहसीलदार ने 6 ओवरलोड ट्रक की सूचना यात्री मालकर अधिकारी को दी। जिस पर यात्री मालकर अधिकारी ने सभी 6 ट्रक से 3 लाख 22 हजार 500 रुपए का जुर्माना किया।

बुधवार की सुबह नगर के कुंवरपुर रोड में नायब तहसीलदार सुरेश कुमार ने गिट्टी आदि से लदे आधा दर्जन ओवरलोड ट्रक को पकड़ा। जिसकी सूचना यात्री मालकर अधिकारी सुरेंद्र सिंह को दी। मालकर अधिकारी मौके पर पहुंचे और जुर्माना किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह अपने हमराही सिपाही विकास यादव, अभिषेक यादव, मनीष यादव व विशाल सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की सूचना खनिज अधिकारियों को भी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि कुछ ओवरलोड ट्रक वाहनों में नंबर प्लेट नहीं लगी थी। कुछ वाहनों में चालकों ने नंबर प्लेट अंदर रखी थी और ट्रक में नंबर को पेंट से मिटा दिया था।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने रात्रि प्रवास के दौरान गिनाईं उपलब्धियां

जाफरगंज फतेहपुर। क्षेत्र के गांव दरौटा लालपुर में गांव चलो अभियान के तहत केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने रात्रि प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सैकड़ों ग्रामवासियों के साथ संवाद करके मोदी सरकार द्वारा राष्ट्र हित में किए गए कार्यों की पुनरावृत्ति को दोहराते हुए, अयोध्या में राम मंदिर सहित विभिन्न योजनाओं में मिल रहे लाभ सहित संबंधित विषयों पर आत्मीय संवाद किया। बूथ अध्यक्ष चंद्रपाल निषाद, सेक्टर प्रमुख अनिल सिंह भदौरिया, ग्राम प्रधान वसुधा सिंह, प्रधान पति सुधीर सिंह, गजेंद्र सिंह, राजा बाबू सिंह रहे।

पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

अमृत विचार। 14 फरवरी 2019 को कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों को असोथर के पत्रकारों और पुलिस ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। असोथर के पत्रकारों ने ब्लॉक मुख्यालय पर बने शहीद स्मारक में जाकर शहीदों के नाम मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें शहीदों के नाम कैंडल जलाकर भारत मां के वीर सपूतों को नमन किया गया। इसके बाद भारत माता की जय के नारे भी लगाए। कहा गया कि उन शहीदों को याद करके फिर आंखें नम हुईं और वह शहीद हम सबके दिल में रहेंगे हमेशा और उन सभी शहीदों को दिल की गहराइयों से श्रद्धांजलि है। फूलचंद्र वर्मा ने कहा कि सेना के जवान देश की सीमा पर हमेशा मुस्तैद रहते हैं। उन्हें इस बात की चिंता रहती है कि कैसे हमारा देश सुरक्षित रहे। लालता प्रसाद दुबे ने कहा कि देश की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों का त्याग व बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम दो पौधा जरूर लगाना चाहिए।

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पत्रकार व खंड विकास अधिकारी। अमृत विचार

तैयारी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 19 को पीएम मोदी करेंगे शिलान्यास

धरातल पर उतरेंगी 69 औद्योगिक इकाइयां

नीरज यादव, फतेहपुर

- जिले के हजारों युवाओं को मिल सकेगा रोजगार, तैयारियां जोरों पर

अमृत विचार। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त हुए निवेश प्रस्तावों को धरातल पर

उतारने के लिए प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 19 फरवरी को राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगी। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे। इसके माध्यम से 10 लाख करोड़ रुपए की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास कराने की तैयारी है। इसमें जिले की 69 यूनिटें भी शामिल हैं।

जीबीसी के बाद उद्यमी अपनी प्रस्तावित भूमि पर इकाई लगाने का निर्माण कार्य शुरू करेंगे। इन इकाइयों के लगने से करीब 20 हजार युवाओं को रोजगार मिलने की सम्भावना बढ़ गई है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति ठीक होगी।

राजधानी लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटि के दौरान जिले में उद्योग स्थापित करने के लिए 112 एमओयू साइन हुए थे। इनमें से 69 इकाइयों के निर्माण को लेकर तैयारी की गई है। पीएम मोदी 19 फरवरी को लखनऊ के आईजीपी में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रदेश भर की लगने वाली इकाइयों का शिलान्यास करेंगे। इनमें जिले की भी इकाइयां शामिल होंगी। इसी के साथ जिले में लगने वाली इन इकाइयों पर निर्माण कार्य शुरू होगा। हालांकि कुछ इकाइयों पर निर्माण कार्य लगभग पूरा भी हो चुका है। इन इकाइयों पर 1690 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च होगी। जानकारी के अनुसार इन इकाइयों के शुरू होने से 20 हजार से अधिक लोगों को अच्छा रोजगार मिलेगा। इससे बेरोजगारों का आर्थिक संकट दूर होगा। उधर जीबीसी के आयोजन को लेकर जिला उद्योग केंद्र विभाग भी तैयारियों को पूरा करने में लगा हुआ है। लगने वाली इकाइयों में विभिन्न प्रकार की फर्में शामिल हैं।

शहर स्थित जिला उद्योग केन्द्र। अमृत विचार

चल रही हैं तैयारियां

ग्राउड ब्रेकिंग सेरेमनी में पीएम द्वारा प्रस्तावित शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान जिले में भी इकाइयों का निर्माण शुरू होगा। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं। 19 फरवरी तक तैयारी पूरी कर ली जाएंगी।

–चन्द्रभान सिंह, उपायुक्त उद्योग

कुछ का निर्माण तो कई का विस्तारीकरण

जिले में 69 इकाइयां शामिल की गई हैं। जिसमें करीब 45 ऐसी हैं जो इसी माह पूर्ण होने जा रही हैं। बताया जा रहा है कि भले ही इन इकाइयों पर प्रोडेक्शन शुरू हो जाएगा लेकिन औपचारिक रूप से इन इकाइयों का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा किया जा सकता है। इनमें कुछ इकाइयां नई निर्मित होंगी तो कई का विस्तारीकरण किया जा रहा है। जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र द्वारा इनकी मॉनीटरिंग की जा रही है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

बिंदकी फतेहपुर। अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत हो गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मामले में मृतक महिला के पुत्र ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के बौरा का डेरा गांव में मंगलवार की रात को गांव के किनारे खड़ी महिला सुदेवी पत्नी हरदेश उत्तम को अज्ञात वाहन ने तेज टक्कर मार दी। जिससे सुदेवी देवी की मौत हो गई।

घटना की जानकारी होने पर परिजन तत्काल उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे मृतका के पुत्र सुशील कुमार ने कोतवाली बिंदकी को तहरीर दी। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

ब्लाक स्तर तक किया जाएगा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का सीधा प्रसारण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। प्रदेश स्तर पर 19 फरवरी को होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 कार्यक्रम का जिले में सीधा प्रसारण कराने को लेकर बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

सीडीओ कार्यालय में आयोजित बैठक में सीडीओ ने कहा कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लखनऊ से आयोजित होने वाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्थित तहसील, ब्लाक मुख्यालय में किया जाएगा। इसके लिए स्थलों का चयन करते हुए कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्रदर्शनी के लिए विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए जाएं। विधानसभा क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी तैनात किए जाएं। जिससे कार्यक्रम के सुगम व सफल आयोजन में कोई समस्या न हो।

अधिकारियों के साथ बैठक करते सीडीओ। अमृत विचार

- 10 करोड़ से अधिक निवेश करने वाले निवेशक किए जाएंगे सम्मानित

उन्होंने कहा ऐसे निवेशक जिनके द्वारा 10 करोड़ या इससे कम का निवेश प्रस्ताव हस्ताक्षरित किया गया है, उनको जनपद स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। 10 करोड़ से अधिक धनराशि के निवेश प्रस्ताव से जुड़े निवेशकों को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जिला पंचायत, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ ब्लाक प्रमुख, ब्लाक समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, एलडीएम, सहायक श्रमायुक्त, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, प्राचार्य पालीटेक्निक, आईटीआई समेत अन्य सम्बंधित मौजूद रहे।


नवदंपति को आशीर्वाद मंत्री असीम अरुण, डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, सीडीओ रामकृपाल चौधरी व डीएसडब्ल्यूओ सृष्टि अवस्थी।

कार्यक्रम स्थल पर मौजूद जोड़े। अमृत विचार

152 जोड़ों ने लिए सात फेरे, छह ने किया निकाह

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का धूमधाम से हुआ आयोजन, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दिया नवदंपतियों को आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 158 जोड़ों की शादियां व निकाह हुआ। इसमें 152 जोड़ों ने हिंदू रीतिरिवाज के तहत अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए तो छह मुस्लिम जोड़ों का कुबूलनामा कराया गया।

बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, सांसद सुब्रत पाठक व डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। साथ ही कई जोड़ों को 10 हजार रुपये के बजट में शामिल उपहार भी दिए। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के विकास खंड कन्नौज क्षेत्र से 54, जलालाबाद क्षेत्र के 46, गुगरापुर इलाके से 34 व कन्नौज नगर पालिका क्षेत्र से 24 जोड़ों का विवाह हुआ।

पीएसएम पीजी कॉलेज में हुए आयोजन में मुस्लिम जोड़ों का निकाह भी कराया गया।

इस दौरान समाज कल्याण राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। गड़बड़ी व भ्रष्टाचार करने वालों को सरकार दंडित कर रही है। उन्होंने कहा कि पात्रता के आधार पर हिंदू व मुस्लिम जोड़ों का विवाह विधि-विधान, रीति रिवाज से एक ही मंडप में कराया गया है।

सांसद ने कहा कि सांसद हो या विधायक सही मायने में वही होता है जो देश, प्रदेश व जनपद के लिए कार्य करे। डीएम ने कहा कि कार्यक्रम को अच्छी तरह से संपन्न कराने के लिए समाज कल्याण विभाग ने अग्रणी भूमिका निभाई। इसके तहत कई लोगों का घर बसा है आगे भी यही क्रम चलेगा।

पालकी की कलाकृति में पत्नी का हाथ पकड़कर फोटो खिंचाता जोड़ा।

इस तरह दी गई सामग्री

योजना के तहज एक जोड़े पर कुल 51 हजार रुपये का बजट खर्च होता है। इसमें 35 हजार रुपये कन्या के खाते में और 10 हजार रुपये की विवाह संस्कार सामग्री। छह हजार रुपये प्रति जोड़ा विवाह समारोह में खर्च होता है। वार्षिक आय दो लाख रुपये से कम, वर की आयु 21 वर्ष व वधू की 18 वर्ष से अधिक वाले लोग योजना के तहत पात्र हैं। विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांग आवेदक की पुत्री व विधवा महिला के विवाह को प्राथमिकता दी जाती है। इस मौके पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी, ब्लॉक प्रमुख कन्नौज रामू कठेरिया, गुगरापुर के संदीप चतुर्वेदी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय, बीडीओ अमित सिंह, सोनिया श्रीवास्तव, महामंत्री हरिबख्श सिंह, अभिषेक व जितेंद्र आदि मौजूद थे।

पहली पाली में 46, दूसरी में 13 फीसदी परीक्षार्थी गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले के 11 केंद्रों पर चल रहीं हैं मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं

अमृत विचार। मदरसा शिक्षा परिषद की चल रहीं परीक्षाएं दूसरे दिन भी शांतिपूर्वक संपन्न हुईं। पहली पाली में 46.05 प्रतिशत और दूसरी में 12.74 फीसदी परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई। जिले के 11 केंद्रों पर परीक्षाएं दो-दो पालियों में 21 फरवरी तक चलेंगी।

बुधवार को सुबह आठ बजे से शुरू हुई पहली पाली की सेकेंड्री की परीक्षा में पंजीकृत 2317 परीक्षार्थियों में से 1250 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 1067 अनुपस्थित रहे। अनुपस्थिति प्रतिशत 46.05 रहा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि दोपहर दो बजे से दूसरी पाली में सीनियर सेकेंड्री, कामिल एवं फाजिल की परीक्षाएं संपन्न हुईं। सीनियर सेकेंड्री परीक्षा में कुल पंजीकृत छात्र 395 में से 319 परीक्षार्थी उपस्थित और 76 अनुपस्थित रहे। अनुपस्थिति 19.24 प्रतिशत रही। कामिल (स्नातक) की परीक्षा में कुल 500 पंजीकृत छात्र/छात्राओं में से 459 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 41 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल अनुपस्थिति 8.20 प्रतिशत रही। फाजिल (परास्नातक) की परीक्षा में पंजीकृत 212 परीक्षार्थियों में से 188 परीक्षार्थी उपस्थित और 24 अनुपस्थित रहे। कुल अनुपस्थिति 11.32 प्रतिशत रही। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि द्वितीय पाली में कुल पंजीकृत 1107 छात्र/छात्राओं में से 968 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

डॉ. जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज में निरीक्षण करते जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।

किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म में दो को सजा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 15-15 साल जेल के साथ भुगतना होगा जुर्माना

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म का दोषी पाते हुए दो अभियुक्तों को 15-15 साल की जेल तथा क्रमशः 18-15 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर छह-छह माह की जेल और भुगतनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे तथा सह जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि कोतवाली कन्नौज क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 साल की भतीजी परिवार के साथ रहती थी। उसके माता-पिता का स्वर्गवास हो जाने से भतीजे व भतीजे का पालन पोषण वही करता है। तीन सितंबर 22 को ळाम ताप दे वह कार्यालय में था और घर में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था।

इन अभियुक्तों को मिली है सजा।

जब वह घर लौटा तो भतीजी घर पर नहीं थी। आसपास में पूछा तो कुछ पता नहीं चला। दर्ज रिपोर्ट में एक मोबाइल नंबर देकर उस पर भतीजी द्वारा बातचीत करने की बात भी कही थी। मामले की विवेचना के बाद शरीफ पुत्र फखरुद्दीन निवासी उदैतापुर, कन्नौज और रामसनेही पुत्र अयोधी निवासी जलालपुर, थाना बिलग्राम, हरदोई के नाम सामने आए। कोर्ट में चली सुनवाई के बाद दोनों को किशोरी को अगवा करने के बाद दुष्कर्म करने का दोषी पाया गया। इस पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने शरीफ को धारा 363 के तहत पांच साल की जेल व 3000 रुपये जुर्माना, धारा 366 के अंतर्गत सात साल की जेल व 5000 जुर्माना, धारा चार लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधि.2012 के तहत 15 साल का कठोर कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। कोर्ट ने रामसनेही को धारा 366 के तहत सात साल का कठोर कारावास व 5000 जुर्माना, धारा 4 के तहत 15 साल के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया। जुर्माना न देने पर छह-छह माह की कैद और भुगतने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पीड़िता को क्षतिपूर्ति दिलाने की कार्रवाई का आदेश दिया है।

पूर्वी रेलवे क्रासिंग पर किया गया मरम्मत का कार्य

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- सुबह से देर रात तक बंद रहा पूर्वी रेलवे फाटक

अमृत विचार। रेलवे ट्रैक पर ओवरहालिंग व पैचिंग कार्य के चलते बुधवार को सुबह 06 बजे से पूर्वी रेलवे फाटक को बंद कर दिया गया। इससे लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने रूट डायवर्ट कर वाहनों को बाईपास होते हुए प. रेलवे क्रासिंग से गुजारा।

सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेल पथ कन्नौज राजेन्द्र सिंह के निर्देशन व अवर अभियंता पंकज गुप्ता की मौजूदगी में पूर्वी रेलवे क्रासिंग पर 20 रेल पथ कर्मियों ने सुबह 06 बजे मरम्मत का कार्य शुरू किया। यह रात लगभग 08 बजे तक चलता रहा। इससे अंजान मुसाफिरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और नगर के बाहर बाईपास से होकर गुजरना पड़ा। पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से कई बार जाम की स्थिति पैदा हो गई। नगर से आवागमन करने वालों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके चलते कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने रूट डायवर्ट कर वाहनों को पूर्वी बाईपास से नगर के पश्चिमी रेलवे क्रासिंग से आवागमन कराया।

सार-संक्षेप

पुलवामा हमले में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

तिर्वा, कन्नौज। पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवान को श्रद्धांजलि दी गई। थाना इंदरगढ़ के अजान गांव निवासी प्रदीप कुमार यादव भारतीय सेना के जवान थे। 14 फरवरी 2019 को जम्मू के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में प्रदीप के साथ करीब 40 जवान शहीद हो गए थे। शहीद की याद में बुधवार को शहीद स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम अशोक कुमार समेत अन्य लोगो ने पहुंच कर झंडारोहण करते हुए शहीद को श्रद्धांजलि दी।

शहीद को श्रद्धांजलि देते एसडीएम।

मनरेगा श्रमिकों को तीन माह से पारिश्रमिक नहीं

तिर्वा, कन्नौज। तीन माह से मनरेगा मजदूरों को उनकी मेहनत का पैसा बजट के अभाव में नहीं मिल पा रहा है। इससे कई श्रमिकों को घर चलाना मुश्किल पड़ रहा है। केंद्र सरकार ने गरीब तबके के लोगों के लिए मनरेगा चलाई थी। इससे कोई भी मजदूर बाहर न जाए। उसको अपने गांव में ही मजदूरी मिल सके। मनरेगा योजना के तहत उमर्दा ब्लाक की 90 ग्राम पंचायत में करीब 24 हजार मजदूरों का पंजीकरण है। गांव-गांव हो रहे विकास कार्यों में मनरेगा मजदूरों को लगाकर काम देना शुरू कर दिया गया। उमर्दा ब्लाक में तीन माह से मनरेगा मजदूरों की मेहनत की कमाई उन्हें नहीं मिल पा रही। बीडीओ दयाराम ने बताया कि बजट के अभाव में तीन माह से मनरेगा मजदूरों की मजदूरी नहीं मिली। दीपावली पर बजट आया था तब सभी को मजदूरी मिल गई थी। तबसे बजट के कारण मनरेगा मजदूरों को मजदूरी नहीं मिली। बजट आते ही मजदूरी दी जाएगी।

कूड़े में भोजन तलाशते गोवंश। अमृत विचार

कूड़े के ढेर में भोजन तलाश रहे अन्ना गोवंश

तिर्वा, कन्नौज। गोशाला में बंद करने के आदेश के बाद भी कई निराश्रित गोवंश सड़क किनारे पड़े कूड़े में अपना भोजन तलाशने में जुटे हैं। घूमने वाले गोवंशों को देखकर भी प्रशासन अंजान बना हुआ है। अन्ना घूमने वाले गोवंशों को पकड़कर उन्हें गोशाला में कैद करने के निर्देश पर प्रशासन इन दिनों को गाय व सांड़ पकड़वा रहा है। कस्बे से ठठिया जाने वाले मार्ग पर मनीपुर्वा गांव के पास सड़क पर पड़े कूड़े के ढेर में गोवंश भोजन तलाशने मे जुटे हैं।

कार्यक्रम में मंच पर मौजूद राज्यमंत्री असीम अरुण व अन्य। अमृत विचार

'खुद पर होगा विश्वास तो छू लोगे बुलंदियां'

तिर्वा, कन्नौज। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने छात्रों का उत्साहवर्द्धन किया। कहा कि खुद पर होगा विश्वास तभी बुलंदियां छू पाएंगे।

दीक्षांत समारोह में विद्यालय का प्रदेश स्तर पर नाम रोशन करने वाले अनिकेत शर्मा और दिव्य सिंह को राज्यमंत्री ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने बोर्ड पेपर देने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तर पुस्तिका को ऐसे लिखें कि जब एग्जामिनर के सामने जाए तो वह अलग ही प्रतीत हो। कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग से हम लोग प्रयास कर रहे हैं कि सही मायने में आप लोगों को लाभ मिल पाए। कहा कि पशुओं को संरक्षित करने के लिए गाड़ियां खरीदी गई हैं, साथ ही साथ उनको पकड़ने के लिए अभियान की शुरुआत भी की गई है। इस मौके पर प्रबंधक प्रदीप गुप्ता, प्रधानाचार्य अनिल मिश्र आदि रहे।

सपा से पहले अपनों के मनभेद से जूझेगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नगर पालिका चुनाव से उभरे नेता को सीएम के मंच पर नहीं मिली जगह
- ऐतिहासिक दीपोत्सव कर दिखाई थी अपनी धमक, पार्टी के कद्दावर नहीं दे रहे तरजीह

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की तेज होती आहट के बीच नेताओं ने भी कील कांटे दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। जहां तक कन्नौज क्षेत्र की बात है तो यहां अभी तक के हालात में भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी का सीधा मुकाबला होने की चर्चा है। उधर, भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी कोई भी हो लेकिन उसे पहले अपनों के मनभेद से जूझना होगा। इसके पीछे की बड़ी वजह यह है कि गत वर्ष नगर पालिका चुनाव से उभरे एक युवा नेता को पार्टी के कद्दावर तरजीह देने से बच रहे हैं। और तो और उन्हें मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में मंच तक भी नहीं पहुंचने दिया गया जिससे उनके समर्थकों में आक्रोश के भाव साफ दिख रहे हैं। यह स्थिति तब रही जब उन्होंने श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर ऐतिहासिक दीपोत्सव कर अपनी धमक दिखाई थी।

अगले महीने लोस चुनाव 2024 की घोषणा होना संभव है। इसको देखते हुए भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। पहले विकसित भारत संकल्प यात्रा, फिर गांव परिक्रमा, नारी शक्ति वंदन और भी तमाम आयोजनों के माध्यम से वोट बैंक को साधने का क्रम शुरू हो चुका है। हाल ही में 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश भर में माहौल को इस तरह राम मय किया कि देश में 2024 में आने वाली दिवाली से पहले ही महा दिवाली मना डाली। इससे कन्नौज भी अछूता नहीं रहा। खास यह कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर समूचा प्रशासन और नगर पालिका भी इसी आयोजन में संलग्न किए गए थे। इस दौरान ही 21 जनवरी को स्थानीय एसबीएस इंटर कॉलेज के खेल मैदान में विशाल दीपोत्सव का आयोजन कर 21000 दीप प्रज्ज्वलित किए गए और घंटों आतिशबाजी की गई। इस आयोजन की चर्चा जिले भर में अगले एक हफ्ते तक होती रही। कार्यक्रम के आयोजक नगर पालिका चुनाव 2023 में भाजपा नेता के रूप में उभरे युवा इत्र/कोल्ड उद्यमी रहे जिनको जनता ने हाथोहाथ लिया। इसके साथ ही मौजूदा जनप्रतिनिधि के कार्यों का आकलन और तुलना करते भी दिखाई दी। इसके बाद तीन फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का केके इंटर कॉलेज छात्रावास में कार्यक्रम लग गया। लोगों को लगा कि अपनी धमक दिखाने वाले युवा नेता को मंच पर अवश्य स्थान मिलेगा लेकिन उनकी उम्मीद तब टूटती नजर आई जब मुख्यमंत्री का कार्यक्रम समाप्त हो गया और वे दिखाई ही नहीं पड़े। बाद में पता चला कि उक्त युवा नेता को स्वर्गीय विधायक बनवारी लाल दोहरे के आवास पर जाकर सीएम से भेंट करनी पड़ी। जब उनसे बात की गई तो उनका दर्द खुद सामने आ गया कि कद्दावर उनका उभरना सहन नहीं कर पा रहे हैं। नगर पालिका चुनाव से ही नहीं चाह रहे कि वे जनता से जुड़ें और कुछ करें। कद और पद होता तो क्या ही बात थी? इन सारी बातों से तो यही लगता है कि लोकसभा चुनाव की लड़ाई से पहले भाजपा को अपनों के मनभेद से जूझना होगा।

ये कैसी व्यवस्था | वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत मिल रहा खाद्यान्न, कोरोना काल से व्यवस्था का हुआ है विस्तार

तीन हजार कार्डधारक 14 राज्यों से ले रहे राशन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। वन नेशन वन राशन कार्ड (एक देश एक राशन कार्ड) व्यवस्था लागू होने की वजह से जनपद के 3029 परिवार (राशनकार्ड धारक) भारत के 14 राज्यों से खाद्यान्न का लाभ ले रहे हैं। बायोमेट्रिक प्रणाली लागू होने के चलते अब कोई भी कार्डधारक किसी भी उचित दर दुकान से गेहूं व चावल आदि राशन ले सकता है।

दरअसल, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वर्ष 2019-20 में एक देश एक राशन कार्ड व्यवस्था को शुरू किया गया था। कोरोना संक्रमण काल में इसे कई राज्यों में विस्तारित किया गया। उस दौरान श्रमिक व अन्य लोग अपने-अपने घरों को लौटे थे। उनके अस्थाई राशन कार्ड बनाए गए थे। बाद में एक देश एक राशन कार्ड को हर जगह लागू कर दिया गया, जिस वजह से करीब 12 हजार यूनिट दूसरे प्रदेशों से लाभ ले रहे हैं। डीएसओ राजीव मिश्र का कहना है कि जनपद के 3029 राशनकार्ड धारक 14 प्रदेशों में खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं। इसमें 2756 पात्र गृहस्थी और 273 अंत्योदय कार्ड धारक शामिल हैं। जिले में पात्र गृहस्थी व अंत्योदय कार्ड धारकों की कुल संख्या 3,20,154 है। इसमें 12,66,591 यूनिट शामिल हैं।

कन्नौज के कार्डधारक इन राज्यों से ले रहे लाभ

राज्य	अंत्योदय	पात्र गृहस्थी	राज्य	अंत्योदय	पात्र गृहस्थी
दिल्ली	185	1931	बिहार	00	01
हरियाणा	27	370	चंडीगढ़	00	02
राजस्थान	44	234	गोवा	01	08
गुजरात	01	84	जम्मू कश्मीर	00	08
महाराष्ट्र	07	54	कर्नाटक	00	01
मध्य प्रदेश	06	24	केरल	01	11
हिमाचल	01	19	उत्तराखंड	00	09

जनपद में पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारक

- 2,90,801 राशन कार्ड
- 11,87,643 कुल यूनिट

जिले में अंत्योदय राशनकार्डों की संख्या

- 29,353 राशन कार्ड
- 78,948 लाभार्थी

दो कार्डधारक कन्नौज में ले रहे लाभ

कन्नौज जनपद में बिहार और दिल्ली का एक-एक कार्ड धारक राशन ले रहा है। डीएसओ की माने तो दोनों ही पात्र गृहस्थी के कार्ड धारक छिबरामऊ तहसील क्षेत्र की दुकानों से ही खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं।

ट्रैक्टर की टक्कर महिला की मौत

सौरिख, कन्नौज। भूसा लदे ट्रैक्टर की टक्कर लगने से टेंपो पलट गया। इसमें सवार महिला की मौत हो गयी जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

थाना सकरावा के अन्तर्गत देर रात ऊसराहार-सकरावा मार्ग पर भूसा लदे ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो पलट गया। इसमें सवार कमला पत्नी रमेश चन्द्र (55) निवासी बेल्थरा रूरा कानपुर देहात की मौत हो गई। वहीं बाबूलाल पुत्र मिश्री लाल निवासी बेल्थरा रूरा कानपुर देहात, किशन लाल पुत्र प्यारे लाल, मुन्नी देवी पत्नी किशन लाल, मोहित पुत्र सुरेश बाबू निवासी गण मोहद्दी नगर सकरावा गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भिजवा दिया।

मेडिकल कॉलेज: डिजिटल अल्ट्रासाउंड शीघ्र

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

अमृत विचार। जल्द ही मेडिकल कॉलेज में डिजिटल अल्ट्रासाउंड व रंगीन एक्सरे की सुविधा उपलब्ध होगी। कॉलेज प्रशासन ने मशीनों की मांग को लेकर प्रस्ताव भेजा है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीजों को अच्छा उपचार मिल सके इसके लिए कॉलेज प्रशासन हर प्रयास में जुटा है। यहां आने वाले मरीजों को डिजिटल अल्ट्रासाउंड के साथ एक्सरे न मिल पाने से उन्हें बाहर जाना पड़ता है। इससे परेशानी के साथ जेब पर भी बोझ पड़ता है। मरीजों की सहूलियत के लिए मेडिकल कॉलेज में डिजिटल अल्ट्रासाउंड के साथ कलर एक्सरे के लिए प्रशासन ने शासन को प्रस्ताव भेज कर मशीनों की मांग की है। प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि मरीजों को कलर अल्ट्रासाउंड के साथ डिजिटल एक्सरे की सुविधा मिल सके इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजकर मशीनो की मांग की है। जल्द ही प्रस्ताव पास हो जाएगा। मशीने आने पर मरीजों को उच्चतकनीकी सेवाएं मिलने लगेंगी।

इमरजेंसी की सीआर्म मशीन 12 साल बाद चालू

तिर्वा, कन्नौज। हड्डी के ऑपरेशन के लिए मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी की ओटी में लगी सीआर्म मशीन 12 साल बाद चालू हो गई। इसका विधिवत उद्घाटन 23 फरवरी को राज्यमंत्री असीम अरुण द्वारा किया जाएगा। इसके बाद ओटी में विधिवत आपरेशन शुरू हो जाएंगे। यह जानकारी देते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने बताया कि यहां आने वाले हड्डी संबंधी रोगियों के लिए ऑपरेशन के समय पर एक्सरे वाली सीआर्म मशीन भी कालेज में उपलब्ध कराई गई थी। रात के समय इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को आपरेशन के लिए सुबह का इंतजार न करना पड़े इसलिए उन्होंने 12 साल से बंद पड़ी इमरजेंसी की ओटी को खुलवाकर साफ सफाई करवाने के साथ उपकरण सही कराए। सीआर्म मशीन की भी साफ सफाई कराकर सही कराया। बताया कि उनका प्रयास है कि कॉलेज में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार से कोई परेशानी न हो इसके लिए इमरजेंसी की ओटी को सही कराने के साथ सीआर्म मशीन को सही करा दिया। बताया कि 23 फरवरी को विधिवत उद्घाटन कर इसे शुरू करा दिया जाएगा।

मेडिकल कालेज गेट।

जिले भर में वसंतोत्सव का उल्लास हुए विवाह और यज्ञोपवीत संस्कार

सरस्वती विद्या मंदिर, पकरिया टोला परिसर समेत कई स्थानों पर हुए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। अखिल विश्व गायत्री परिवार की तरफ से सरस्वती शिशु मंदिर पकरिया टोला परिसर में वसंत पंचमी पर्व पर एक युगल का विवाह संम्पन्न कराया गया। इसके अलावा दो युवकों का यज्ञोपवीत सस्कार एव पाटी पूजन, नामकरण संस्कार भी संस्कार कराये गये। इस तरह जिले भर में विवाह-यज्ञोपवीत के अलावा सरस्वती पूजन के कार्यक्रम हुए।

बुधवार प्रातः सरस्वती पूजन के साथ गायत्री महा यज्ञ हुआ जिसमे सैकडो भक्तों ने आहुति दी। इस दौरान गायत्री परिवार के स्वामी नन्द किशोर ,सुनीष कुमार शर्मा(सोनू भइया),सुमन लता कटियार, निर्मला ने नगर के सफदर गज निवासी सौरभ राठौर एवं इन्दरगढ हसेरन की निशा गुप्ता का विवाह सादगी से संपन्न कराया। संदीप तिवारी एवं अंकित तिवारी का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया। वाणी गुप्ता, केशव, आरव का पाटी पूजन कराया गया। पल्लवी यादव एवं सार्थक का नाम करण संस्कार कराया गया। कार्यक्रम में मौसमपुर अल्हड के 11 वर्षीय बालक ने भजनों पर ढोलक बजाकर सभी का दिल जीता।

इस मौके पर सुरेश गुप्ता, पिकूं श्रीवास्तव, श्यामू प्रजापति, रामसेवक यादव, सोनू कुशवाहा, मनीष, पंकज, राजेश कुशवाहा, सहित शिशु मंदिर के बच्चे आचार्य व परिजन मौजूद रहे। उधर जेपी स्कूल में भी वसंतोत्सव का आयोजन किया गया। यहां माता सरस्वती की पूजा कर बच्चों ने आशीर्वाद लिया।

गायत्री परिवार की तरफ से आयोजित यज्ञ में हिस्सा लेते भक्त। अमृत विचार

जेपी स्कूल में शिक्षा की देवी सरस्वती की पूजा करते बच्चे। अमृत विचार

सरस्वती जयंती पर बच्चों का विद्यारंभ संस्कार

छिबरामऊ, कन्नौज। शहर के गमा देवी मंदिर पर बसंत पंचमी के मौके पर बच्चों का विद्यारंभ संस्कार हुआ। यहां के मुख्य अतिथि ने कहा हमारे देश आने वाली पीढ़ी का भविष्य ऊंची उड़ान वाली पतंग जैसा हो तभी हमारा राष्ट्र विकसित होगा। बुधवार को मंदिर परिसर में बच्चों का मां सरस्वती की पूजा के साथ विद्यारंभ संस्कार हुआ। इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि चेयरमैन मनोज दुबे ने कहा कि सनातन धर्म के सभी त्योहार हमारे जीवन की खुशहाली का संदेश देते हैं। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रिटायर शिक्षक भारत सिंह वर्मा ने कहा कि बच्चे की शिक्षा में अविभावक की महती भूमिका होती। शिक्षक अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें तो बच्चे का भविष्य उज्जवल हो जायेगा ।भाजपा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष रामानंद वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए बदलाव किए गये। महंत पं बनारसी दास शास्त्री ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्वच्छ वसंत कार्यक्रम में दिया हरियाली का संदेश

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर पालिका परिषद में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ वसंत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अधिशासी अधिकारी ने पालिका कर्मियों के साथ पालिका परिसर में बागवानी कर नगर में हरियाली रखने का संदेश दिया। बताया कि 12 से 14 फरवरी तक स्वच्छ बसंत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें स्थानीय लोगों ने बागवानी कर नगर में सुंदरीकरण का कार्य किया है, उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अनिल प्रजापति, मनोज तिवारी, जिलेदार सिंह, राजेश वर्मा, अशोक शर्मा, प्रसनजीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

नई उमंग और ऊर्जा प्रदान करता पर्व

तेराजाकेट, कन्नौज। बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में वसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रधानाचार्य अमित यादव ने कहा कि वसंत पंचमी का पर्व सुख, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है। यह पर्व हमें ज्ञान की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह पर्व ज्ञान, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित है।

इस पर्व पर प्रकृति का कण-कण खिल उठता है। इसके बाद सभी ने पुलवामा हमले में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आचार्य पं. सुरेन्द्र दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया। जिसमें प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव, शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने आहुतियां देकर सुख, समृद्धि की कामना की। इस दौरान शिक्षक चन्द्रप्रकाश गुप्ता, सरनाम सिंह, विकास कुमार, मनमोहन सिंह, रंजीत कुमार, वीरेन्द्र सिंह, ओमेन्द्र सिंह, अमन यादव, सचिन कुमार, शिक्षिका लक्ष्मी शर्मा, दीपिका तिवारी, सलोनी, आरती राजपूत, संध्या यादव, रागिनी, पुष्पा राजपूत, शिवम पाल, वैष्णवी पाल, प्रभा सिन्हा आदि मौजूद रहे।



मां सरस्वती की आरती वंदना करते प्रधानाचार्य अमित यादव। अमृत विचार

उन्नति और खुशहाली का संदेश देता वसंत

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर व क्षेत्र के मंदिरों व विद्यालयों में हवन पूजन कर वसंत ऋतु के आगमन पर स्वागत किया गया। मां सरस्वती की आरती वंदना कर जन्मदिन मनाया गया। विद्यालयों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद पंडित रामानुज पांडेय ने हवन पूजन कराया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिक्षा की दुनिया में प्रवेश करने वाले बच्चों का पाटी पूजन कराया गया। इसके बाद मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूर्व पालिकाध्यक्षा निहारिका आर्य व पूर्व प्रधानाचार्य राजेश्वरी राजपूत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष शंभू दयाल गुप्ता, प्रबंधक देवेन्द्र देव, अध्यक्ष आरबी शर्मा, प्रधानाचार्य नवनीत सिंह, प्रीती पाठक, पूजा यादव, सलोनी, प्रतिमा, शैलेश गुप्ता, ग्रीशभान सिंह, महेन्द्र, सोनू शर्मा आदि ने हवन पूजन किया। श्री राम मंदिर में समाजसेवी अशोक कुमार गुप्ता, पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता, प्रतिनिधि मयंक गुप्ता आदि ने पूजा अर्चना की।

पूर्व पालिकाध्यक्षा का बैच लगाकर स्वागत करती छात्रा। अमृत विचार

एक नजर

मारपीट की घटना में तीन युवक घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम तेरारब्बू निवासी संदीप कुमार का कहना है कि मामूली विवाद को लेकर गांव के तीन लोगों ने गाली गलौज की। मना करने पर उसे व बीच बचाव करने आए उसके चचेरे भाई सोनू को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। इसी प्रकार ग्राम लक्ष्मणपुर निवासी दीपेंद्र का कहना है कि गांव के युवक ने नशे की हालत में गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अब 18 के बाद होगा मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण

कन्नौज। लोकसभा चुनाव को लेकर पहले मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया जाना था। इसके लिए 15 फरवरी के बाद समय भी निर्धारित हो गया था। पुलिस भर्ती की परीक्षा को लेकर इसे स्थगित कर दिया गया है। बताया गया है कि 18 फरवरी के बाद ही 60 मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

88 मवेशी पकड़े गए, कुल संख्या 791 हुई

कन्नौज। विशेष गोसंरक्षण अभियान के तहत सात दिनों में कुल 791 निराश्रित गोवंशो को पकड़कर गोशालाओं में संरक्षित किया गया है। बुधवार को 88 निराश्रित गोवंश पकड़े गए। विकास खंड कन्नौज क्षेत्र में 16 गोवंश, उमर्दा में 27, छिबरामऊ में छह, तालग्राम में पांच, सौरिख में 17, जलालाबाद में छह, गुगरापुर में पांच और विकास खंड हसेरन क्षेत्र में छह गोवंशों को पकड़ा गया है।

आज से सीबीएसई की परीक्षाएं

कन्नौज। सीबीएसई की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो जाएंगी। इसके लिए जनपद में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी के प्राचार्य एसके पांडेय ने बताया कि उनके विद्यालय के अलावा कननौज केसेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल, जेपी स्कूल व छिबरामऊ के सेंट पॉल को केंद्रों की सूची में शामिल किया गया है।

एसओजी-पुलिस से मुठभेड़, दो बदमाशों को मारी गोली

मुठभेड़ में घायल आरोपी से बात करते एसपी अमित कुमार आनन्द। अमृत विचार

आरोपी को कंधे से सहारा देकर ले जाती एसओजी प्रभारी। अमृत विचार

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

- घेराबंदी कर चार बदमाशों को किया गिरफ्तार
- एक दिन पूर्व चेन लूट की दो घटनाओं को दिया था अंजाम

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर से भाउलपुर जाने वाले रास्ते पर दिनदहाड़े पुलिस व बाइकसवार चार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गये। पुलिस ने दो बदमाशों को सही सलामत घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। दोनों घायल बदमाशों को सौ शैया अस्पताल के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिए गया। एसपी ने अस्पताल पहुंच कर बदमाशों से जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि नगर के मोहल्ला बनवारी नगर निवासी एक महिला तथा थाना सौरिख क्षेत्र की निवासी एक अन्य महिला के साथ बाइक सवार बदमाशों ने चेन छीनें छीन ली थी। लूट की जानकारी पर छिबरामऊ व सौरिख पुलिस ने एसओजी टीम के साथ लूट करने वालों की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान की। इसके बाद टीम ने सिकंदरपुर से भाउलपुर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग अभियान चलाया। उसी समय दो बाइक पर सवार होकर निकले चार लोगों को रोका गया। इस बीच बदमाशों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। आत्म सुरक्षा के लिये पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान कानपुर नगर जनपद के कल्यानपुर निवासी बदमाश आकाश थारू व रवि थारू के दायें व बायें पैर में गोली लगी। इससे दोनों घायल होकर गिर पड़े। वहीं पुलिस टीम ने फायरिंग करते हुए साहिल व गौतम को सही सलामत गिरफ्तार कर लिया। दोनों घायल बदमाशों को सौ शैया अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बदमाशों के पास से घटना में प्रयुक्त बाइकें तथा दो तमंचे, कारतूस बरामद किए गए। तलाशी के दौरान पुलिस ने बदमाशों के पास से महिलाओं से छीनी गई दो चेन भी बरामद कर ली हैं। मुठभेड़ की घटना से ग्रामीणों में हड़कंप मचा रहा। देर शाम तक वहां दहशत का माहौल बना रहा। घटना स्थल पर पुलिस तैनात रही।

पोषण और उच्च गुणवत्ता से परिपूर्ण होते मोटे अनाज

जलालाबाद, कन्नौज। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संतुलित आहार के लिए बुधवार को मोटे अनाजों का मूल्य संवर्धन विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला यादव ने बताया कि मोटे अनाज वे अनाज हैं। इनके उत्पादन में ज्यादा मेहनत नहीं करनी होती। यह अनाज कम पानी और कम उपजाऊ भूमि में भी आसानी से उग जाते हैं। धान और गेहूं की तुलना में मोटे अनाज के उत्पादन में पानी की खपत बहुत कम होती है। इसकी खेती में यूरिया और दूसरे रसायनों की जरूरत भी नहीं पड़ती। इसलिए यह पर्यावरण के लिए भी बेहतर होता है। साथ ही किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा भी होता है। मोटे अनाज का सेवन करने से कई तरह के रोग ठीक हो जाते हैं। बताया कि मोटे अनाज उच्च गुणवत्ता के होते हैं। इनमें आयरन, कैल्शियम, फाश्फोरस, विटामिंस, मिनरल्स व अन्य सूक्ष्म पोषक तत्व अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं।

18 से 21 वर्ष के बंदियों को बच्चा बैरक में रखें

संवाददाता, जलालाबाद,कन्नौज

अमृत विचार। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान 18 से 21 वर्ष के बंदियों को बच्चा बैरक में रखने के निर्देश दिये गये।

सचिव लवली जयसवाल ने जिला कारागार का निरीक्षण पैन इण्डिया कैम्पैन 2024 तहत किया गया। इस दौरान बैरक नम्बर 06 के निरीक्षण में एक बंदी ऐसा पाया गया, जिसकी आयु 18 वर्ष थी। इस संबंध में तत्काल उक्त बंदी को बच्चा बैरक में रखने के निर्देश जेलर को दिये गये। इसी तरह एक बंदी जिसकी आयु 18 से 20 वर्ष की थी। जानकारी पर उसने बताया कि उसके पिता दूसरे बैरक में बन्द हैं। इसके सम्बन्ध में भी जेलर को निर्देशित किया गया कि उक्त बंदी को भी बच्चा बैरक में रखा जाये या जेल नियमानुसार अपने परिजन के साथ रखा जाये। निरीक्षण के दौरान चार बंदियों ने अपने मामले की पैरवी के लिये सरकारी अधिवक्ता दिलाने की याचना की। इस संबन्ध में तत्काल कार्रवाई करते हुए लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल को उक्त बंदियों की पैरवी के लियेकहा।

लोक अदालतों पर लगेंगे बंदियों के निर्मित उत्पाद काउंटर: राष्ट्रीय लोक अदालत 09, 11 मार्च, 14 सितम्बर और 14 दिसम्बर को होने वाली लोक अदालतों में जेल बंदियों की ओर से तैयार किये गये उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिकी के लिये जनपद न्यायालय में स्टॉल लगाये जाने को कहा गया।

जेल का निरीक्षण करती अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लवली जायसवाल

गाइड लाइन का ठीक से अध्ययन करें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल तरीके से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा है कि निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देशों के तहत चुनाव कराया जाएगा। इसके लिए अफसर गाइड लाइन का अध्ययन अच्छे से कर लें।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन के लिए प्रभारी अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। सभी लोग अपने-अपने दायित्व सही ढंग से निर्वहन करें। उन्हेंने मतदान/मतगणना कार्मिक, ईवीएम सम्बंधित कार्य, वाहन, लेखन समाग्री, डाक मतपत्र, कंट्रोल रूम का संचालन, एमसीएमसी, स्ट्रांग रूम, खान-पान, टेंट फर्नीचर, सूचना का आदान-प्रदान, दूरसंचार की व्यवस्था, प्रेक्षक व्यवस्था आदि से संबंधित व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह, सीडीओ रामकृपाल चौधरी व समस्त एसडीएम मौजूद रहे।

कोतवाली में नमी से बॉडी प्रोटेक्टर नष्ट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। कोतवाली के स्टोर में पुलिस सुरक्षा के लिये रखे बॉडी प्रोटेक्टर नमी में नष्ट हो गए। मालखाना का चार्ज लेने के दौरान उपकरण के साथ निकाले गये तो अधिकतर खराब निकले। इनको धूप में डाल कर सुखाया जा रहा है।

दंगा होने या धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस सुरक्षा के उपकरण सभी थाना कोतवाली पुलिस को मिले थे। यह सुरक्षा उपकरण सदर कोतवाली के महिला बंदीगृह में रखी थे। जरुरत न पड़ने से कई वर्ष से महिला बंदीगृह का ताला नहीं खोला गया था। कुछ माह पहले एसपी ने हेड मोहर्रिर का स्थानांतरण कर दिया। उनके स्थान पर नये हेड मोहर्रिर को तैनाती दी गई। अब कोतवाली के मालखाना में रखे सामान का चार्ज लेने के दौरान महिला बंदीगृह में रखे सामान को बाहर निकाला गया तो पाया गया कि नमी के चलते इस में रखे अधिकतर बॉडी प्रोटेक्टर समेत सुरक्षा के अन्य उपकरण ही नष्ट हो गये। उन में लगा कपड़ा पूरी तरह से फट गया। चौकीदारों ने जब स्टोर के अंदर से माल निकाला तो पाया कि बुलेट प्रूफ, बॉडी प्रोटेक्टर के अलावा पैरों व घुटनों को पथराव होने के दौरान बचाने के लिये उपकरण के भी कपड़े फट कर नष्ट हो गये। इसी तरह कई अन्य सुरक्षा के उपकरणकी बेल्ट व अन्य सामान नष्ट हो गया।

सदर कोतवाली में नमी से नष्ट हुए बॉडी प्रोटेक्टर, धूप में सुखाती पुलिस।

सार-संक्षेप

गलती की वजह से 369 किसानों को नहीं मिली राहत

कन्नौज। जिले में बाढ़/अतिवृष्टि की वजह से वर्ष 2021-22 में फसलों को नुकसान हुआ था। बैंक खातों व अन्य गलतियों की वजह से सभी किसानों को लाभ नहीं मिला था। दो साल बाद 369 किसानों के लिए नौ लाख 38 हजार 649 रुपये का बजट आ गया है। जल्द ही पीड़ितों के बैंक या डाकघर के खातों में भेज दिया जाएगा। कृषि निवेश अनुदान के तहत किसानों को राहत सहायता दी जाती है। राज्य आपदा मोचन निधि से 9 .38 लाख रुपये जिले के लिए आवंटित हुए हैं। बताया गया है कि किसानों के बैंक खातों में गलतियों व आईएफएस कोड में गड़बड़ी व अन्य कारणों की वजह धनराशि नहीं पहुंची थी। एडीएम आशीष सिंह ने सदर कन्नौज, तिर्वा व छिबरामऊ तहसीलदार को पत्र भेजकर कहा है कि बिना गलती के किसानों के बैंक खाते, नाम व सूची तलब की गई है जिससे दोबारा धनराशि पीड़ित किसानों को भेजी जा सके। पत्र में कहा गया है कि कन्नौज तहसील क्षेत्र में 124 किसानों के लिए 2 .79 लाख रुपये, छिबरामऊ इलाके के लिए 39 किसानों का 93 हजार और तिर्वा तहसील के 369 किसानों के लिए 5 .65 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। एडीएम ने कहा है कि इस कार्य में लापरवाही न बरती जाए।

डीआईओएस कार्यालय में कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी की सूची फाइनल करते लोग।

1600 कक्ष निरीक्षक करेंगे बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी

कन्नौज। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रहीं हैं। इसके लिए करीबब 800 कक्ष निरीक्षक तैनात किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों की ड्यूटी लगा दी गई है, जबकि बेसिक शिक्षा विभाग से भी इतने ही शिक्षकों की मांग हुई है। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां तकरीबन पूरी हैं। सभी 100 परीक्षा केंद्रों पर उत्तरपुस्तिकाएं पहुंच गई हैं। शहर के लाला श्याम लाल इंटर कॉलेज से कॉपियों का वितरण पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा में करीब 1600 कक्ष निरीक्षकों को तैनात किए जाएगा। मांग के हिसाब से ही ड्यूटी लगाई गई है। बेसिक शिक्षा विभाग को भी पत्र भेज दिया गया है। वहां से अध्यापकों की सूची जारी होगी। डीआईओएस कार्यालय में शिक्षकों की ड्यूटी लगाने का काम चलता रहा। बताया गया है कि 17 व 18 फरवरी को यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा होगी। इसमें प्रशासनिक, पुलिस अफसरों के अलावा अन्य विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गईं हैं। डीआईओएस का कहना है कि पुलिस भर्ती परीक्षा कराने के बाद प्रश्न पत्रों का वितरण केंद्रों पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नौ मार्च तक चलने वाली परीक्षाओं के लिए हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की सभी विषयों की परीक्षाओं के प्रश्न पत्र आ गए हैं। उनको सुरक्षित रखा गया है

हम नहीं सुधरेंगे | बुधवार को दफ्तर के अंदर व बाहर फाइलें लेकर मडराते दिखे दलाल

दलाल फिर हुए सक्रिय, चलने लगी परिवहन विभाग की दुकान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। एआरटीओ कार्यालय में दलाली प्रथा जगजाहिर है। अमृत विचार समाचार पत्र में संबंधित खबर प्रकाशित होने के बाद कार्यालय से खदेड़े गये दलाल अब फिर से सक्रिय होते दिख रहे हैं। इनके फाइल लेकर एआरटीओ कार्यालय न जाने से विभाग की दुकान बंद सी हो गई थी।

एआरटीओ विभाग में अधिकतर काम दलालों के माध्यम से होते हैं। कोई खुद काम लेकर पहुंचता है तो नियम कानून के झमेले बता कर लौटा दिया जाता है। पिछले दिनों अमृत विचार ने इस संबंध में खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद एआरटीओ ने दलालों का कार्यालय में प्रवेश बंद करा दिया। दो दिन तक यह व्यवस्था ठीक रही। इससे कार्यालय के बाहर व वाहनों के काम को आने वाले लोग नहीं पहुंचे। इससे विभाग के बाबू व विभाग को नुकसान होने लगा। बुधवार को दफ्तर के अंदर व बाहर दलाल फाइलें लेकर मडराते दिखे। जैसे ही उनकी नजर कैमरे पर पड़ी तो वह दफ्तर से भाग निकले। कई दलालों ने पास आकर रहम करने की बात कही। कहा कि एआरटीओ कार्यालय से ही उनका गुजर बसर होता है। इस संबंध में एआरटीओ इज्या तिवारी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया जबकि सीयूजी नंबर स्विच ऑफ आ रहा था।

खिड़की पर खड़े लोग। अमृत विचार

नियम ताक पर, वैन में ठूसकर बैठाते स्कूली बच्चे

संवाददाता, कन्नौज/छिबरामऊ

अमृत विचार। नियम कायदे ताक पर रख कर स्कूली वैन में भूसे की तरह बच्चों को ठूसा जा रहा है। खुलेआम बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ किये जाने के बाद भी परिवहन विभाग इस मुद्दे पूरी तरह मौन है। जिले में संचालित प्राइवेट स्कूलों में कई वाहन बच्चों को घर से स्कूल लाने व घर छोड़ने के लिये लगे हैं। वाहन चालक समय बचाने के लिये नियम कायदे ताक पर रखते हुए बच्चों को वाहन में ठूंस-ठूंस कर बैठा रहे हैं। यही नहीं, जिले के कई स्कूलों में अवैध तरीके से बिना परमिट व बिना पीला कलर कराये वैन व आटो मानक पूरे किये बगैर स्कूली बच्चों को लाने व ले जाने का कार्य कर रहे हैं। इनको पकड़ने के लिए एआरटीओ के पास समय ही नहीं हैं।

स्कूली वैन में बैठे क्षमता से अधिक बच्चे। अमृत विचार

गंगा तट कंपिल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

कम्पिल में गंगा स्नान कर रहे लोग। अमृत विचार

अखाड़ों ने निकाली शोभायात्राएं, किया शाही स्नान

मेला रामनगरिया में बसंत पंचमी पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी, किया दान-पुण्य, हाइवे पर रही जाम की स्थिति

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगातट पांचाल घाट पर लगे मेला राम नगरिया में बसंत पंचमी पर उमड़ी गंगा स्नान करने वालों की भीड़ उमड़ी। शाही स्नान से पूर्व अखाड़ों ने शोयात्राएं निकाली। हजारों कल्पवासियों ने गंगा में डुबकी लगाई और दानपुण्य किया। श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते सारे दिन इटावा बरेली हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही।

महाभारत कालीन इतिहास को अपने जेहन में संजोए पांचाल घाट पर इस समय प्रयागराज की तरह माघ मेला लगा हुआ है। इस मेले में देश भर से आये सन्त महात्मा और गंगा भक्त एक माह का कल्प वास कर रहे है। सन्तो ने चौथा शाही स्नान बुधवार को बसंत पंचमी पर पंच दशनामी जूना अखाड़े के महंत सत्य गिरी महाराज की अनुयाई में किया। इस मौके पर भारी संख्या में सन्त महात्मा मौजूद रहे।इसके बाद स्नान शुरू हो गया। दूरदराज से आये गंगा भक्तो ने भी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहे। गंगा स्नान करने वाले भक्तो की बजह कई बार पांचाल घाट पुल पर जाम लग गया। समाचार लिखे जाने तक इटावा बरेली हाइवे पर जाम लगा हुआ था। गंगा स्नान करने वालो के हर मार्ग से जत्थे पहुँच रहे हैं। एसपी विकास कुमार ने बताया कि मेला राम नगरिया में चौथा शाही स्नान शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया।

कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार, तीर्थ नगरी कंपिल के अटेना घाट शमसाबाद के ढाई घाट तथा अन्य पावन घाटों पर भी बसंत पंचमी के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़े रहे। यहां आने वाले हर व्यक्ति ने स्नान, ध्यान के साथ ही हवन पूजन दान किया।

दान पुण्य करते भक्त। अमृत विचार

राम नगरिया में शोभायात्रा निकाल रहे संत महात्मा। अमृत विचार

शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से किया गया स्वागत

- सत्यगिरी महाराज बोले, ध्यान अध्यात्म की कुंजी

फर्रुखाबाद। गंगातट पांचाल घाट पर लगे मेला राम नगरिया में कल्प वास कर रहे सन्त महात्माओं ने मौनी अमावस्या पर पंच दशनामी जूना अखाड़े के महंत सत्य गिरी महाराज की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा का जगह जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर सत्य गिरी महाराज ने कहा कि ध्यान ऐसी अध्यात्म की कुंजी है जिसके करने से साधक की जीवन रूपी बगिया में बसंत बगर जाता है। उसका जीवन महक उठता है। बसंत अर्थ होता है कि बस अब अंत हो गया।बसंत आते ही काम, क्रोध, लोभ,मोह,का अंत हो जाता है। जीवन की बगिया में परमात्मा रूपी बसंत बगर जाता है। आज जिस तरह हम बसंत का स्वागत कर रहे है उसका यही मतलब है। किअब सारे बंधन टूट गए।अब जीव खुद बृहम हो गया। यह जानने के लिए साधक को गहन ध्यान में डुबकी लगानी होती है।

सोनिया और राहुल ने दिया ईसाई मिशनरियों को बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- मेला राम नगरिया में महंत कमल नयन पत्रकारों से हुए रूबरू

अमृत विचार। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी राष्ट्र द्रोही हैं। कांग्रेस में जो सनातन धर्म की बात करता है उसे वाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। यह बात बुधवार को मेला रामनगरिया आए अयोध्या की छोटी छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने कही। वह दुर्वासा आश्रम पर पत्रकारो से बात चीत कर रहे थे।

महंत ने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी सनातन धर्म के विरोधी हैं। कमलनयन दास ने कहा कि राम मंदिर का कुछ काम अभी बाकी है। अब राष्ट्र के ऊपर जो संकट है, उसे खत्म करने के लिए काम करना होगा। लगातार बढ़ रही जनसंख्या में विषमता चिंता का विषय है। कांग्रेस पर भड़ास निकालते हुए महंत ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के समय धारा-30 ए लगाकर हिंदुओं को बेड़ियों में जकड़ने का काम किया। दक्षिण भारत के मंदिरों में वहां की राज्य सरकारों का होल्ड है। मंदिरों का पैसा ईसाई मिशनरियों और वक्फ बोर्ड के विकास में खर्च हो रहा है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इन दोनों को सनातन धर्म से कोई मतलब नहीं है। इन्होंने मिशनरियों को बढ़ावा देने का काम किया है। यह लोग राष्ट्र के हितैषी नहीं हैं। आजादी के समय कांग्रेस ने बाइबिल व कुरान को पढ़कर सरकारी परीक्षाओं में प्रतिभाग करने का नियम बनाया था। वहीं गीता पढ़ने वालों को प्रतियोगी परीक्षाओं से दूर रखा। जो कांग्रेस कार्यकर्ता सनातन धर्म पर बात करता है, उसको पार्टी से बाहर निकाल दिया जाता। कमलनयन दास ने स्वामी प्रसाद मौर्य को अन जान कहते हुए उन पर कई तंज कसे।

मेला रामनगरिया में दुर्वासा आश्रम पर संतों के साथ महंत कमल नयन दास।

बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए बसंत पंचमी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में आज बसन्त पञ्चमी के पावन पर्व पर यज्ञ किया गया। यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि बसंत पंचमी को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बसन्त पञ्चमी के दिन सन् 1734 में लाहौर में वीर हकीकत राय का पहला बलिदान माना जाता है जो धर्म परिवर्तन के खिलाफ हुआ था। 14 साल के इस बच्चे ने निर्भीकता और निडरता की ऐसी मिसाल पेश कर दी थी कि हर भारतीय मां अपने बच्चे से कहने लगी कि बनना हो तो हकीकत जैसा वीर बनना। यवनों के शाशन काल में 14 वर्ष के वीर बालक हकीकतराय को चोटी और जनेऊ कटवाकर धर्म परिवर्तन करने के लिए कहा गया, तब हकीकतराय ने कहा कि- चाहे काट दो बोटी-बोटी को, पर दूंगा नहीं चोटी को। जब धर्म परिवर्तन नहीं किया तो अगले दिन हकीकतराय को आधा जमीन पर गाड़ दिया गया और उस पर सैकड़ों लोगों ने पथराव करके बेहोश कर दिया, बाद में काजी ने सर कलम कर दिया। इस प्रकार धर्म परिवर्तन के लिए अपना बलिदान देने वाले हकीकत राय पहले वीर थे। 14 साल की उम्र में उन्होंने त्याग और बलिदान का मर्म समझ लिया था। आज उस वीर बलिदानी बालक को हम शत-शत नमन करते हैं। आचार्य ने कहा कि विद्वान, संत के आने से परिवार और समाज सुन्दर और अच्छा बनता है और बसन्त आने से प्रकृति सुन्दर और अच्छी बनती है। संत के आने से समाज सुधरता है और बसन्त के आने से प्रकृति सुधरती है। बसन्त पञ्चमी के ही दिन हमारे समाज में सरस्वती माँ की पूजा की जाती है। विद्या" मनुष्य को सात्विक, सरल, तथा पवित्र बनाने वाली होती है। कु. उदिता आर्या, गोपिका आर्या, रामवीर आर्य, हरिओम शास्त्री, पण्डित शिवनारायण आर्य ने भजनों के माध्यम से उत्तम विचार प्रस्तुत किए। सभा का संचालन स्वामी महेन्द्रानंद ने किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य,आचार्य महावीर शास्त्री, शिशुपाल आर्य, संजीत आर्य, रत्नेश द्विवेदी रहे।

जानकारी दे रहे आचार्य। अमृत विचार

बसंत पंचमी पर लोगो ने जम कर पेंच लड़ाए

फर्रुखाबाद। जिले में वसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने जमकर पतंगबाजी करते हुए पेंच लड़ाए। भोर से लेकर शाम तक चारों ओर वो काटीशोर गूंजता रहा। शाम को छुड़ाई गई सतरंगी आतिशबाजी से दीपावली सा नजारा दिखाई दिया। बुधवार को वसंत पंचमी के चलते युवाओं ने मंगलवार रात ही डीजे आदि छत पर लगा लिया था। भोर होते ही लोग छतों पर चढ़ गए और पतंगबाजी शुरू कर दी। कई लोग पतंग की दुकानों पर पहुंचे और मांझा, सद्दल व पतंगें आदि खरीदीं। सुबह करीब सात बजे तक आसमान में चारों तरफ रंग-बिरंगी पतंगे उड़ रही थीं। महिलाएं, बच्चे और युवा पीले रंग के कपड़े पहने हुए पतंगबाजी करने में व्यस्त थे। युवतियां व महिलाएं भी पतंगबाजी करने में पीछे नहीं दिख रही थीं। जैसे ही कोई किसी की पतंग काटता तो छत पर मौजूद लोग वो काटी है, दिवाला है कहकर शोर मचाने लगते।

पाइप लाइन के लिए खोद दी गईं गलियां, हुआ जलभराव

- ग्राम पंचायत जिजपुरा के मजरा मंसूरनगर का हाल बेहाल
- मोहल्ले में बजबजा रही नालियां, पनप रहे हैं मच्छर

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। ग्राम पंचायत जिजपुरा के मजरा मंसूरनगर का हाल बेहाल है। पाइप लाइन के लिए खोदी गई गलियों से आवागमन में दिक्कत आ रही है। गांव में सफाई न होने से नालिया बजबजा रही है। उसमें मच्छर पनप रहे है।

ग्राम पंचायत जिजपुरा के मजरा मंसूरनगर में जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदार की ओर से खुदाई कर पाइप लाइन डाली गई थी। तब से गांव की गलियां खुदी पड़ी है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। ग्रामीण रचित, जयसिंह, गणेश, प्रशांत का कहना है एक तो वैसे भी गलियां सकरी है। उस पर पाइप लाइन के लिए खोदी गई गलिया मुसीबत बन गई है। बारिश में बुरा हाल हो जाता है। वही गलियो में बनी नालियों की सफाई न होने बजबजा रही है। उसमें मच्छर पनप रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सफाई को लेकर मांग कर चुके है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने मांग की गांव की गलियों को बनाकर सफाई कार्य कराया जाए ताकि उन लोगो को राहत मिल सके।

कीचड़ से बजबजा रही नालियां। अमृत विचार

अवार्ड को सात विद्यार्थी चयनित

- प्रत्येक को दी जाएगी दस-दस हजार रुपये की धनराशि

फर्रुखाबाद। इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत जनपद के सात छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। इनको प्रमाण पत्र के साथ ही दस-दस हजार की धनराशि दी जाएगी।

जनपद के माध्यमिक विद्यालयों से करीब एक सैकड़ा से ज्यादा छात्राओं ने इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत आवेदन किए थे। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इंस्पायर अवार्ड के विजेता छात्रों की सूची घोषित कर दी है ।इसमें ब्लॉक राजेपुर क्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल गांधी के छात्र मोहित कुमार, जीआईसी फतेहगढ़ के छात्र अभिजीत सिंह, जूनियर हाई स्कूल जहानगंज के शेखर, चौधरी गजराज सिंह इंटर कॉलेज के छात्र सचिन, डीपीएस इंटर कॉलेज की छात्रा रोशनी और जूनियर हाई स्कूल वीरपुर की छात्रा सोनिका का चयन इंस्पायर अवार्ड योजना में किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि विजेता छात्रों को 10-10 हजार रुपए की राशि व प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

स्वास्थ्य कर्मचारियों ने फेंका भोजन

फर्रुखाबाद। मुख्यचिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों को भोजन दिया गया। खराब पनीर देख स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भोजन फेंकते हुए हंगामा किया। एनएचएम के तहत मंगलवार को सीएमओ सभागार में स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। दोपहर को लंच के दौरान उन्हें लंच पैकेट दिए। लंच पैकेट में खराब पनीर निकलने पर स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भोजन फेंक दिया।

पीले हलवे व पीली तहरी का लगा भोग

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। हर वर्ष की भाति गांव हमीरपुर लालबाग स्थित बाबा जूही शाह की मजार पर बसंत पर्व मनाया गया। बाबा के आस्ताने पर हिंदू मुस्लिम की भारी भीड़ उमड़ी। सभी ने पीले बस्त्र धारण किए। बाबा के आस्ताने को रंग बिरंगे पतंगी कागज व फुलवारियों से सजाया व सवारा गया। इस आयोजन में मटकी में आम पत्ता, सरसो, गेहूं की बाली, गेंदाआदि भरकर पेश किया गया। इसके बाद पीले हलवे व पीली तहरी का प्रसाद बाटा गया। इस अवसर पर मुल्क की सलामती के लिए दुआए की गई। इस मौके पर दरगाह के सज्जादानशीन मुशीर अहमद कादरी चिश्ती बारसी ने कहा चिश्तियां सिलसिले में यह खुसरो की एक रस्म है जो हर बसंत पंचमी को मनाई जाती है।

बाबा जूही शाह के आस्ताने पर मना रहे बसंत। अमृत विचार

महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही सरकार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत हुई संगोष्ठी

अमृत विचार। आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत सदर विधानसभा की संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने कहा नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा नारी हितों के लिए किए जा रहे कार्यों एवं प्रयासों की जानकारी महिलाओं से संबंधित सभी स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। विकसित भारत के निर्माण में महिला सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण भूमिका में निभाएगा। केंद्र की मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाने का कार्य किया है। देश में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने के लिए 33% आरक्षण देकर उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया है। वर्तमान में केंद्र सरकार के प्रयासों से महिलाओं को पुरुषों की तुलना में अग्रणी पंक्ति में लाने का कार्य किया है।

मनमानी | परीक्षार्थियों के विद्यालय से संबंधित शिक्षकों को बना दिया गया वाह्य केंद्र व्यवस्थापक

वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की तैनाती में हुई गड़बड़ी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- ड्यूटी लगाने के नाम पर साठगांठ होने की विभाग में होती रही चर्चा

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा में वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की तैनाती में गड़बड़ी सामने आई है। कुछ परीक्षा केंद्रों पर जिस स्कूल के शिक्षक की ड्यूटी वाह्य केंद्र व्यवस्थापक के रूप में लगी है, उनमें शिक्षक के विद्यालय के बच्चों का सेंटर भी है। फिलहाल 79 परीक्षा केंद्रों पर वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी लगा दी गई है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सख्त निर्देश है कि जिस परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों का केंद्र बनाया गया है। उस परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के विद्यालय से संबंधित किसी भी शिक्षक की ड्यूटी ना लगाई जाए। बीते दिनों जिला विद्यालय शिक्षक कार्यालय से वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की जो सूची जारी हुई है उसमें कुछ परीक्षा केंद्र ऐसे हैं, जिनमें उन शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई है, जिनके विद्यालय के बच्चों का वह सेंटर भी है। सूत्रों के अनुसार जीआईसी फतेहगढ़ में भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज के बच्चों का सेंटर है। इसी केंद्र पर भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज के सहायक अध्यापक मनोज कुमार को वाह्य केंद्र व्यवस्थापक बना दिया गया। वहीं केएसआर इंटर कॉलेज कंपिल में एसएनएम इंटर कॉलेज के परीक्षार्थियों का सेंटर है वहां एसएनएम कॉलेज के प्रवक्ता दीपक कुमार की ड्यूटी वाह्य केंद्र व्यवस्थापक के रूप में लगा दी गई। यह भी चर्चा है कि ड्यूटी लगाने के नाम पर सांठगांठ की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि जिस परीक्षा केंद्र पर किसी विद्यालय का केंद्र है वहां उस विद्यालय के शिक्षक की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी। वाह्य केंद्र व्यवस्थापक की ड्यूटी किसी भी केंद्र पर लगाई जा सकती है। उसे केंद्र पर अगर उनका कोई परीक्षार्थी है तो उसका उन्हें पत्र देना होगा। जिस कक्ष में उनका पाल्य परीक्षा दे रहा होगा वहां वाह्य केंद्र व्यवस्थापक नहीं जा सकेगा।

यूपी बोर्ड : परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पस्तिकाएं पहुंचना शुरू

फर्रुखाबाद। माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) परीक्षा 2024 के लिए बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में बने स्ट्रांग रूम से55 परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं भिजवाई गई हैं। आज सुबह से ही केंद्र व्यवस्थापकों का जीआईसी फतेहगढ़ में पहुंचना शुरू हो गया। स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्रों से आए शिक्षकों व कर्मचारियों को उत्तर पुस्तिकाएं बांटी गईं ।एमआईसी फतेहगढ़, रामानंद बालिका इंटर कॉलेज, एनकेपी इंटर कॉलेज, रामानंद बालक इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद, माता चंद्रावती इंटर कॉलेज, आदर्श जनता इंटर कॉलेज रानू खेड़ा, चौधरी गजराज सिंह इंटर कॉलेज, एवीए इंटर कॉलेज शमशाबाद और पुतूलाल गोमती देवी इंटर कॉलेज जहानगंज समेत करीब 14 परीक्षा केंद्रों को उत्तर पुस्तिकाएं भिजवाई गईं जनपदीय उत्तर पुस्तिका वितरण प्रभारी राजू अहिरवार ने बताया कि 8 फरवरी से उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण चल रहा है अभी तक 55 परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं भिजवाई जा चुकी हैं।

फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो शातिर गिरफ्तार

संवाददाता फर्रुखाबाद

- मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति की जमीन हड़पने की बना रहे थे योजना

अमृत विचार। थाना कमालगंज पुलिस ने जमीन का फर्जी बैनामा कराने के लिए तैयार किए गए फर्जी आधार कार्ड सहित दो जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना पुलिस ने ग्राम नौगवां नसरतपुर निवासी सीवेंद्र राजपूत पुत्र सूरजपाल एवं थाना जहानगंज के ग्राम जलालपुर निवासी अमन कुशवाहा उर्फ पिन्ना पुत्र अशोक कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के समय आरोपी आधार कार्ड का प्रतिरूपण कर फर्जी आधार कार्ड तैयार कर रहे थे। पुलिस को मौके पर 15 आधार कार्ड मय लेमिनेशन व सात आधार कार्ड फोटो कापी व आधार कार्ड तैयार करने के उपकरण लेपटाप मय चार्जर, पिन्टर एचपी, कीवोर्ड एवं माउस, मोबाइल सैमसंग, पैकेट लेमिनेशन एवं 12 बन प्लस फोटो सूट, इंक जेट ,आईडी ,फोटो पेपर व 1850 रुपए मिले। पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि गांव नगरिया देवधरापुर निवासी पंजाबी पुत्र मैकूलाल की जमीन को हड़पने का प्रयास कर रहे थे। पंजाबी इस समय किसी अभियोग मे फतेहगढ़ जेल में आजीवन सजा काट रहा है। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। उसकी जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए उसका फर्जी आधार कार्ड तैयार किया था। एसपी विकास कुमार ने बताया कि फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो लोगों को 15 फर्जी आधार कार्ड सहित गिरफ्तार किया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय–4–सी0, ऐ0आई0 आपर्टमेन्ट वजीरहसन रोड लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।
पार्टी के पदाधिकारियों के नाम /पता नीचे दिए गये हैं :–अध्यक्ष: मंसूर आलम, 55 कैथाना फूलपुर प्रयागराज। उपाध्यक्ष:–मो0 नोमान सिद्दीकी हल्दी खुर्द मुंगारी करछना प्रयागराज। महासचिव: मो0 शायबा हम्फी ऐ–504/1–बी, जीटीबी नगर करेली प्रयागराज। कोषाध्यक्ष: मसरूर अहमद, हल्दी खुर्द करछना प्रयागराज। यदि किसी को पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

सूचना
पहले मेरा नाम ARUN था अब मैने बदलकर अपना नाम ARUN KUMAR रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। D/O: INDAL, VILL AND POST BANI JAISINGHPUR SULTANPUR, UTTAR PRADESH-228131

सूचना
सूचित हो कि मैं शालनी देवी पत्नी अजय सिंह, निवासी– सिलहरा तहसील सिकंदरा जिला कानपुर देहात, मेरा खाता औरैया के एक्सिस बैंक में ज्वाइंट खाता है। जिसमें मेरा नाम SHALINI DEVI w/o AJAY SINGH त्रुटि पूर्ण अंकित हो गया है जबकि मेरा आधार कार्ड व पैन कार्ड के अलावा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में SHALANI DEVI अंकित है जो कि सही है। मुझे सही नाम से जाना व पहचाना जाए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

संपादकीय

फिर किसान आंदोलन

चुनावों से पहले अपनी मांगों को लेकर आंदोलन, हड़ताल और प्रदर्शन करना कोई नई बात नहीं है। यह भी नहीं कहा जा सकता कि यह तरीका संविधान सम्मत नहीं है। बीते दो दिनों से पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान अपनी मांगों को लेकर लामबंद हैं और दिल्ली की तरफ बढ़ने की बराबर कोशिश कर रहें हैं। धारा-144 लगाकर शंभू बॉर्डर पर पुलिस फोर्स की तैनाती और पुख्ता इंतजाम करके किसानों को रोकने की कोशिश जारी है। इस दौरान किसानों की पुलिस से कई बड़ी झड़पें भी हो चुकी हैं। सही है कि किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए, लेकिन किसानों को भी यह सोचना है कि बिना किसी उपद्रव के संवैधानिक तरीके से अपनी बात को मजबूती के साथ रखें। यहां इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि किसान आंदोलन की आड़ में ऐसे तत्व भी अपनी जमीन तलाश रहें हैं जिनका मंसूबा हमेशा से देश को अस्थिर करने का रहा है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि 2021 में कृषि कानून के विरोध में आंदोलन चल रहा था, तब 26 जनवरी को दिल्ली के कई इलाकों खासकर लालकिला पर खूनी हिंसा का खेल खेला गया था जिसमें पुलिस अधिकरियों समेत कई जवान हिंसा का शिकार हुए थे।

आंदोलित किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, पुलिस मामलों को वापस लेने और लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं। हालांकि मंगलवार को कृषि मंत्री अनुराग ठाकुर की किसानों से वार्ता हुई, लेकिन वार्ता किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। यहां एमएसपी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों आदि मांगों से सहमत हुआ जा सकता है, लेकिन कृषि ऋण माफी और पेंशन की मांग से सहमत नहीं हुआ जा सकता है। क्योंकि पूर्व में अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें कृषि ऋण माफी की आड़ में किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में कृषि कार्यों के नाम पर कर्ज लिया गया, लेकिन उसका उपयोग कृषि कार्यों में न करके व्यक्ति कार्यों में किया जाने लगा। इस तरह कृषि ऋण को उपभोग की वस्तु बना लिया गया है। इसी प्रकार पेंशन संबंधी मांग से भी सहमत नहीं हुआ जा सकता है, क्योंकि खेती एक व्यावसायिक कार्य है, जो निरंतर चलता है। साथ ही एक बात और गौरतलब है कि किसानों की आय पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं है। वर्तमान में हो रहे किसान आंदोलन से दिल्ली और आसपास के इलाकों में जाम की समस्या शुरू हो चुकी है जिससे जनजीवन तो प्रभावित हो रहा है, साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। आंदोलनरत किसानों को समझना होगा कि वे अपना प्रदर्शन बेशक जारी रखें, लेकिन देश की संपत्ति और जनमानस को प्रभावित किए बिना प्रदर्शन करें।

संस्मरणात्मक विरासत बनाती पुस्तक मेलों की संस्कृति

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है।

दिल्ली और अपने घर के आसपास के संस्थानों में लगने वाले पुस्तक मेलों में पचासों बार गया हूं। मेरा मकसद साहित्यिक विमर्श और वैचारिक आदान-प्रदान नहीं होता। इसके लिए पुस्तक मेला बिल्कुल अनुपयुक्त स्थल है। बेचने के लिए ही पुस्तक मेला आयोजित किया जाता है। प्रकाशकों से पहचान हो जाना और पुस्तक लेखन की योजना पर आंशिक चर्चा होना भी संयोग समझिए। पुस्तक मेले में मंथर गति से चलते हुए,सुबह से शाम तक पुस्तकें छांटना और अपनी पसंद की क्वालिटी पब्लिकेशंस खरीदना बहुत समय साध्य है। हर एक मनुष्य अपनी फाइनेंसियल और बौद्धिक क्षमता के अनुसार यहां आकर पुस्तकें खरीद सकता है।

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है। वह समय सन् 1970 बीतते गया जब हिंदी भाषा के प्रकाशन ओरिजिनल हुआ करते अध्येता परिश्रम से इनमें ऐतिहासिकता,क्रिटिकैलिटी,विमर्श और इंटरप्रिटेशन की टाइपोलॉजी को उच्च स्तर पर रखा करते जैसे कि आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल के निर्देशन में अम्बा प्रसाद 'सुमन' जी की बृज क्षेत्र की कृषि शब्दावली। किताब तब खरीदी जाती है जब इसे लेने के लिए रुपया और रुचि दोनों मौजूद हैं। पढ़ने की ललक है और घर में रखने के लिए पर्याप्त स्पेस है। मंथर गति से चलने पर भी पुस्तक मेले में अवलोकन करते हुए थकान हो जाती है। करीब सात-आठ बार मेले में आने से तृप्ति होती थी। इस प्रक्रिया के चलते कुछेक बेहतरीन पुस्तकों और जर्नल्स का अच्छा कलेक्शन किया जा सकता है। मेरे निजी पुस्तकालय में पुस्तकों और जर्नल्स को देख-देख कर मुझे आनंद का अहसास होता रहता है। जीने की अनेक कलाओं में यह भी है। पुस्तकों को देखने मात्र से मिलने वाले आनंद के सहारे जिंदगी मजे से चल रही है। जब कुछ लिखता हूं तो इन्हें संदर्भ के लिए देख कर तसल्ली भी कर लेता हूं कि जो लिखा है वह त्रुटिपूर्ण तो नहीं है। हिंदी मीडिया के लिए लिखते समय संदर्भ का हवाला लेख की बॉडी में ही देना होता है और ऐसा

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है।

करने से लगता है कि यह मात्र विचार संप्रेषण नहीं है,बल्कि सबूत और संदर्भ के कारण इसे शोधपूर्ण भी बनाया गया है। लेखन चाहे पोलिटिको-सोशल हो या सोशियो-इकॉनोमिक, साइंटिफिक हो या सोशियो-साइंटिफिक या खेल से सम्बंधित,यह हर हाल में ऑथेंटिक होना चाहिए और चेंज एवं ट्रेंड्स को दिखाने वाला। लेखन को गहन, संयमित और संतुलित बनाकर इसे मानव ज्ञान की वृद्धि के लिए प्रस्तुत करना चाहिए। ऐसा आभास हमें पुस्तकों के अध्ययन से खासतौर से आत्मकथाएं पढ़ कर हासिल होता है।

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है। लाहौर के एक बड़े प्रकाशक 'फिरोज पब्लिशर्स' से मैंने एक बार बीसियों टाइटल्स खरीदे। वे मुझे आधे दाम में पड़े। ये सभी किताबें पाकिस्तान की ज्योग्राफिकल, आर्किटेक्चरल, आर्टिस्टिक, इंडस्ट्रियल क्राफ्ट्स और कल्चरल हिस्ट्री से संबंधित हैं और अब लगभग अप्राप्य हैं। पाकिस्तान के भिन्न ज्योग्राफिकल रीजन्स की कॉस्ट्यूम और फलों पर भी किताबों के टाइटल्स फिरोज पब्लिशर्स के कैटेलॉग में दर्ज थे,लेकिन किताब उपलब्ध नहीं थी। कहा कि अगले पुस्तक मेले में ले आएंगे। फिर वे कभी नहीं आए। जनाब शुएब राजा जो कि फिलवक्त डेरा गाजीखान में स्थित एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के मार्फत मुझे मालूम हुआ कि इन बुजुर्ग का काफी साल पहले इंतकाल हो चुका है। पुस्तक मेलों पर बहुत लेख मैंने पढ़े हैं,लेकिन एकाध लेखक ही ऐसा रहा होगा जो व्यक्तिगत शैली में जज्बाती होकर खुद के अनुभव लेख के जरिए साझा करता है। पुस्तकों को कभी एक उड़ती सी नजर से नहीं देखना चाहिए। मैं इसे ज्ञान की अवमानना मानता हूं। पुस्तकों में बंद ज्ञान को आत्मसात करने से आनंद चौगुना हो जाता है। मुझे तो जब कोई भी रेयर बुक अफोर्डेबल लगती है तो मुझे इस कीमती चीज का मालिक बन जाने से कौतुक और गर्व महसूस होता था। कुछ लाजवाब टाइटल्स केवल एक बार ही छपते हैं। इनका फुल-टेक्स्ट, पीडीएफ संस्करण भी सुलभ नहीं है। आप सजग नहीं और यह आपकी रुचि के बेहद करीब है तो समझिये कि एक खजाना हाथ से निकल गया। उदाहरण के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी ने 'इंडियन लिट्रेचर' जर्नल का जनवरी-फरवरी 2024 का ताजा अंक भारतीय विज्ञान कथा साहित्य को समर्पित किया है। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरु विश्व विद्यालय में अंग्रेजी साहित्य के प्रोफेसर जी.जे.वी. प्रसाद ने चंडीगढ़ से प्रकाशित 'द ट्रिब्यून' में कुछ दिन पहले साहित्य अकादमी, दिल्ली द्वारा प्रकाशित इस जर्नल के अंक में भारतीयों द्वारा लिखे गए विज्ञान कथा साहित्यिक सामग्री के बारे में समीक्षात्मक टिप्पणी प्रकाशित की है। इस संग्रह में जौनपुर के डॉ.अरविंद मिश्र की भी एक कहानी है। पढ़कर मैं उत्सुक हुआ और 10 फरवरी को मेरा बेटा जब पुस्तक मेले में गया तो इसकी एक प्रति वह ले आया इसमें दी गई कुछ कथाएं मैंने पढ़ ली हैं। सन् 1980 से ही विज्ञान कथा साहित्य मैं पढ़ता रहा हूं। जाहिर है उस समय भारत में विज्ञान कथा लेखन बहुत नहीं होता था,लेकिन दसेक साल से इसमें बढ़ोतरी हुई। इसे महिला और पुरुष दोनों लिख रहे हैं और ये सब पश्चिम के विज्ञान कथा लेखन से कुछ मायने में इसलिए भिन्न हैं कि इसमें पात्र, घटनाएं और विषय वस्तु लीक से हटकर है। शैली भी भिन्न है और कुछ तो आत्म कथात्मक है।

इससे पहले मैंने अमेरिकन पल्प साइंस फिक्शन, ब्रिटिश, पोलिश, रशियन और फ्रेंच (दोनों भाषाओं से अंग्रेजी जुबान में अनूदित) विज्ञान कथाएं और उपन्यासों के अलावा विज्ञान कथा साहित्य की थ्योरी और लिट्रेरी क्रिटिसिज्म को खूब पढ़ा है। जाहिर है विज्ञान कथा साहित्य को अब एक लिट्रेरी विधा मानकर भारतीय लेखक इस पर ध्यान दे रहे हैं। इसके पाठक भी हैं। कुछ महीना पहले हिंदी की पत्रिका 'विज्ञान प्रगति' ने विज्ञान कथाओं को लेकर एक विशेषांक प्रकाशित किया था। पुस्तक मेले में लोकरुचि शैली में वैज्ञानिक विषयों के बारे में सौ से अधिक टाइटल्स तो नेशनल बुक ट्रस्ट ने ही अब तक प्रकाशित किए हैं। विज्ञान कथा साहित्य प्रकाशित करने के बारे में भारतीय प्रकाशकों की रुचि अब बढ़ रही है। परंपरागत साहित्य में लोगों की रुचि घट रही है। इसलिए डाइवर्सिटी के बतौर विज्ञान कथा साहित्य का प्रकाशन एक सुखद बात है। हिंदी भाषा में आजकल बहुत ही शानदार और प्रभावपूर्ण टाइटल्स, साहस यात्रा, एंथ्रोपोलॉजी, एथ्नोग्राफी, पॉपुलर साइंस, एजुकेशन, संस्मरण, जीवनी, ज्योग्राफी, ट्रेवल, भाषा और मनुष्य समाज की सोशियोलॉजी के बारे में आ रहे हैं। इन्हें पढ़कर हमारी समझ में जो इजाफा होता है,वही हमारी संस्मरणात्मक विरासत है। पारंपरिक ट्रेवल राइटिंग हिंदी में अब घुमक्कड़ी साहित्य हो गया है,परंतु जो मॉडर्न है वह राहुल संकृत्यायन जैसे यायावरों की लेखन शैली और कथ्य से अभी कुछ दूर है,लेकिन इससे भी पहले ब्रिटिश राज के समय में लिखा गए सर्वे, मिलिट्री, व्यापारिक और एथनोग्राफिक प्रकृति के यात्रावृत्तों की लेखन शैली का और उसी समय के कुछ भारतीय यायावरों के संस्मरण संबंधी पुस्तकें डिटेल्स में गजब की थीं। ऐसी पुरानी पुस्तकों के नवीन संस्करण पुस्तक मेलों में नहीं लाए जाते जबकि कॉपीराइट समाप्त होने से इनका पुनर्प्रकाशन मूल भाषा के अलावा हिंदी में अनूदित रूप में संभव है। इनमें बृहत्तर भारत की वह जानकारी है जो अब दुर्लभ है। रुचि अनुसार हजारों पुस्तकें उपलब्ध हैं,लेकिन कहना चाहूंगा कि प्रांतीय सरकारों के वित्तीय अनुदान से चलने वाली ग्रंथ अकादमियों द्वारा सन् 1950 और 1960 आदि दशक तक प्रकाशित की गई पुस्तकों के अलावा सन् 1965 से लेकर 1990 तक प्रांतों की साहित्य अकादमियों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं भी अपने देश और लोगों से संबद्ध शानदार पठनीय सामग्री नियमित रूप से मामूली कीमत पर सुलभ कराती रहीं। बिहार राज्य की ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित 40-50 वर्ष पहले छापी गई। अनेक पुस्तकों की गुणवत्ता श्रेष्ठ थी जिनमें से मैंने दो-चार खरीदी थीं। असल में जैसी पुस्तकें मेरे जैसे व्यक्ति खरीदने और पढ़ने की उत्सुकता बनाए रखते हैं,उसकी वजह शायद ज्ञान के मूल स्रोत और इनके संदर्भों की जानकारी लेकर खुद को सक्षम बनाने की प्रवृत्ति ही अधिक है।

प्रसंगवश

महत्वपूर्ण है प्रेम में त्याग

कल वैलेंटाइन डे था। हर तरफ बड़ा शोर था,खासकर महानगरों में। यह एक प्रेम दिवस है,ऐसा माना जाता है। जीवन में प्रेम की आस सब को है। इस दिवस के साथ कई कहानियां जुड़ी हुई हैं। कहानियों से अधिक महत्वपूर्ण है व्यक्ति का प्रेम के प्रति लगाव और उसके लिए अवसर की तलाश एवं प्रेम के लिए किया गया त्याग।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी जिद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी ज़िद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।

वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

शायद अहम -अहंकार-स्वार्थ, प्रेम-प्राप्ति के रास्ते के सबसे बड़े बाधक हैं। हम स्वकेंद्रित हो रहे हैं और समाज सापेक्षता एक बड़े वर्ग के जीवन से लुप्त हो रही। क्या एक स्व-केंद्रित व्यक्ति एक सच्चा प्रेम कर सकता है या पा सकता है? हैपी वैलेंटाइन डे के मैसेज एक प्रेम की आस से किया गया संदेश है। यह मात्र प्रेमी-प्रेमिका या पति-पत्नी के बीच के संबंधों से उपजा दिवस नहीं है।

इसके वृहद आयाम है। भारतीय इतिहास प्रेम-आख्यानों से भरा हुआ है-प्रेम परिवार के प्रति, पारिवारिक मान्यताओं के प्रति। प्रेम में त्याग महत्वपूर्ण है,यह संदेश प्रेम का सबसे आवश्यक अवयव है।

लिव इन अब कोई खेल नहीं

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

हाल ही में उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर विशेष प्रावधान एवं रस्मों तथा रिश्तों पर वैधानिक प्रतिबंध प्रस्तावित किए गए। विधेयक के दायरे में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा भी रहा और यह मुद्दा है- सहमति संबंधों अथवा लिव इन रिलेशनशिप का।

वैसे तो भारतीय समाज में लिव इन की परंपरा एक नए नवेले मेहमान की तरह है,क्योंकि हमारी पुरानी संस्कृति व परंपराओं में कहीं भी लिव इन का जिक्र नहीं मिलता है। किंतु बहुत से रिवाज ऐसे हैं जिन्हें हमने पाश्चात्य सभ्यता से या तो मजबूरन ग्रहण किया है अथवा सदियों की दासता के परिणामस्वरूप हमारी परंपराएं एवं प्रथाएं भी पश्चिमी रंग में रंग गई हैं। इन्हीं आधुनिक परंपराओं में से एक है लिव इन रिलेशनशिप अथवा सहमति संबंध। बिना किसी वैवाहिक रस्म के और बिना किसी प्रतिबद्धता के किसी पुरुष एवं महिला का एक साथ रहने लगना आखिर किस हद तक उचित है। हालांकि बदलते वक्त के साथ सही और गलत के पैमाने भी पूर्णतया बदल गए हैं। हकीकत यह है कि लिव इन संबंध आज के समय में आधुनिकता के स्तर को स्पर्श करने का प्रतीक माना जाता है,लेकिन इस प्रथा के चहुं ओर किसी तरह का कोई सुरक्षा घेरा मौजूद नहीं था। कई मामले तो ऐसे सामने आए हैं जिनमें लिव इन में रहने वाले प्रेमी युगल के परिजनों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं थी और आखिरकार वे संबंध बालू की किसी भीत की तरह साबित हुए। स्वाभाविक सी बात है कि जिस संबंध में किसी तरह की कोई सीमाएं या नियंत्रण रेखा न हों,वह निश्चित रूप से अस्थिर ही सिद्ध होगा। यह बात तो समझ से पूर्णतया परे है कि सहमति संबंध का अर्थ सिर्फ यही है कि पुरुष व स्त्री स्वेच्छा एवं सहमति के आधार पर जब तक चाहें साथ रहें और जब चाहे अलग हो जाएं। लिव इन के साथ यौन संबंध न हों, ऐसा तो नितांत असंभव है,बल्कि सत्य कहा जाए तो लिव इन संबंधों का केंद्र बिंदु ही शारीरिक संबंध है। क्या ऐसा संभव है कि लिव इन में साथ रहने पर तो सहमति हो किंतु शारीरिक संबंधों पर नहीं। ऐसा हो जाए तो लिव इन का अस्तित्व क्षण भर में खत्म हो जाएगा।

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में कानून दंड देगा। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लिव इन में रहने के लिए पुरुष व स्त्री दोनों का वयस्क होना अनिवार्य है। पंजीकरण कराने के उपरांत मिलने वाली रसीद के आधार पर ही युगल किसी घर अथवा हॉस्टल को किराए पर ले सकेगा। पंजीकरण न करने की दशा में तीन माह का कारावास अथवा दस हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। पंजीकरण में गलत सूचना देने पर भी छह माह के कारावास एवं पच्चीस हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। निस्संदेह लिव इन संबंधों पर लगने वाले ये प्रतिबंध संबंधों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगे। पंजीकरण कराने वाले युगल की पूरी सूचना उसके माता-पिता को दी जाएगी। परिजनों को इस विषय में पूरी सूचना व जानकारी होना भी चाहिए ताकि वे निश्चिंत होकर रह सकें। विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि लिव इन संबंधों के दौरान पुरुष के द्वारा महिला को छोड़ दिया जाता है तो महिला भरण पोषण की मांग करते हुए न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रख सकेगी। सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि लिव इन संबंधों से पैदा हुआ बच्चा पैतृक संपत्ति का अधिकारी होगा। इस प्रावधान से लिव इन से पैदा होने वाले बच्चों को भी एक सुरक्षा कवच उपलब्ध हो जाएगा।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि लिव इन संबंधों को एक सुरक्षा आवरण देने के लिए उत्तराखंड सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की है। लिव इन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने वाले यह तर्क देते हैं कि इन संबंधों के माध्यम से पुरुष व महिला को एक दूसरे को समझने एवं परखने का अवसर मिलता है, लेकिन अनेक ऐसे मामले हैं जिनमें किसी पुरुष अथवा महिला को कुछ भी जानने एवं समझने का अवसर ही नहीं मिला और उनकी जिंदगी लिव इन की भेंट चढ़ गई। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लिव इन संबंधों को सख्त प्रतिबंधों एवं कानून के दायरे में लाना नितांत आवश्यक है। पंजीकरण अनिवार्य हो जाने से यह समस्या हल हो जाएगी। लिव इन संबंधों का उद्देश्य स्वतंत्रता एवं स्वच्छंदता प्राप्त करना है,किंतु यह भी निश्चित है कि स्वच्छंदता पर अगर बंदिशें न लगाई गईं तो वही स्वच्छंदता घातक भी सिद्ध हो सकती है।

सोशल फोरम

कौन हैं देवी सरस्वती

हिंदू धर्म की तीन पौराणिक महानायिकाओं लक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती में विद्या और कला की देवी सरस्वती वस्तुतः प्राचीन भारत की सबसे पवित्र नदी सरस्वती का मानवीकरण है। वैदिक भारत में उसके तट पर हुई विद्या, बुद्धि, साहित्य, कला और संगीत के क्षेत्र में प्रगति का प्रतीक। प्राचीन आर्य सभ्यता-संस्कृति का केंद्र उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत हुआ करता था। आज की विलुप्त सरस्वती इस क्षेत्र की मुख्य नदी थी। सदानीरा सरस्वती के रास्ते अरब सागर होकर आर्य व्यापारियों का दुनिया के दूसरे हिस्सों से समुद्र व्यापार होता था। ऋग्वेद में एक नदी के रूप में ही सरस्वती के प्रति श्रद्धा निवेदन किया गया है।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

आर्य सभ्यता के सारे नगर, गढ़ और व्यावसायिक केंद्र सरस्वती के किनारे बसे थे। उस युग की तमाम शिक्षण संस्थाएं, ऋषियों की तपोभूमि और आचार्यों के आश्रम सरस्वती के तट पर ही स्थित थे। ये आश्रम अध्यात्म, धर्म, कला, संगीत, चिकित्सा और विज्ञान की शिक्षा और अनुसंधान के केंद्र थे। वेदों, उपनिषदों और अनेक स्मृति ग्रंथों की रचना इन्हीं आश्रमों में हुई थी। ऋग्वेद के एक सूक्त के अनुसार-'प्रवाहित होकर सरस्वती ने जलराशि ही उत्पन्न नहीं की, समस्त ज्ञानों का भी जागरण किया है।' हजारों साल पहले सरस्वती में आई प्रलयंकर बाढ़ अथवा सूखे से अधिकांश नगर और आश्रम नष्ट हो गए थे। सब कुछ नष्ट हो जाने के बाद आर्य सभ्यता धीरे-धीरे गंगा और यमुना के किनारों पर स्थानांतरित हो गई। कालांतर में सरस्वती विलुप्त हो गईं, लेकिन लोगों की धारणा है कि प्रयाग में वह अब भी अंतः सलिला होकर बहती है।

सरस्वती के तट से आर्यों के विराट पलायन के बाद भी जनमानस में सरस्वती की पवित्र स्मृतियां बची रहीं। प्रकृति की कल्याणकारी शक्तियों पर देवत्व आरोपित करने की हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप कालांतर में पुराणों में सरस्वती नदी को अलौकिक देवी का दर्जा दिया गया। आज वसंत पंचमी का दिन होने वाली सरस्वती पूजा वस्तुतः आर्य सभ्यता-संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, गीत-संगीत, धर्म और अध्यात्म के कई क्षेत्रों में विलुप्त सरस्वती नदी की भूमिका के प्रति हमारी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

-फेसबुक वॉल से

राजनीति से समाज में रहता है मूवमेंट का माहौल

कभी कांशीराम ने 'वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा', कहकर तत्कालीन राजनीति में चुनौती पेश कर हलचल पैदा कर दी थी। राजनीति में नारों का बहुत योगदान है। समाजवादी पार्टी का एक नारा बहुत प्रचलित हो रहा पीडीए मतलब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक सवर्णों को भी खुश रखने हेतु कहा गया एका मतलब अगड़े भी आधी आबादी भी, लेकिन जानने वाले सब जान रहे हैं। यह नारा बहुजन के आधार पर लगा, क्योंकि बहुजन में भी दलित, पिछड़े व धार्मिक अल्पसंख्यक थे वो पार्टी भी जब बहुजनों के आधार पर स्थापित हो गई तो बहुजन से सर्वजन की पार्टी हो गई। जानते सब हैं कि उनके वोटर कौन हैं।

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं। कोरोना काल में खूब ताली, थाली, टॉर्च भी जलाई थी तब भी समाजवादी नेताओं को टॉर्च का प्रकाश किस ओर है नहीं दिख रहा। 22 जनवरी के राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अभिषेक बच्चन साथी फिल्मी कलाकारों के साथ मौजूद थे। अहसास नहीं होता किस विचारधारा के साथ हैं। ऐसे ही बिहार के फ्लोर टेस्ट में राजद विधायक चेतन आनंद ने विचारधारा के साथ जाना पसंद किया, क्योंकि उन्हें मनोज झा द्वारा

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं।

ओमप्रकाश वाल्मीकि की ठाकुर का कुंआ पढ़ना पसंद नहीं आया। उनके पिता आनंद मोहन को सजा से बरी कराया गया, जो कि दलित जिलाधिकारी कृष्णईया की हत्या में भीड़ को उकसाने के दोषी थे। भाजपा पूरी तरह अपनी विचारधारा के आधार पर गरीब सवर्णों को आरक्षण के साथ लीडरशिप बढ़ा रही। साथ ही साथ पिछड़े दलितों को लोकसभा व विधानसभा और विधान परिषद व राज्यसभा भेज उन जातियों को साध रही, जो कभी बहुजनवादी या समाजवादी थे।

लगभग 12 राज्यसभा में दलित पिछड़े और 4 सामान्य लोग भेजने को टिकट का एलान किया है। कांशीराम कहते थे कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, यहां उलट हो रहा है। न उनकी संख्या भारी, न उनके समाज की वोट, तुम्हारी फिर सर पर बैठाने की तैयारी। न कोई अल्पसंख्यक, न कोई पिछड़ा केवल एक ही रामजी लाल सुमन को भेजने से पीडीए का सिद्धांत असरदार नहीं हो जाएगा।

कांग्रेस जातीय जनगणना की बात कर रही है। राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं कि प्रधानमंत्री कार्यालय में पिछड़े दलित कितने हैं। विश्वविद्यालय में वीसी प्रोफेसर कितने हैं, जो समाज निश्चित अवस्था मे वोट कर रहा है। उनको साधना जरूरी है। कहीं ऐसा न हो अनिश्चित को निश्चित बनाने के चक्कर में निश्चित भी चले जाएं। पाला खींचकर सामाजिक न्याय की बात करो जब देने की बात आए तो दो भी, उधर भाजपा चारों ओर बैटिंग कर रही है। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर नीतीश कुमार से पाला बदलवा दिया। उधर चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा कर घोषित साथी जयंत चौधरी को छीन लिया। सत्ता मिले या न मिले सिद्धांत पर राजनीति करनी चाहिए। यही गलती हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते कि, उन्होंने दलितों को मंत्री नहीं बनाया। समाजवादी राजनीति तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कर रहे। अब भी पिछड़े दलित समाज की राजनीति करने वालों ने अपना दिल बड़ाकर गठबंधन नहीं किया। हिदुत्व की धार में बेअसर हो जाओगे, भले ही बड़े नेताओं का कुछ न होगा, लेकिन जो समाज तुम्हारे पीछे है, उनका नुकसान बहुत बड़ा हो जाएगा, बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था कि राजनीतिक सत्ता वो मास्टर चाबी है जिससे सभी समस्याओं के ताले खोले जा सकते हैं।

संभलकर करें डिजी यात्रा का प्रयोग

एयरपोर्ट और हवाई यात्रा के निजीकरण के बाद सरकार ने यात्राओं की सुविधाओं से जुड़े मामले में अनदेखी शुरू कर दी है। एयरपोर्ट पर हो रहे यात्रियों से झगड़े, हवाई यात्राओं में हो रही देरी और ग्राहकों की असुविधा जैसे एयरपोर्ट पर ही उनको लाक करने जैसी घटनाओं से उसे कोई सरोकार नहीं है,इन्हीं प्राइवेट पार्टनर्स ने सुरक्षा चेकिंग के नाम पर एयर पोर्ट और आसान सुरक्षा चेकिंग के नाम पर डिजी यात्रा पोर्ट शुरू किया है,जो देश के 13 एयरपोर्ट पर शुरू हो चुका है। इससे जल्दी सुरक्षा चेकिंग की बात कही जा रही है। इसमें चेहरे की बायोमेट्रिक होगी वो भी एक प्राइवेट मॉनिटरिंग डाटा सेंटर पर यानी आधार के बाद आपका बायोमेट्रिक डाटा भी इन सेंटर पर पहुंच जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी। एयर पर सुरक्षा चेकिंग के काउंटर घटाए जा रहे हैं और ग्राहकों को फोर्स किया जा रहा है कि इन डिजी काउंटर में सुरक्षा चेक कराए,ग्राहक भी समय बचाने और सुविधा को देखते हुए तेजी से इस ओर आगे बढ़ रहे हैं। हो सकता है आने वाले समय में देश के सभी एयरपोर्ट पर इन्हें चालू कर दिया जाए और जब कोई विकल्प नहीं रहेगा तो ग्राहक और भी तेजी से इस और रुख करेंगे। हम टेक्नोलॉजी के विरोध में नहीं है,लेकिन जिस तरह आधार बनाने और बैंक से लिंक करने को पहले स्वैच्छिक बताया गया और बाद में अनिवार्य बना दिया। उसी तरह जब सामान्य चेकिंग के काउंटर कम या खत्म हो जाएंगे तो इसी का प्रयोग होगा। हमारी सरकार भी जानती है कि जिस तरह आधार का

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना-देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी।

थोड़ा सा विरोध हुआ वो भी कुछ समय के लिए उसी तरह देश की जनता इस डिजी यात्रा को अपना लेगी और फिर सारा खेल शुरू होगा। यही डाटा जगह-जगह प्रयोग होगा आपके मोबाइल पर विज्ञापन आएंगे,लोन लेने,होटल,टेक्सी बुक करने मकान खरीदने बेचने वाले ऐप आने शुरू हो जाएंगे जिनका प्रयोग करते ही जानता किसी बड़े स्कैम का शिकार भी हो सकती है।

यहां यह उल्लेख करना असंगत न होगा की वर्ष 2023 में देश में हवाई यात्रा करने वाले 90 लाख यात्रियों ने इस डिजी यात्रा का प्रयोग किया,लेकिन इसका डाटा कहा रखा गया यह पता नहीं। सरकार का कहना है कि यह डाटा पूरी तरह सुरक्षित,लेकिन प्राइवेट लोगों के हाथों में गया डाटा कितना सुरक्षित है,कहा नहीं जा सकता। हमें याद होगा कि आधार डाटा भी सुरक्षित रहने की बात कही गई थी,लेकिन कोई नहीं कह सकता कि वो सुरक्षित रह पाया,यह भी बताना जरूरी है कि कई देशों में बायोमेट्रिक डाटा मांगने का भारी विरोध हो रहा है। क्या हमारी सरकार भी इस और ध्यान देगी तथा हमारे हवाई यात्री इस डिजी यात्रा के मर्म को समझ पाएंगे।

भारत रत्न बांटने वाले किसानों को नहीं दे पा रहे एमएसपी

बैदपुरा कस्बे में एक शादी समारोह में पहुंचे पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा

संवाददाता, सैफई-इटावा

अमृत विचार। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि भारत रत्न बांटने वाले भाजपा सरकार आज तक किसानों को एमएसपी नहीं दे पा रही है। एक तरफ स्वामीनाथन जी और देश के सबसे बड़े किसान नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिया जा रहा है और किसानों को भूल रहे हैं। सरकार ने कहा कि आय दोगुनी कर देंगे लेकिन सरकार की नीयत साफ नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तहसील क्षेत्र के बैदपुरा कस्बे में तिरुपति ग्रुप के अध्यक्ष संतोष यादव के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे। इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के सवाल बोलने से बचते नजर आए। कहा कि इस मुद्दे पर तभी बोलूंगा जब आप लोगो को वहां पर लेकर चलूंगा। वैसे कई पत्रकार साथियों ने चोरी छिपे स्टोरी बना ली है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा भगवान राम के दर्शन करने और अखिलेश के राममंदिर न जाने के सवाल के जवाब पत्रकार से बोले कि तुम बहुत छोटे पत्रकार हो जो मैंने सदन में कहा है वही बात को फिर से दोहराता हूं। स्वामी प्रसाद मौर्य और पल्लवी पटेल के सवाल पर कहा कि राजनीति में ऐसा समय आता है उसी समय को हम लोग देख रहे हैं। इसमें किसी की कोई चाल नहीं है, आदमी को अपने आप को खुद को धोखा नही देना चाहिए। ओमप्रकाश राजभर जो कह रहे है व सही कह रहे होंगे। जब देश का किसान सरकार के खिलाफ खड़ा हो सरकार हर हथकंडा अपना रही है। क्या लोकतंत्र में यह व्यवहार किसानों के साथ होना चाहिए। सड़कों पर लोहे के कीलें किसानों के लिए लगा दी गई है। पानी की बौछार की जा रही है।

पीएम के अबुधावी में उद्घघाटन के सवाल पर कहा कि दुनियां में जो मंदिर बन रहे है वो कोई नए मंदिर नही हैं। दुनियां में सबसे ज्यादा मंदिर भगवान श्रीकृष्ण के है। दुनियां के कोने कोने में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर है। चुनाव से पहले भारत रत्न बांटने के सवाल पर कहा होसकता अगर आपका चैनल बीजेपी के लिए काम करेगा तो आपको भी भारत रत्न मिल सकता है। किसान संगठनों ने एमएसपी की मांग की थी और सरकार ने तीन काले कानून बनाये हो, जिसमें 800 से ज्यादा किसानों ने जान दे दिया हो।

इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो रामगोपाल यादव, मध्य प्रदेश पूर्व मंत्री कंप्यूटर बाबा, पूर्व सांसद अक्षय यादव, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष आदित्य यादव, जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, मनीष यादव पतरे सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।


पत्रकारों के सवालों के जवाब देते पूर्व सीएम अखिलेश यादव। अमृत विचार

चोरी के जेवर सहित गिरफ्तार

इटावा। चकरनगर थाना पुलिस ने गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से चोरी किए जेवर बरामद हुए। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

चकर नगर कस्बा निवासी अनुज कुमार के घर से सोमवार की दोपहर समय लगभग दो बजे चोरो ने उनके घर मे घुसकर आभूषण चोरी कर लिये गये थे। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार को मुखबिर ने सूचना दी कि कस्बा से हुई चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला कंझट धाम रोड पर कही जाने की फिराक मे खडा हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अपना नाम विजय प्रताप सिंह निवासी भीतरी थाना नारखी फिरोजाबाद बताया। तलाशी में उसके पास से जेवर बरामद हुए। उसने स्वीकार किया कि उसने यह जेवर चोरी किए।

छात्र का अपहर्ता मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- तलाशी में उसके पास से तमंचा कारतूस के अलावा टाटा पंच कार बरामद

अमृत विचार। चकर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजपुर रोड पर रहने वाले एक किराना व्यापारी के पुत्र का पढ़ने जाते समय कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया। अपहरण कर बदमाश भरेह की ओर भागने लगे। तभी लोगों की सूचना पर सिपाही ने बाइक से कार का पीछा किया तो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक अपहरण कर्ता को पकड़ लिया। बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। पकड़े गए बदमाश ने पूछताछ ने अपना नाम आकाश निवासी रानीपुरा थाना पावई भिंड बताया। पूछताछ के बाद पुलिस जब उसकी निशानदेही पर तमंचा बरामद करने के लिए ले गई तो उसने तमंचा निकालकर पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। बचाव में पुलिस ने भी फायरिंग की तो बदमाश दोनों पैरों में गोली लगने से घायल हो गया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपने साथियों के नाम भी बताए है। पुलिस भागे बदमाशों की तलाश कर रही है। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि राजपुर रोड चकरनगर निवासी योगेश गुप्ता का 13 वर्षीय पुत्र कर्तव्य गुप्ता सुबह साढे आठ बजे स्कूल जा रहा था तभी सफेद रंग की टाटा पंच कार से अज्ञात युवकों ने उसका अपहरण कर लिया। कार लेकर बदमाश ग्राम गनियावर भरेह रोड की तरफ भाग गये हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस द्वारा थाना भरेह पुलिस टीम को सूचना दी। पुलिस टीमों से स्वयं को घिरता देखकर गाड़ी का नियंत्रण बिगड़ने के कारण गाड़ी रोड से नीचे पलट गयी, पुलिस टीमों द्वारा बच्चे को सकुशल बरामद किया गया तथा एक बदमाश आकाश को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में पकडे गए बदमाश ने बताया उसने बताया कि दो साथियों के साथ व्यापारी योगेश गुप्ता के बेटे को अगवा करने की योजना बनाई थी परन्तु पुलिस ने योजना असफल कर दी। जब बदमाश को घटना स्थल पर ले जाया गया तो उसके द्वारा तमंचा निकालकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। गोली प्रभारी निरीक्षक थाना चकरनगर की बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी।

पुलिस टीम की गिरफ्त में घायल बदमाश।

युवक पर हमला करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बकेवर-इटावा

- तेरहवीं में निमंत्रण के दौरान हुई घटना

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के कस्बा लखना स्थित एक वाटिका में तेरहवीं में आये चार नामजद आरोपित लोगो ने एक युवक को गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर चाकू से बार कर गंभीर रूप से घायल किया। इसी दौरान सोने की जंजीर व बीस हजार रुपये गायब हो गए। पुलिस ने चार नामजद आरोपित के विरुद्ध चार दिन बाद मामला दर्ज किया।

लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम उग्गरपुरा निवासी हरगोविंद सिंह पुत्र राम सहाय ने बताया कि उनका पुत्र अमित कुमार 11फरवरी को कस्बा लखना स्थित एक वाटिका में कल्लू के पिता की तेरहवी में निमंत्रण खाने आया था। कस्बा लखना के काछियान मुहाल निवासी अनिल कुमार उर्फ पट्टी और आलोक के अलावा रजत व जितेंद्र उर्फ जीतू ने एक राय होकर पुत्र को घेर लिया। गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इसी दौरान पुत्र के ऊपर चाकू से हमला बोलकर उसके शरीर पर कई बार किये। जिससे पुत्र अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।उसकी चीख पुकार सुनकर लोग मौके पर उसे बचाने पहुंचते तब तक हमलावर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गये।

अंग्रेजी के पाठ्यक्रम में संशोधनों की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पान कुंवर स्कूल में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला

अमृत विचार। पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में अंग्रेजी भाषा और साहित्य की दो दिवसीय सीबीएसई शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। इसमें इटावा और डीएवी पब्लिक स्कूल दिबियापुर, औरैया के 15 स्कूलों के 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिक्षकों को अंग्रेजी विषय और उसमें किए गए नवीनतम संशोधनों के बारे में पूरी जानकारी दी गई।

प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव, उप प्रधानाचार्य अमित चौधरी और पूरी टीम के साथ इटावा जिले के शिक्षा के स्तर को आकार देने के साथ-साथ शिक्षकों के कौशल व ज्ञान के उन्नयन के लिए प्रतिबद्ध हैं। लगातार तीन बार हो चुकी सीबीएसई शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशालाएं हैं।

कार्यशाला में लखनऊ से हेमा कालाकोटी व कानपुर से पूजा सहगल ने 21वीं सदी की आवश्यकता को समझने में सक्षम व प्रायोगिक शिक्षण के रूप में कई गतिविधियों में हिस्सा लिया। इससे शिक्षकों को संवाद करने और शिक्षण कौशल बढ़ाने में मदद भी मिली।

बिजली चोरी करते मिले सात उपभोक्ता

इटावा। बुधवार को चलाए गए अभियान में सात उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। इनकी एफआईआर दर्ज करा दी गई है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर राज्य मुख्यालयसे आई लिस्ट के रोस्टर अनुसार चेकिंग करने पर हाई पोटेंशियल फीडर नुमाइश से संबंधित क्षेत्र शाहग्रान पुरबिया टोला के पास 7 लोगो को चोरीकरते हुए पकड़ा। इन प र कार्यवाही की गइ। इन 7 लोगो को केबल बायपास करके विधुत चोरी करते पकड़ा गया जिनकी धारा 135 में कार्यवाही करा दी गई हैं। इस टीम में उपखण्ड अधिकारी प्रथम पीयूष मौर्य, विजिलेंस प्रभारी मनोज कुमार,अवर अभियंता शिवम, प्रभारी निरीक्षक गंधर्व सिंह शामिल रहे।

मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस पर हवन-पूजन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। वसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती जी का प्राकटोत्सव सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज मोतीझील में मातारानी की पूजा और हवन करके बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यजमान विद्यालय के प्रधानाचार्य भारत सिंह रहे। इस अवसर पर तीन वर्ष पूर्ण कर चुके भैया/बहिनों का विद्यारम्भ संस्कार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य भारत सिंह ने कहा कि आज के दिन ज्ञानदायिनी मां सरस्वती जी का प्रकटोत्सव मनाया जाता है। इस मौके पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष कमाण्डर नरसिंह भदौरिया, बाल कल्याण समिति के मंत्री पदम सिंह नरूका, प्रबंधक संतोष हयारण, कोषाध्यक्ष वीरेश मिश्र, समिति के सदस्य निशेषकान्त सिंह, डॉ डी के दुबे, संजीव पोरवाल, सुरेन्द्र दीक्षित एवं विद्यालय के समस्त आचार्य/आचार्याओं एवं भैया/बहिनों ने भी पूजन व हवन किया।

ज्ञान स्थली में मां सरस्वती का पूजन करते शिवप्रसाद यादव।

सरस्वती इंटर कॉलेज में हवन करते शिक्षक प्रधानाचार्य। अमृत विचार

पाटी पूजन कार्यक्रम: सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बसरेहर में विद्या, ज्ञान, संगीत व कला की देवी सरस्वती का जन्मोत्सव एवं पाटी पूजन कार्यक्रम हर्षोल्लास एवं हवन पूजन के साथ हुआ। प्रधानाचार्य प्रभू दयाल ने अपने माता पिता को रोली चंदन लगा कर तिलक किया।उन्होंने कहा कि ज्ञानी व्यक्ति हर स्थिति में सकारात्मक रहता है।जिला मंत्री ओमप्रकाश शाक्य ने बताया कि हमारा समाज भारतीय संस्कृति भूलता जा रहा सरस्वती शिशु मंदिर ही जीवित रखे हुए है।

मातृ पितृ दिवस का आयोजन

इटावा। करवा खेड़ा स्थित आवासीय विद्यालय ज्ञानस्थली में बुधवार को बसंत पंचमी महोत्सव के बीच मातृ पितृ दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। छात्राओं ने आध्यात्मिक कार्य में अपनी प्रतिभा दिखाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ज्ञानस्थली ग्रुप के अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित किया। बताया कि मां सरस्वती ज्ञान वृद्धि का भंडार है। प्रधानाध्यापक डॉ मुकुल कुमार सिंह ने छात्र छात्राओं के माता-पिता का उन्हीं के बच्चों से गुलदस्ता व माला पहनकर सम्मानित करवाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंगल, अंशुल, मयंक, आकांक्षा, लकी, किरण, आरती वर्मा पटेल, ममता, जयमाला, मीडिया प्रभारी वासिफ खान मौजूद रहे।

स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- बोर्ड परीक्षा के लिए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट भी बनाए गए

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड की परीक्षा के लिए तैयारियां पूरी की जा रहीं हैं। नकल विहीन परीक्षा कराए जाने के लिए सख्त व्यवस्था की गई है। इस परीक्षा के लिए जिले में 69 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में ही परीक्षाएं कराई जाएंगी। इसके साथ ही सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं।

यह बोर्ड परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरु होनी है। इसे लेकर सभी कीलकांटे दुरस्त कर लिए गए हैं। जिले में हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाओं के लिए कुल 42908 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं और इनके लिए 69 विद्यालयों को प रीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरस्त कर दी गई है। कापियां इन केन्द्रों पर पहुंचने लगी है और अगले सप्ताह प्रश्नपत्र भी परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचाए जाने की संभावना है। इस बीच इन परीक्षा केन्द्रों पर नकल रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम कर दिए गए हैं। इसके लिए सभी 69 परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। यह स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा के दौरान इन परीक्षा केन्द्रों पर मौजूद रहेंगे और पूरी स्थिति पर नजर रखेगें। पूरी परीक्षा इन्ही स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की देखरेख में कराई जाएगी। इसके साथ ही पांच जोनल व 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात कर दिए गए है। जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा के दौरान लगातार भ्रमण करेंगे तथा अपने सेक्टर व जोन के अंदर आने वाले परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण भी करेंगे।

बोर्ड परीक्षा के लिए कक्ष निरीक्षक के रुप में शिक्षकों की ड्यूटियां लगाई जाने लगी है। करीब 3 हजार शिक्षकों कोपरीक्षा कार्य कराने के लिए लगाया गया है। इसके साथ ही शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की भी ड्यूटियां लगाई गई हैं। बोर्ड परीक्षा को लेकर पूरा शिक्षा विभाग मुस्तैद है। कक्ष निरीक्षक के रुप में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को भी लगाया गया है। विभाग की ओर से परीक्षा के लिए प र्यवेक्षक भी बनाए गए हैं।

थानाध्यक्ष राकेश शर्मा ने पदभार संभाला

इटावा। एसएसपी के आदेश पर राकेश कुमार शर्मा ने प्रभारी निरीक्षक बकेवर के पद पर कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान थाने के सभी पुलिस कर्मियों से परिचय लेते हुए थाने का जायजा लिया। महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिसकर्मियों से बैठक कर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण, शराबियों पर शिकंजा, शांति व्यवस्था कायम रखना व नागरिकों के बीच बेहतर कार्य कुशलता व छवि प्रस्तुत करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

लाइनपार बनाया जाएगा नाला

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। प्रदेश के नगर विकास राज्यमंत्री सुरेश कुमार राठौर ने कहा है कि शहर में लाइनपार क्षेत्र में जलनिकासी के लिए नाले का निर्माण करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो के लिए धन की कमी नहीं है और विकास कार्यो में कोई भेदभाव भी नहीं किया जाएगा।

यहां से भिंड मध्यप्रदेश जाते समय सिंचाई विभाग के डाकबंगले में पत्रकारों से बातचीत में श्री राठौर ने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के कार्य करा रही है और विकास कार्यो के लिए धन की कमी भी नहीं होने दी जाएगी। शहर के लाइनपार क्षेत्र में जल निकासी के लिए नाला बनवाए जाने के संबंध में उनहोने कहा कि विभाग के पास धन की कमी नहीं है। डीपीआर भेजी जाएगी तो रकम जारी कर दी जाएगी। उन्होने यह भी कहा कि वे इस संबंध में इटावा नगरपालिका के ईओ से नाला निर्माण के लिए डीपीआर भेजने के लिए कहेंगे।

सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के इटावा मे भव्य शिवमंदिर बनाए जाने के मामले पर उन्होने कहा कि इसके लिए धन्यवाद है। यह आस्था की बात है। वे स्वयं भी भगवान शिव के भक्त है और जब मंदिर बन जाएगा तो वे भी दर्शन करने के लिए आएंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे पर उन्होने कहा कि कुछ कठिनाई होगी।

पत्रकारों से बातचीत करते नगर विकास राज्यमंत्री सुरेश राठौर। अमृत विचार

कार्यक्रम हुए | समारोह में सबने लंबी उम्र की कामना की

सपा महासचिव शिवपाल सिंह के जन्मदिन की रही धूम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का 69वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, महामंत्री वीरू भदौरिया समेत सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर अपनें नेता की लम्बी उम्र की कामना की। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी राजीव यादव, सुनील यादव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, रवींद्र शुक्ला चच्चू, उत्तम सिंह प्रजापति प्रजापति, सिगरेश यादव, आलोक दीक्षित, नरेंद्र सिंह कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष बृजेंद्र यादव, जिलामीडिया प्रभारी व प्रवक्ता विक्की गुप्ता, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, अविनाश कुशवाह, महिला सभा जिलाध्यक्ष सीमा यादव, एडवोकेट राजू यादव, सदस्य जिला पंचायत सचिन यादव, सत्यभान यादव, उदयभान सिंह यादव, रामवीर सिंह, जितेंद्र दोहरे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महेवा, पूर्व पालिकाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता संटू, महावीर सिंह, नफ़ीसुल हसन अंसारी, अभिषेक यादव, लीलावती राजपूत, मंजू यादव, डीपी सिंह, सीमा पाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगर पालिका में केक काटकर जन्म दिन मनाते सपा नेता। अमृत विचार

भरथना संवाददाता के अनुसार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के जन्मदिवस पर केक काटकर दीर्घायु की कामना करते हुए भरथना नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अजय कुमार गुल्लू यादव ने कहा है कि समाजवादियों में जोश भरने वाले और पार्टी पदाधिकारियों के लिए हर समय उपलब्ध रहने वाले जमीनी नेता हैं शिवलाल सिंह यादव। नगर अध्यक्ष राजीव तिवारी के संयोजन में शिवपाल सिंह यादव के जन्मदिवस पर उन्होंने केक काटकर मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर पूर्व प्रमुख हरिओम यादव, महेश यादव, रंजीत सिंह, सभासद शिवराम सिंह यादव, कुंअर शशांक यादव, अर्जुन कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रताप वर्मा, राजकुमार भारती, पूर्व सभासद मुनुआ यादव, राजेश यादव ने जन्मदिन मना कर उनके दीर्घायु की कामनाएं की हैं।

वकीलों ने कचहरी में मनाया: समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व जसवंत नगर के विधायक शिवपाल सिंह यादव का जन्म दिन कचहरी पर वकीलों के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर वकीलों के उनके दीर्घायु होने की कामना की। समाजवादी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अभिनय यादव के बस्ते पर शिवपालसिंह यादव का जन्म दिन मनाया गया। इस अवसर पर वकीलों ने केक काटा।

केक काट मनाया शिवपाल का जन्मदिन

जसवंतनगर,इटावा। क्षेत्र में जगह जगह विधायक शिवपाल सिंह यादव का जन्मदिन बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। लुधपुरा तिराह पर सांसद प्रतिनिधि मु शमीम हाजी ने कार्यकर्ताओं के बीच केक काटा। नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने संकल्प दिवस के रूप में जन्मदिन मनाया। लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी को प्रदेश में सबसे बड़ी जीत दिलाएंगे। नगर पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार की अध्यक्षता में नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि मो शमी हाजी और विधायक प्रतिनिधि ठा अजेन्द्र सिंह गौर के साथ शिवपाल सिंह यादव की तस्वीर के सामने के काटा गया। इस अवसर पर पूर्व पालिका उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद अहसान, सभासद राजीव यादव,देवेंद्र यादव सतीश चन्द्र,मुफारुक, कमल प्रकाश, मु फैजान, हेमू शाक्य, गुड्डा शाक्य, सुधीर कुमार रहे।

एसएस मेमोरियल में लगा स्वास्थ्य मेला

सैफई। एसएस मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में जन्म दिवस पर केक काटा गया और उसके बाद स्वास्थ्य मेला लगाया गया। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ प्रभात कुमार सिंह, एसएस मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, सुघर सिंह शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, एसएस मेमोरियल एजुकेशन एकेडमी, एसएस मेमोरियल कॉलेज ऑफ फार्मेसी की चारों संस्थाओं में प्रबंधक एवं सपा की राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का जन्म दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक आदित्य यादव एवं उनके पुत्र शिवप्रताप सिंह यादव ने विशाल केक कटकर शिवपाल सिंह यादव को दीर्घायु होने की कामना की। बधाई देने वालो में कर्मराज सिंह यादव ,प्रधानाचार्य एस एन यादव ,राजेश राजपूत ,सम्मानित अध्यापक सुमित शर्मा ,संजीव यादव,संतोष त्रिपाठी, रामनरेश यादव आदि रहे।

मेडिकल कैंप में बीपी चैक कराते पूर्व ब्लाक प्रमुख रामपाल सिंह यादव। अमृत विचार

स्वधा हास्पिटल के कैंप में पहुंचे मरीज

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और क्षेत्रीय विधायक शिवपाल सिंह यादव के जन्म दिवस वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर बुधवार को कचौरा रोड स्थित चौधरी सुघर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन द्वारा संचालित स्वधा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में एक मेगा निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

बड़ी संख्या में उपस्थित मरीजों और क्षेत्रीय लोगों के समक्ष विधायक शिवपाल सिंह यादव की तस्वीर के सामने केक काटकर उनकी लंबी उम्र की दुआ की। स्वधा हास्पिटल के अनुभवी योग्य व आगरा के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 721 मरीजों का परीक्षण किया। अस्पताल के पल्मनोलॉजिस्ट डॉ ऋषि यादव, गायनोलॉजिस्ट डॉ शेफाली महाजन, ऑर्थोलॉजिस्ट डॉ पीयूष गंगवार, गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ विजय सैनी, डॉ पीके शुक्ला, डॉ ऋषभ यादव ने महिलाओं,बच्चों, पेट ,हृदय त्वचा,क्षय रोग आदि विभिन्न प्रकार के रोगों की समस्याओं का परीक्षण कर निदान किया।

जिले में 1065 करोड़ से उद्योग लगाने का रास्ता साफ

लकड़ी, दुग्ध उत्पाद, प्लास्टिक के खिलौने व पाइप बनाने वाले उद्योग लगेंगे, शासन से 1250 करोड़ निवेश का मिला था लक्ष्य

शैलेन्द्र अवस्थी, औरैया

अमृत विचार। जिले के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। जनपद में 1065 करोड़ रुपये के निवेश के लिए उद्यमियों से करार हो गया है। यह उद्यमी लकड़ी, दुग्ध उत्पाद, प्लास्टिक से बनने वाले खिलौने व पाइप बनाने वाले उद्योग जनपद में लगाएंगे। इससे लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके लिए 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी चल रही है।

सरकार 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सरेमनी (जीबीसी) करने की तैयारी कर रही है। इसमें यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त हुए निवेशों को जमीनी स्तर पर लाया जाएगा। जिले में सरकार की तरफ से उद्योग विभाग को 1250 करोड़ रुपये के उद्योगों के निवेश का लक्ष्य मिला था।

जानकारी के अनुसार 1065 करोड़ का निवेश करने वाले उद्यमी मिल चुके हैं। बाकी 15 फीसदी लक्ष्य पूरा करने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए उद्यमियों से बात कर उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। अभी तक करार करने वाले उद्यमी लकड़ी से जुड़े, दूग्ध उत्पाद, फार्मेसी कालेज, प्लास्टिक के पाइप, खिलौने, बोतल बनाने, पशुपालन, आटा व दाल से जुड़े उद्योग लगाएंगे। इन उद्योगों लगने से जिले में ही युवाओं को रोजग्रार मिलेगा। जिला उद्योग उपायुक्त अरविंद भास्कर ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर तैयारियां चल रही हैं। जिले में 1250 करोड़ रुपये के उद्योग लगवाने का लक्ष्य मिला था। इसमें 1050 करोड़ रुपये का निवेश करने वाले उद्यमियों से करार हो चुका है। लक्ष्य को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

लकड़ी के सामान की मांग आसपास के जिले में ज्यादा इन 1065 करोड़ रुपये के निवेश में लकड़ी से जुड़े उद्योग ज्यादा हैं। क्योंकि यहां लकड़ी 60 साल पुराना उद्योग है। यहां पर दरवाजा, खिड़की व अन्य फर्नीचर तैयार कर आसपास के जनपदों में भेजा जाता है। लकड़ी के अलावा दूध से बने उत्पाद भी प्रमुख उद्योग में से एक है। जिसे एक उत्पाद एक जिला योजना के तहत प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले में घी का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है। यह आस पास के जिलों में भी जाता है।

पाइप की फैक्ट्री लगाने के लिए प्लास्टिक सिटी में उद्यमी ने देखी भूमि : कंचौसी रोड स्थित प्लास्टिक सिटी में प्लास्टिक के उद्योग लगेंगे। यहां पर एक बड़ी कंपनी ने प्लास्टिक के पाइप बनाने की फैक्ट्री लगाने के लिए भूमि भी देखी है। इसके अलावा खिलौने की फैक्ट्री भी लगेगी। दाल और आटा मिल के उद्यमी अपनी मिल लगाने जा रहे है।

जिले का औद्योगिक भूखंड प्लास्टिक सिटी। अमृत विचार

जिला उद्योग केंद्र। अमृत विचार

सौर ऊर्जा के लिए कोई प्रस्ताव नहीं

प्रदेश सरकार के बजट में सोलर एनर्जी को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लिए विशेष प्रोत्साहन देने का फैसला लिया गया है, लेकिन इस क्षेत्र में निवेश की आकांक्षा फिलहाल जिले में पूरी होती नहीं दिख रही। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार किए गए एमओयू में एक भी सोलर एनर्जी से जुड़ा हुआ प्रोजेक्ट शामिल नहीं हो सका है। राजधानी लखनऊ से लेकर जिले में फरवरी माह के तीसरे सप्ताह में जीबीएस (ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी) प्रस्तावित है। जिले को इसे लेकर 1250 करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए जिला उद्योग केंद्र की ओर से तकरीबन 1065 करोड़ के 108 एमओयू जुटा लिए गए हैं। इसमें एक जिला एक उत्पाद से लेकर स्क्रैब, बोतल बंद पानी, फार्मेसी, पाइप निर्माण, प्लास्टिक उद्योग, मेडिकल व मशीनरी समेत तमाम तरह के उद्योगों की फाइलों तैयार कराई गईं हैं। इन्हें धरातल पर लाने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के बाद कवायद शुरू हो जानी है, लेकिन इस सब के बावजूद सोलर एनर्जी से जुड़े एक भी उद्योग को लेकर अभी तक एक भी एमओयू सामने नहीं आया है।

सोलर सेक्टर का भविष्य उज्जवल होने की उम्मीद

सरकार की मंशा सोलर इनर्जी को बढ़ावा देकर ईंधन आधारित बिजली की खपत को कम करने की है। ऐसी स्थिति में आने वाले दिनों घरों की छतों पर सोलर शेड को लेकर बनी मंशा को देखते हुए इस सेक्टर में तेजी से बढ़ावा आने की उम्मीद है। इन दिनों सोलर पैनल आधारित नलकूप बड़े पैमाने पर लगाए जा रहे हैं। उद्यमियों की ओर से यदि दिलचस्पी दिखाई जाती है तो जिले में सोलर पैनल से लेकर अन्य उपकरणों के उत्पादन को बढ़ावा मिल सकता है।जिले का दायरा व जनसंख्या के साथ ही बढ़ते उद्योगों को लेकर सोलर एनर्जी के लिए जिला एक बढ़ा केंद्र हो सकता है। उद्योग लगाए जाने पर बड़े रिस्पांस की उम्मीद भी है, लेकिन फिर भी सोलर एनर्जी के प्रति किसी की कोई दिलचस्पी न दिखाया जाना जिले के विकास के लिए एक चिंता का विषय है।

> जिले में अभी तक सोलर एनर्जी को लेकर एक भी एमओयू सामने नहीं आया है। कई उद्यमियों से वार्ता चल रही है। यदि कोई आता है तो उसे भी शामिल किया जाएगा। भविष्य में जिले में सोलर एनर्जी से जुड़े उद्योगों का बड़ा क्षेत्र बन सकता है। फिलहाल उद्यमियों की ओर से दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही है।
>
> – अनुराग अग्रहरि, उद्यमी मित्र

प्रदर्शन करते ऑटो चालक। अमृत विचार

ऑटो संचालकों ने नारेबाजी कर किया धरना प्रदर्शन

संवाददाता, बिधूना-औरैया

अमृत विचार। बिधूना अछल्दा मार्ग के प्राइवेट बस संचालकों की दबंगई मनमानी व मारपीट से छुब्ध होकर ऑटो संचालकों ने बुधवार को अछल्दा रोड पर समर्पण कोल्ड स्टोरेज पर धरना प्रदर्शन कर भाजपा की राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने दबंग बस संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की। बिधूना अछल्दा मार्ग पर ऑटो का संचालन करने वाले लोगों ने बुधवार को बिधूना कस्बे के अछल्दा रोड पर समर्पण कोल्ड स्टोरेज परिसर में पहुंचकर राज्य सभा सांसद गीता शाक्य को एक ज्ञापन देकर बस संचालकों की दबंगई से अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने आरोप लगाया कि बिधूना अछल्दा के प्राइवेट बस संचालक व उनके एजेंटों द्वारा उनके ऑटो का संचालन नहीं होने दिया जाता है और संचालन करने पर आए दिन उन लोगों के साथ जमकर मारपीट व बदसलूकी की जा रही है। इस धरना प्रदर्शन के दौरान ऑटो संचालकों द्वारा बस संचालकों की मनमानी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की गई। राज्यसभा की सदस्य गीता शाक्य ने पीड़ित ऑटो संचालकों को जल्द समस्या के निराकरण का भरोसा दिलाते हुए कहा कि किसी को मनमानी एवं दबंगई करने की छूट नहीं दी जायेगी। उन्होंने प्रशासन से वार्ता कर समस्या के निराकरण का भरोसा दिलाया।

टप्पेबाजों ने आभूषण भरा थैला पार किया

संवाददाता, ऐरवाकटरा-औरैया

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के उमरैन कस्बे में सुबह करीब 9.15 बजे एक सर्राफ की दुकान में रखा आभूषणों से भरा थैला एक व्यक्ति द्वारा पार कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद युवक अपने दूसरे साथी के साथ बाइक पर सवार होकर ऐरवाकटरा की ओर फरार हो गया। कस्बे दिन दहाड़े हुई बारदात से कस्बे में सन्नाटा छा गया। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने घटना के संबंध में जानकारी ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरैन के वर्तमान प्रधान प्रदीप शाक्य का 32 वर्षीय बड़ा पुत्र सौरभ शाक्य कस्बे में किशनी रोड पर सुतियानी तिराहे के सामने विश्वनाथ यादव की किराए की दुकान में साड़ी और ज्वेलर्स की दुकान किए हुए है और सुरक्षा के कारण प्रतिदिन झोले में भरकर दुकान के कीमती जेवरात घर लेकर जाता है।बुधवार सुबह करीब 9 बजे सौरभ नित्य की भांति दुकान पर जेवरात से भरा सफेद रंग का कपड़े का झोला लेकर आया।जिसमें कान के टोक्स,झुमके, झाले,अंगूठी,बारी, पेंडल आदि सोने के जेवरात जिनका वजन करीब 100ग्राम तथा 5 हजार रुपए नकद और तिजोरी की चाबियाँ थी।जिसे सौरभ ने दुकान की आलमारी में रख दिया और साफ सफाई आदि करके दुकान में रखे साड़ी आदि कपड़ो के डिब्बों को दुकान के बाहर लगाकर पास में लगे हैंडपंप से पानी भरने लगा। तभी एक काले रंग की बाइक पर दो युवक वहां आए और पलक झपकते ही उनमें एक युवक ने दुकान में घुसकर झोला उठाया और सामने बाइक स्टार्ट किए खड़े अपने दूसरे साथी के साथ बाइक पर बैठकर ऐरवा कटरा की ओर फुर्र हो गया।करीब 2 मिनट बाद जब सौरभ वापस लौटा तो आलमारी में जेवरात बाला झोला न पाकर पड़ोसी दुकानदार अजय राठौर,जबर सिंह प्रजापति आदि को बताया।देखते ही देखते लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और दिन दहाड़े हुई वारदात से सभी अचंभित रह गए। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी बिधूना अशोक कुमार सिंह और उमरैन चौकी इंचार्ज हरकेश कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और पूरा दिन पुलिस कस्बे में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालती रही।पीड़ित सौरभ ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर घटना के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

बिधूना में बीज व कीटनाशक की दुकान में लाखों की चोरी

औरैया। कस्बा रूरूगंज में अछल्दा बिधूना रोड पर बीती रात चोरों ने किसान बीज भंडार की दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपए की कीमत की कीटनाशक दवायें, बीज और नकदी पार कर दी। कस्बा रूरूगंज निवासी लक्ष्मण किसी काम से बाहर गए हुए थे। बीती रात अज्ञात चोरों ने उनकी खाद बीज की दुकान का शटर तोड़ कर 8-10 लाख रुपए की कीमत के कीटनाशक दवाएं, खाद, बीज एवं नगदी पार कर दिए। चोर दुकान में रखी चेकबुक, आधार कार्ड एवं उधारी रजिस्टर भी अपने साथ ले गए। बुधवार की सुबह करीब छह बजे पड़ोसियों ने दुकान मालिक को फोन पर दुकान का शटर टूटने की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचा। दुकान मालिक लक्ष्मण ने बताया कि वह घर पर नहीं था, जिस दौरान चोरों ने घटना को अंजाम दिया। रूरूगंज चौकी से 400 मीटर की दूरी पर मेरी दुकान किसान खाद भंडार का शटर तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोरी हो गया।

श्री मद्भागवत सप्ताह में यज्ञ व कलश यात्रा

अजीतमल। ग्राम पंचायत अमावता में हर वर्ष की भांति बसंत पंचमी पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन समस्त ग्राम वासियों और क्षेत्र वासियों के सहयोग से किया जाता है। उसी क्रम में बुधवार कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक अंकुर शुक्ला वृंदावन धाम मथुरा से आए आचार्य के मुखारविंद से नगर वासी कथा का रसपान करेंगे। कथा में राम कथा वाचक जगमोहन त्रिपाठी महाराज दिबियापुर औरैया के मुखर बिंदु से रसपान करेंगे। कथा में परिक्षित राम मालती दुबे ने कथा भागवत में पूजन अर्चन किया। आज कलश यात्रा राम जानकी मंदिर अमावता से प्रारंभ होकर नहर से जल भरकर गांव के समस्त मंदिरों पर जाकर पूजन किया जाएगा। कथा 15 से दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक और राम कथा रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक होगी।

दो ब्लाकों के मनरेगा सोशल आडिट टीम का चयन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। विकास खंड बिधूना व ऐरवाकटरा की ग्राम पंचायतों के लिए मनरेगा सोशल आडिट टीम के सदस्यों के चयन के लिए बुधवार को विकासखंड कार्यालयों पर चयन समिति द्वारा बिधूना ब्लॉक में पहुंचे 47 आवेदकों का साक्षात्कार लिया गया, जिसमें चयन समिति द्वारा कुल 28 लोगों का चयन किया गया। वहीं विकासखंड ऐरवाकटरा में 43 आवेदकों ने साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें भी 28 अभ्यर्थी चयनित हुए।

मनरेगा सोशल ऑडिट की जिला समन्वयक विद्या सिंह सेंगर, करुणापति मिश्र, सुशील कुमार, ब्लॉक समन्वयक पवन गुप्ता, अभिषेक सिंह राजावत, सुमन, राजीव कुमार सिह भदौरिया, हरगोविंद सिंह सेंगर, राघवेंद्र प्रताप सिंह गौर के रुपनरायन आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। टीम सदस्यों के चयन के उपरांत संबोधित करते हुए मनरेगा सोशल ऑडिट की जिला समन्वयक विद्या सिंह सेंगर ने कहा कि सरकार ने मनरेगा सोशल आडिट के लिए सोशल ऑडिट टीमों के सदस्यों का चयन कराकर जो निष्पक्ष गुणवत्तापूर्ण मनरेगा सामाजिक अंकेक्षण की मंशा बनाई है चयनित सोशल ऑडिट टीमों के सदस्यों की जिम्मेदारी है कि वह पूर्ण मनोयोग से सरकार की मंशा की कसौटी पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि भले ही सोशल आडिट टीम के सदस्यों के लिए किसी बड़े पारिश्रमिक की तो व्यवस्था नहीं है लेकिन फिर भी सरकार ने उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है ऐसे में समाज सेवा की भावना से टीमों के सदस्य अपनी जिम्मेदारी का निष्पक्ष ढंग से निर्वहन करें और उन्हें भी पूर्ण विश्वास है कि निश्चित रूप से टीम के सदस्यों का भविष्य भी जल्द उज्जवल बनेगा। जिला समन्वयक श्रीमती सेंगर ने कहा कि मनरेगा के अलावा भी कुछ अन्य विभागों का सामाजिक अंकेक्षण भी सोशल आडिट टीम के सदस्यों को निकट भविष्य में मिलने वाला है ऐसे में पूर्ण ईमानदारी से टीम सदस्य दायित्व निर्वहन करें। उन्होंने बताया है कि15 फरवरी को सुबह 10 बजे से विकासखंड औरैया में व उसी दिन अपराह्न लगभग 1 बजे से विकासखंड अजीतमल में सोशल ऑडिट टीमों के सदस्यों के चयन के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला समन्वयक विद्या सिंह सेंगर ने सोशल आडिट टीम सदस्य के लिए आवेदन करने वाले संबंधित सभी आवेदकों से निर्धारित समय और स्थान पर पहुंचने की भी अपील की है।

सोशल आडिट के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

हवन-पूजन करने के बाद छात्र-छात्रों को दी गई विदाई

हवन-पूजन करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता, फफूद-औरैया

अमृत विचार। नगर के श्री राधा कृष्ण इंण्टर कालेज कटरा मानेपुर में हाईस्कूल-इंटर के बोर्ड परीक्षा में सम्मलित छात्रों का विदाई समारोह हवन पूजन के साथ सम्पन्न किया गया। जिसमें छात्रों ने पूर्ण आहुति देकर अच्छे अंक पाने का संकल्प लिया। आगामी 22 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा शुरु होने जा रही है। बुधवार को विद्यालय प्रांगण में हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया जिसमें शिक्षक सहित छात्र-छात्राओं ने हवन सामग्री के साथ पूर्ण आहुति देकर बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत अंक लाने का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप लोग लगन और मेहनत करके अच्छे अंक प्राप्त करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं को आगामी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए उत्साहित किया और बोर्ड कापियों में अच्छी लिखावट के लिए टिप्स दिए। कहा कि छात्र के जीवन में शिक्षा उसके उज्जवल भविष्य की आधार शिला है अगर आप पढ़े लिखे है तो हर क्षेत्र में आपको नौकरी का सुनहरा मौका मिलेगा। माता पिता बच्चे की शिक्षा में कसर नही छोड़ते हैं।

आस्था-उल्लास मंदिरों व विद्यालयों में ज्ञान की देवी की आराधना, पीत वस्त्र पहने गए

त्रिग्रही योग में मनाई गई वसंत पंचमी, मां सरस्वती की पूजा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर त्रिग्रही योग में पूरे जिले में श्रद्धा के साथ वसंत पंचमी मनाई गई। जिले की तीनों तहसीलों अजीतमल,औरैया व बिधूना सहित सभी कस्बों और देहाती क्षेत्र में भी ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा,अर्चना की गई। सुहागनों नें पीतवस्त्र पहन सुहाग लेकर माता गौरी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिरों का भव्य श्रंगार किया गया। हवन,पूजन और भंडारे भी हुए। जिले के विद्यालयों में भी आस्था के साथ विद्या और ज्ञान की देवी माता सरस्वती की आराधना की गई।

हिंदू पंचांग के अनुसार इस वर्ष माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को वसंत पंचमी तिथि पर त्रिग्रही योग का संयोग बना। विद्वानों द्वारा जो अत्यंत पुण्यकारी बताया गया। ब्रह्मनगर निवासी ज्योतिषाचार्य आचार्य पंडित सतीश दुबे ने बताया कि इस वर्ष वसंत पंचमी का अत्यंत शुभ संयोग बना।

सरस्वती के पूजा के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग, रेवती नक्षत्र और अश्विनी नक्षत्र समेत कई दुर्लभ संयोग का निर्माण रहा है। मकर राशि में बुध, मंगल और शुक्र एक साथ रहे। तीन ग्रहों के योग के साथ रेवती नक्षत्र के शुभ संयोग पर वसंत पंचमी का त्योहार मनाया गया। पंचमी तिथि के अद्भुत संयोग में मां सरस्वती का पूजन अत्यंत शुभदायक माना जा रहा है। इस दिन मां सरस्वती के साथ-साथ भगवान गणेश, लक्ष्मी, कॉपी, कलम और संगीत यंत्रों की पूजा फलदायी मानी जाती है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में इस तिथि में अक्षराम्भ, विद्यारंभ को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इसी दिन से होली मास आरंभ भी हो गया है। ये शुभ संयोग बुधवार को शाम 5:40 बजे तक रहा है। उन्होंने बताया कि वसंत ऋतु को सभी छह ऋतुओं में ऋतुराज के नाम से जाना जाता है। इसी कारण प्रतिवर्ष विधि विधान से बसंत शास्त्रों में वसंत पंचमी को ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के जन्मदिवस के रूप में मनाते हैं।

एक विचित्र पहल सेवा समिति औरैया की महिला शाखा तुलसी "सखी ग्रुप" द्वारा बसंत पंचमी पर्व पर दोपहर 3 बजे शाखा की सदस्यों ने पीले वस्त्रों को धारण कर क्रॉनिक एकैडमी, औरैया में विद्या की देवी मां सरस्वती जी की पूजा-अर्चना के साथ जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। आयोजन में महिला शाखा तुलसी की अध्यक्ष एकता गुप्ता ने बताया कि माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया जाता है। बसंत पंचमी मां सरस्वती की आराधना का पर्व है, इस दिन से ही बसंत ऋतु की शुरुआत हो जाती है।

जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत शाखा की संरक्षक शारदा देवी ने बताया कि संगीत की उत्पत्ति के कारण मां सरस्वती संगीत की देवी भी मानी जाती है।पुराणों के अनुसार श्री कृष्ण जी ने सरस्वती मां से प्रसन्न होकर उन्हें वरदान दिया था कि बसंत पंचमी के दिन तुम्हारी भी आराधना की जाएगी और तभी से इस वरदान के फल स्वरुप भारत देश में बसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी सरस्वती जी की विधि विधान से पूजा होने लगी, इनकी समृद्धि और स्वरूप का वैभव अद्भुत और निराला हैं।

अध्यात्म से ओतप्रोत यह पर्व अपार आनंद की अनुभूति भी कराता है, आज के दिन से शादी-विवाह, शुभ व मांगलिक कार्य विधि विधान से प्रारंभ हो जाते है, कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षिका निधि सक्सेना, अंशिका यादव, शिक्षिका मनीषा सक्सेना व कवि पंडित रमेश चंद्र शर्मा ने वीणावादिनी के चरणों में सरस्वती वंदना व शानदार भजनों की प्रस्तुति की शाखा की सदस्य मोना यादव ने बताया कि होलिका अष्टमी के पावन अवसर पर महिला शाखा तुलसी "सखी ग्रुप" द्वारा वाद्य यंत्रों व म्यूजिकल ग्रुप के सहयोग से होली मिलन समारोह आयोजन धूमधाम से आयोजित किया जाएगा आयोजन के समापन पर राजकीय शिक्षक मनीषा सक्सेना व लक्ष्मी पोरवाल ने (सखी ग्रुप) की सदस्यता ग्रहण की। जयंती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से "सखी ग्रुप" की अनुराधा यादव, शांती गुप्ता, दामिनी गुप्ता, महिमा अग्रवाल, पायल पोरवाल, प्रिया पुरवार, गुड्डन गुप्ता, मोना यादव, रेखा पोरवाल, निधि सक्सेना, बबिता अग्रवाल, अनीता पोरवाल, मनीषा सक्सेना, प्रभा गहोई, संध्या पोरवाल, नीलम बिश्नोई, किरन पोरवाल, एकेडमी के प्रबंधक कपिल गुप्ता, सभासद विनोद यादव (कल्लू), शिक्षक अनुराग गुप्ता, राम आसरे गुप्ता, हिमांशु दुबे, रमेश चंद्र शर्मा, समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट आदि सदस्य मौजूद रहे।

पीतवस्त्रों में माँ वीणावादिनी की पूजा करती सखी ग्रुप की सदस्य महिलाएं। अमृत विचार

पति की दीर्घायु के लिए माता गौरी से सुहाग मांगती सुहागन। अमृत विचार

अजीतमल में माता सरस्वती का पूजन करते छात्र,व अन्य लोग। अमृत विचार

आरएस मेमोरियल विद्यालय में वैदिक मंत्रों सहित हवन

अजीतमल । कस्बा अजीतमल में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर आरएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल अजीतमल में मां सरस्वती जी का वैदिक मंत्रों द्वारा हवन पूजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक शिव महेश दुबे ने बताया की आज बसंत पंचमी को मां अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की उत्पत्ति का दिन है।जो कि सुख शांति व समृद्धि का प्रतीक है। अद्भुत संयोग में मां सरस्वती का पूजन अत्यंत शुभदायक माना जा रहा है। इस दिन मां सरस्वती के साथ-साथ भगवान गणेश लक्ष्मी कॉपी, कलम, वाद्य यंत्रों की पूजा फलदाई मानी जाती है। इसी दिन से होली मास का शुभारंभ हो जाता है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू जी ने बताया कि बसंत रितु ऋतुओं का राजा है इसे ऋतुराज के नाम से भी जाना जाता है आज से मौसम में परिवर्तन की नई बहार आएगी। पंडित विमल कुमार दुबे , ईश्वर नारायण, पूजा पावनी,प्रतीक्षा, झलक, आरुषि, आराध्या ,सोनल बाबू आदि छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

दिबियापुर में शिवमंदिर में भगवान शिव के विग्रह का श्रृंगार। अमृत विचार

एक नजर

प्रधानमंत्री 22 और 23 को वाराणसी में

अमृत विचार, लखनऊ : अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस बार दौरा दो दिवसीय होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री वाराणसी में छह हजार दो सौ करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों की की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री का 22 और 23 फरवरी को वाराणसी प्रवास लगभग तय हो चुका है। माना जा जा रहा है कि प्रधानमंत्री का मौजूदा दौरा लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले अंतिम बार का हो, जिसमें वह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास करें।

सपा में शामिल हुए बसपा के फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी के फिरोजाबाद जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार उर्फ टीटू प्रधान अब समाजवादी हो गए हैं। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए बुधवार को पार्टी की सदस्यता ली।

प्रस्ताव में फंसा सर्वश्रेष्ठ मंगल दलों का चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : समाज में अहम भूमिका निभाने वाले मंगल दलों को प्रोत्साहित करने की योजना विभागीय उदासीनता का शिकार हो गयी है। इसके कारण राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ एवार्ड-2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ मंगल दलों का चयन नहीं हो सका है। 46 जिलों के अधिकारियों ने अपनी सूची युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल महानिदेशालय को उपलब्ध नहीं कराया है। प्रस्ताव न भेजने वाले जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी को चेतावनी दी गई है। लापरवाही के कारण पोर्टल पर पंजीकरण भी कम हुआ है।

इसे लेकर मुरादाबाद, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर, चंदौली, कानपुर नगर, कानपुर देहात, ललितपुर, जालौन, आजमगढ़, झांसी, भदोही समेत 29 जिलों ने प्रस्ताव दिए हैं।

> राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए सर्वश्रेष्ठ मंगल दलों के प्रस्ताव आज मिल जाएंगे। शुक्रवार को इस संबंध में बैठक रखी है। इसमें आगे की प्रक्रिया तय की जाएगी।
>
> –**मेघना सोनकर**, उप निदेशक, युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल महानिदेशालय

पुरस्कार में मिलते पांच हजार रुपये

मंगल दल कार्यकर्ता ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ, शिक्षा व खेलकूद जैसे कार्यक्रमों में शामिल होकर बढ़ावा देते हैं। जिले पर बेहतर कार्य करने पर एक महिला व एक पुरुष मंगल दल व राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय तीन श्रेणी में विवेकानंद यूथ एवार्ड दिया जाता है। पुरस्कार के तौर पर पांच हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

प्रदेश में बनेंगे छह नए छात्रावास

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रामीण परिवेश से पढ़ाई के लिए शहर आने वाले अनुसूचित जाति, ओबीसी और सामान्य वर्ग के जरूरतमंद छात्रों को अब छात्रावास के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। अगले वित्तीय वर्ष से समाज कल्याण विभाग छह नए छात्रावास बनवाएगा। नए छात्रावास के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। छात्रावास के निर्माण पर 25 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च होंगे। प्रदेश के 75 जिलों में 230 छात्रावास संचालित हो रहे हैं, जबकि 31 छात्रावास जर्जर हो चुके हैं और इनको बंद कर दिया गया है।

इस संबंध में समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि नए छात्रावास बनाने के लिए स्वीकृति मिल गई है और इसके लिए 25 करोड़ से अधिक का बजट भी स्वीकृत हो गया है। छात्रावास का निर्माण नए वित्तीय वर्ष में शुरू होगा।

निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे

मदरसों और डिग्री कॉलेजों की हो रही निगरानी, हो सकता है औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : अल्पसंख्यक विभाग की निदेशक के रडार पर सीतापुर के मदरसे हैं। कुछ डिग्री कॉलेजों की भी निगरानी की जा रही है। गहराते मामले को लेकर चर्चा है कि किसी भी दिन मौका - मुआएना और गाज गिरनी तय है।

यूपी के 73 जिलों में उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। हर केन्द्रों को राज्य मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़ने की व्यवस्था अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा के निर्देश पर इंदिरा भवन में की गई है। मदरसा प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पूर्व में हुई जांच के दौरान कई घालमेल पाए गए, ऐसे में निदेशक के निर्देश पर एक जनपद में शिक्षकों के विरुद्ध केस दर्ज हो चुका है। सूत्रों की मानें तो कुछ ऐसा ही मामला सीतापुर के मदरसों में सामने आया है। गंभीर इनपुट के बाद जांच का दायरा बढ़ चला है। माना जा रहा है कि निदेशक तथ्यपरक जांच करने का मन बना चुकी हैं। इसको लेकर स्थलीय परीक्षण भी किया जाना तय है। ऐसे में मौका मुआयना के साथ गाज गिरनी तय मानी जा रही है।

कंट्रोल रूम में परीक्षा केंद्रों की जानकारी लेतीं निदेशक जे. रीभा व अन्य। अमृत विचार

▸▸ मदरसा प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पाई गई हैं कई गड़बड़ी

> प्रदेश के कई जनपदों में मदरसा और कॉलेजों के मौका मुआयना किये जाते रहे हैं। अगर कहीं कमी या दिक्कत आती है, तो उसका निस्तारण कराया जाता है। विभागीय त्रुटि और अन्य खामियों में कार्रवाई भी होती रही है।
>
> –**जे. रीभा**, निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

महाविद्यालयों पर भी पैनी नजर

सीतापुर जनपद के कुछ महाविद्यालय भी जांच की परिधि में शामिल किये गए हैं। जानकारों की मानें तो विभागीय जांच में जिले के दो महाविद्यालयों का नाम चर्चा में आया है। ये भी मुआएने की जद जोड़ा जा रहा है।

प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने जा रही है भाजपा : पांडा

लोकसभा चुनाव में प्रदेश प्रभारी बनाए गए बैजयंत जय पांडा ने संभाली कमान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा के लोकसभा चुनाव में प्रदेश प्रभारी बनाए गए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा ने लखनऊ आकर बुधवार को कमान संभाल ली। कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि राम जी की कृपा और जनता के आशीर्वाद से आने वाले दिनों में भाजपा प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने जा रही है।

वे प्रभारी बनने के बाद पहली बार बुधवार को लखनऊ आए तो, एयरपोर्ट पर उतरते ही सुबह 9 बजे प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने स्वागत किया। प्रदेश मुख्यालय तक तमाम कार्यकर्ताओं ने भी जगह-जगह उत्साह दिखाया। इसके बाद श्री पांडा ने राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा के सात प्रत्याशियों के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने और नेतृत्व का अवसर प्रदान करने में सफल रही है। भाजपा की ओर से राज्यसभा चुनाव के लिए घोषित किये गए प्रत्याशी इसका उदाहरण हैं।

उम्मीदवारों का स्वागत व अभिनंदन करते हुए बैजयंत जय पांडा ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को वंसत पंचमी की शुभकामनाएं दी। कहा कि देश की 140 करोड़ जनता प्रचंड बहुमत से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निश्चय कर चुकी है। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की नीति पर चलते हुए आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करेगी।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने प्रत्याशियों का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम के साथ मोदी व योगी के नेतृत्व में प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लिए संकल्पित है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सभी प्रत्याशियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि कंधे से कंधा मिलाकर काम करना है और प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि सपा समाप्त और कांग्रेस मुक्त करने के संकल्प के साथ प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने का काम करना है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने केन्द्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं व बधाई दी। कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इतिहास का सृजन करते हुए प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लिए संकल्पित है।

भाजपा कार्यालय में लोकसभा प्रभारी बैजयंत पांडा का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, साथ में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

▸▸ एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष उप मुख्यमंत्री और संगठन महामंत्री ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री ने किया भोज पर आमंत्रित

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैजयंत जय पांडा को बुधवार दोपहर भोजन के लिए आमंत्रित किया। विधान भवन में भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के बाद पांडा मुख्यमंत्री के साथ उनके सरकारी आवास चले गए। भाजपा प्रदेश कार्यालय लौटकर उन्होंने दोनों उप मुख्यमंत्रियों और प्रदेश पदाधिकारियों से मुलाकात की और इसके बाद वापस दिल्ली चले गए।

राज्यसभा के लिए नामांकन करने वाले प्रत्याशियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

राज्यसभा के लिए भाजपा के सभी सात उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के सातों प्रत्याशियों ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा की मौजूदगी में प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। बुधवार को विधान भवन में प्रत्याशी भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, आरपीएन सिंह, संगीता बलवंत, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, तेजवीर सिंह, नवीन जैन ने पर्चा दाखिल किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह आदि मौजूद रहे। सभी ने दस-दस प्रस्तावकों के हस्ताक्षर से विधानभवन के कमरा नं. 48 में नामांकन की कागजी औपचारिकता दो-दो सेट के साथ पूरी की। भाजपा ने सात में से चार सीटों पर पिछड़ी जातियों के उम्मीदवार खड़े किये गये हैं। इससे साफ है कि भाजपा लोकसभा चुनावों से पहले विभिन्न समुदायों तक पहुंचने की कोशिश में है। नामांकन दाखिल करने वाले सात प्रत्याशियों में से आरपीएन सिंह (सैंथवार), चौधरी तेजवीर सिंह (जाट), अमरपाल मौर्य (कोइरी) और डॉक्टर संगीता बलवंत (बिंद) पिछड़ी जाति की हैं। इसके अलावा डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी (ब्राह्मण) साधना सिंह (क्षत्रिय) और नवीन जैन (जैन) समाज से आते हैं।

उम्मीदवारों को लेकर सपा में गहराया असंतोष

स्वामी, पल्लवी के बाद राम गोविंद ने सपा नेतृत्व को दिया सुझाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा और राज्यसभा उम्मीदवारों को लेकर समाजवादी पार्टी में असंतोष नजर आ रहा है। पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने पार्टी में अपने पद से इस्तीफा दिया, फिर विधायक पल्लवी पटेल ने नाराजगी दिखायी और वरिष्ठ नेता राम गोविंद चौधरी ने भी स्वामी के पक्ष में उतर कर सपा नेतृत्व को सुझाव दे डाला है। इससे पहले सहयोगी दल रालोद ने भी सीट बंटवारे पर नाखुश होकर खुद को अलग कर लिया।

सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव के सिर पार आते-आते सपा के और भी नेता अपनी-अपनी महत्वाकांक्षा को साधने का दबाव पार्टी नेतृत्व पर बना सकते हैं। अंदरखाने की बात की जाए तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के ही चुनावी फार्मूले पीडीए (पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक) की ही नजर से पार्टी नेता उनके (अखिलेश के) हर छोटे-बड़े फैसलों को भी देखने लगे हैं। ऐसे में आने वाले समय में अन्य इस वर्गों के नेता नेतृत्व पर दबाव बनाने की चाल चल सकते हैं।

दरअसल, स्वामी प्रसाद ने पार्टी नेतृत्व पर दलितों और पिछड़ों को उचित भागीदारी न दिए जाने का आरोप यूं ही नहीं लगाया। उनका यह आरोप लोस और राज्यसभा दोनों के लिए घोषित उम्मीदवारों से जुड़ा है। राज्यसभा के लिए जहां तीन में दो टिकट सामान्य वर्ग को दे दिए गए वहीं, टिकट वितरण में स्वामी की न तो सलाह ली गई और न ही कोई जानकारी तक दी गई। खासकर जया बच्चन और आलोक रंजन को प्रत्याशी बनाए जाने के स्वामी और पल्लवी खिलाफ हैं। स्वामी प्रसाद मौर्या की पुत्री संघमित्रा बदायूं से भाजपा सासंद हैं, जहां से सपा ने धर्मेंद्र यादव को टिकट दे दिया है। वर्तमान में भाजपा से स्थिति साफ न होने पर स्वामी प्रसाद अपनी पुत्री के लिए आंवला (बरेली) से टिकट चाह रहे हैं। इधर सपा भी भाजपा से स्थिति साफ होने पर ही सपा आंवला की सीट पर पत्ते खोलेगी। इतना ही नहीं स्वामी माना जा रहा है कि, फर्रुखाबाद के टिकट से भी स्वामी खुश नहीं हैं। सूत्रों का कहना है कि मौर्य नहीं चाहते थे कि फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी बनाया जाए। डॉ. शाक्य की शादी संघामित्रा से हुई थी, लेकिन बाद में तलाक हो गया था।

▸▸ सपा के और नेता नेतृत्व के फैसलों पर उठा सकते हैं सवाल

राम गोविंद ने स्वामी प्रसाद का लिया पक्ष

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोविंद चौधरी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित पत्र में स्वामी प्रसाद मौर्य का समर्थन करते हुए उनका इस्तीफा न स्वीकार करने का व्यक्तिगत सुझाव दिया है। पत्र में राम गोविंद ने लिखा कि स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा और राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के विचारों का मजबूती से प्रतिवाद कर रहे हैं। इसलिए वह दोनों संगठनों के निशाने पर है। आगे उन्होंने लिखा है कि स्वामी प्रसाद पिछड़े समाज से आते हैं। अपने जुझारू स्वभाव की वजह से इस समाज में उनका एक विशेष स्थान हैं। उनका पदाधिकारी बने रहना सपा के हित में है। इसलिए मेरा अग्रह है कि आप उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं करें।

ये पार्टी के अंदर की बात है: अखिलेश यादव

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे पर अपनी चुप्पी तोड़ते बुधवार को मीडिया को दी प्रतिक्रिया में कहा है कि स्वामी प्रसाद वरिष्ठ नेता हैं। ये पार्टी के अंदर की बात है। हम इसका समाधान निकाल लेंगे। इसके पहले, मौर्य ने भी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा देने के बाद बुधवार को मीडिया को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैंने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है। अब आगे क्या करूंगा ये इस पर निर्भर करता है। अब गेंद अखिलेश यादव के पाले में हैं, देखते है वह क्या करते हैं?

किसानों की मांगों का समाधान करे सरकार

अमृत विचार, लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किसान आंदोलन को समर्थन दिया है। बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने केन्द्र सरकार को सुझाव दिया है कि, किसानों की मांगें गंभीरता से लेकर उनका समाधान किया जाए। भारत को अन्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने वाले मेहनतकश किसानों की जो मांगें हैं, सरकार उन्हें गंभीरता से ले और उन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनका समय से समुचित समाधान करे, ताकि अन्नदाता किसानों को अपनी मांगों के समर्थन में बार-बार आंदोलन के लिए मजबूर न होना पड़े।

बसपा प्रमुख ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि इस संबंध में ''दिल्ली चलो'' के अभियान के तहत आंदोलित किसानों पर सख्ती करने के बजाय केन्द्र सरकार उनसे सही वार्ता कर उनके आंदोलन को समाप्त करने का प्रयास करे तो बेहतर होगा। इनका शोषण करना भी ठीक नहीं।

वर्ग पहेली-343

बाएं से दाएं

4. जिसके उच्चारण में फेफड़ों से आती वायु नासिका विवर से न निकले, अनुनासिक का विपर्याय।
5. 1. जिसमें फल न लगे हों, फलरहित वृक्ष 2. निष्फल, परिणामरहित।
6. नाख़ून से खोटना या नोचना, नाख़ून से काटना।
7. अनुच्छेद, (पैराग्राफ़ का संक्षिप्त रूप)।

ऊपर से नीचे

1. 1. चलते-चलते किसी स्थान पर रुकना, थमना 2. किसी की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्वक एक स्थान पर बैठे रहना 3. निश्चित या पक्का होना 4. डेरा डालना 5. किसी प्रकार की क्रिया, चेष्टा या व्यापार से रहित या हीन होना 6. गतिशील व्यक्ति, वस्तु का कहीं ठहर जाना 7. मादा का गर्भवती होना, जैसे- गर्भ ठहरना।
2. 1. फलयुक्त होना 2. सुख-सौभाग्य युक्त होना।
3. 1. चुनचुनाहट, खुजली 2. जलन के साथ होने वाली पीड़ा 3. चिनगारी।
5. 1. आघात लगना



वर्ग पहेली - 342 का हल

	1 शु		2 झ	3 स
4 मे	जा		न	ना
	5 अ	भि	क	थि	त
	त		म	न
		6 मा	न	स
	7 जी	र	क	
		ना		

सुडोकू-60

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			6			5		
3	8				2		7	
			4		7			1
8				5		1		
1								9
		2		7				6
6			3		9			
	1		2				3	8
		4			8			

सुडोकू - 59 का हल

5	3	1	2	8	4	9	7	6
8	9	4	6	3	7	2	1	5
2	6	7	5	1	9	8	3	4
6	5	2	9	7	3	4	8	1
4	7	9	1	2	8	6	5	3
3	1	8	4	6	5	7	9	2
1	4	3	7	9	6	5	2	8
9	2	5	8	4	1	3	6	7
7	8	6	3	5	2	1	4	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 10.12 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 09.26 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज व्यापारिक घाटे में तेजी से कमी आएगी। कुछ महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। किसी सार्वजनिक समारोह में शामिल हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखदायक रहने वाला है। यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं।

वृष — आज दूसरों के कार्यभार को अपने ऊपर लादना भी आपके लिए उचित नहीं है। फर्जी और गलत उत्पादों की खरीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों से आपको लाभ हो सकता है।

मिथुन — आज सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जाएंगे। फाइनेंस और कमीशन वाले कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। आप काफी व्यस्त रहेंगे। कारोबार में ग्राहक आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

कर्क — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा। आंतरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। किसी पुरानी योजना को क्रियान्वित करना पड़ेगा।

सिंह — आज वह कार्य करें जो आप वास्तव में सिर्फ अपनी खुशी के लिए करना चाहते हैं। मेहनत का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। कुछ समय स्वयं के लिए अवश्य निकालें। परिवार के किसी सदस्य का विवाह तय हो सकता है।

कन्या — आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में प्रतिद्वंदियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। दूसरों के भरोसे अपना काम न छोड़ें। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें।

तुला — आज घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध के लिए दिन शुभ है। आपका मन काफी हर्षित रहेगा। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है।

वृश्चिक — आज कुछ परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी एवं भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

धनु — आज धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। कार्यस्थल में सब कुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। प्रणय जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।

मकर — आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर समन्वय की कमी के कारण रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। जिसे आपको बातचीत के माध्यम से शांति पूर्वक सुलझा लेना चाहिए। सर्वाइकल और कंधों में दर्द की शिकायत होगी। आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है।

कुंभ — आज किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय कार्य समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

मीन — आज आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने का नया मंच मिल सकता है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- वन टू थ्री — सुबह : 09.31
- भैयाजी सुपरहिट — रात : 07.17

SONY MAX
- इशकजादे — सुबह : 11.04
- चक दे इंडिया — रात : 07.02

SONY PIX
- मॉर्टल कॉम्बैट — सुबह : 10.17
- वेनम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- ईना मीना डीका — सुबह : 10.30
- नमस्ते इंग्लैंड — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- राम और श्याम — दोपहर : 12.03
- कल हो न हो — शाम : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

छोरा- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरा- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी-नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरा- अरे! वाट्सऐप चलाती है क्या?
छोरी-नहीं पगले मेरे पास साईकिल है वहीं चलाती हूं।
छोरा- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पूछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी -मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति-एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

बंदरों का आतंक बढ़ा बुजुर्ग को किया जख्मी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। कस्बा क्षेत्र में इन दिनों कटखने बंदरो ने आतंक मचा रखा है। कटखने बंदरों के डर से घरों में लोग कैद होने को मजबूर हैं बच्चे और ग्रामीण मोहल्लों में दहशत का माहौल बना हुआ है। सड़को पर घंटो खड़े रहते हैं स्कूली बच्चे लेकिन नगर पंचायत को नागरिकों की कोई चिंता नहीं रहती है।

अजीतमल कस्बा के आजादनगर मोहल्ले में स्थित रेशम फार्म में एक बार फिर एक वृद्ध बंदरों के आतंक का शिकार हुआ। बंदरों ने ब्रद्ध पर झपट्टा मारा और कंधे के पास पीठ का मांस ले उड़े वही घायल खून से लथपथ बुजुर्ग चिल्लाता रहा लेकिन बंदरों ने उसे छोड़ने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई बल्कि जो भी उनके नजदीक गया उसी को दौडा लिया कई लोग काटने से बाल-बाल बचे। यह घटना आजादनगर गढ़िया रोड स्थित रेशम फार्म में रहने वाले सरनाम सिंह पुत्र मन्नी लाल उम्र 60 वर्ष निवासी अकबरपुर की मड़ैया सिरसा कलार जनपद जालौन लगभग 20 वर्ष की उम्र से रेशम फार्म में काम करके अपना गुजारा कर रहे है। मंगलवार शाम को वह अपने काम में व्यस्त थे कि तभी अचानक बंदरों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया और उन्हें हाथ पैर सहित पीठ में काटा। जिससे उनके शरीर से काफी मांस निकल गया जिससे वह लहूलुहान होने के साथ जख्मी हो गये। सीएचसी अजीतमल लाया गया। चिकित्सकों ने सैफई रेफर कर दिया गया। सीएचसी अधीक्षक डा. अवनीश कुमार ने बताया कि घायल अवस्था में बुजुर्ग को अस्पताल लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उपलब्ध वैक्सीन एआरबी को लगवाया।

श्रीमद्भागवत कथा में ध्रुव की कथा सुनाई

अछल्दा, औरैया। क्षेत्र के रमनगरा लहटोरिया गांव में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक ने ध्रुव चरित्र और सती चरित्र का प्रसंग सुनाया। ध्रुव चरित्र में भगवान ने भक्त की तपस्या से प्रसन्न होकर अटल पदवी देने का वर्णन किया।

रमनगरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को कथा वाचक स्वामी जागेश्वर चैतन्य ने कहा कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नही जाना चाहिए। ध्रुव कथा प्रसंग में बताया कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े।

पचनद में सजेगी साहित्य और कला की महफिल

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। त्रिदिवसीय चंबल लिटरेरी फेस्टिवल 16 से 18 फरवरी तक पचनद के तट पर साहित्य और कला की महफिल सजेगी। पचनद चंबल संग्रहालय और द ऐंट्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे चंबल साहित्य महोत्सव 16, 17, 18 फरवरी तक चलेगा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में कवियों, साहित्यकारों, लेखकों, अभिनेताओं और पत्रकारों की महफ़िल सजेगी।

चंबल साहित्य उत्सव के संस्थापक डॉ. शाह आलम राना ने बताया कि चंबल साहित्य का मकसद न सिर्फ चंबल और पचनद से लोगों को परिचित कराना भी होगा। पचनद के किनारे ही पूरा आयोजन होने जा रहा है। पचनद के किनारे ही टेंट लगाए गए हैं। खाने और रुकने के लिए टेंट में ही इंतज़ाम होगा। आयोजन भी ऐसे ही टेंट्स में होगा। आयोजन समिति के सदस्य खालिद नाईक, डॉ. कमल कुमार कुशवाहा, सौरभ अवस्थी, अजय कुमार ने बताया कि आयोजन के दौरान हेरिटेज वाक, फोटो प्रदर्शनी, फिल्म स्क्रीनिंग होगी. चंबल के ताने बाने पर बात होगी।

पचनद पर चल रही तैयारियों का दृश्य। अमृत विचार

- डकैतों की पृष्ठभूमि में छिपा है स्वर्णिम इतिहास

यह रहेंगे मौजूद : चंबल लिट्रेरी फेस्टिवल में आमंत्रित अतिथि के रूप में लेखक-फिल्मकार विद्या भूषण रावत, वरिष्ठ लेखक डॉ. रणधीर सिंह रूहल, कवि-संस्कृतिकर्मी राम जनम सिंह, साहित्यकर्मी डॉ. भगवान सिंह निरंजन, वरिष्ठ पत्रकार-फोटोग्राफर अनिल सिंदूर, सरोकारी वकील सूरज रेखा त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार केपी सिंह, वरिष्ठ कवि विजय सिंह पाल, क्रांतिकारी वंशज अजय पांडेय, वरिष्ठ फोटोग्राफर प्रवीण परिहार, सामाजिक कार्यकर्ता धीरज कुमार, कवि देवाशीष आर्य, एडवोकेट, इतिहासकार और शहीद वंशज देवेन्द्र सिंह चौहान, फिल्म अभिनेता आरिफ शहडोली, शोधार्थी और पत्रकार अजय शर्मा, शिक्षक धीरेन्द्र भदौरिया, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हिदायत, विचारक प्रोफेसर धर्मेन्द्र कुमार, वरिष्ठ पत्रकार विनोद त्रिपाठी, संस्कृतिकर्मी प्रोफेसर मो. नईम, सामाजिक कार्यकत्री रिहाना मंसूरी, चर्चित शायर शफीकुर्रहमान कश्फी आदि मौजूद रहेंगे।

यह है पूरा कार्यक्रम

- पहले दिन 16 फरवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसमें पंचनद 'कल, आज और कल' को लेकर चर्चा होगी। इसके बाद साहित्य में बीहड़ और बीहड़ में साहित्य को लेकर चर्चा होगी। फ़िल्म स्क्रीनिंग एवं सांस्कृतिक संध्या शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक होगी।
- दूसरे दिन का कार्यक्रम में लेखन एवं कहानी कहने की कार्यशाला सुबह 10 से 11 बजे तक, स्वाभाविक सौंदर्य का पर्याय चंबल पर चर्चा सुबह 11 से 1 बजे तक, ब्रेक के बाद चंबल का सामाजिक तानाबाना पर चर्चा दोपहर 2 बजे बजे 4 बजे तक होगा। इसके बाद संगीतमय शाम 5 बजे से 8 बजे होगी।
- तीसरे दिन हेरिटेज वॉक सुबह 8 से 2 बजे तक होगी। हेरिटेज वॉक जगम्मनपुर किला, बीहड़ सफारी (चंबल संग्रहालय से चंबल आश्रम) तक होगी। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम एवं चंबल क्षेत्र से संबंधित पुस्तकें, दस्तावेज, पत्रिकाएं, प्राचीन सिक्के, पत्र एवं लोक संस्कृति से जुड़ी दुर्लभ सामग्रियों की चंबल संग्रहालय द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन होगा. उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान प्रदेशों के चंबल अंचल के फोटोग्राफरों द्वारा ली गई तस्वीरों की प्रदर्शनी लगेगी।

नाबालिग से छेड़खानी के दोषी को तीन वर्ष की कैद

थाना बेला क्षेत्र का सात वर्ष पुराना मामला, 25 हजार अर्थदंड लगाया

संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम मनराज सिंह ने थाना बेला क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी करने के दोषी रोहित कुमार को तीन वर्ष के कठोर कारावास व 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।

मामले की अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा, विशेष लोक अभियोजक जितेन्द्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने बताया कि थाना बेला में नाबालिग पीड़िता ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाई कि 18 जनवरी 2017 की सुबह साढे.6 बजे वह शौच क्रिया के लिए गई थी कि तभी उसी गांव के युवक रोहित ने उसके साथ छेड़खानी की। जब वह चिल्लाई तो उसकी छोटी बहन व अन्य लोग मौके पर आ गए। जिन्हें देख युवक वहां से भाग निकला। वादिन का कहना है कि उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की। आरोप है कि स्कूल आते जाते समय रोहित उसे परेषान करता है। पुलिस ने रिपोर्ट लिखकर विवेचना करके रोहित के विरूद्ध आरोपपत्र कोर्ट में प्रस्तुत किया।

यह मुकदमा विषेष न्यायाधीश पॉक्सो में चला। जिसका कोर्ट ने निर्णय सुनाया। इससे पूर्व अभियोजन की ओर से नाबालिग के साथ इस तरह का गंभीर अपराध करने के दोषी को कठोर सजा देने की बहश की। वहीं बचाव पक्ष के वकील ने उसे निर्दोष बताया। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद एडीजे मनराज सिंह ने दोषी युवक रोहित कुमार निवासी सूनी खेड़ा बेला को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 25 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया गया। कोर्ट ने जमा कराई गई अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को अदा करने का आदेश दिया।

डीबीए चुनाव के लिए आज व कल नामांकन

औरैया। जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर विभिन्न पदों के लिए 15 व 16 फरवरी को नामांकन कराया जाएगा। चुनाव संचालन समिति एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष हृदय नरायन पांडेय ने बताया कि डीबीए हाल में गुरूवार व शुक्रवार की दोपहर 12 बजे 3 .30 तक नामांकन कराया जा सकता है तथा 17 फरवरी को नामांकन वापसी की जाएगी। बुधवार को कमेटी ने सदस्यता सूची पर आई आपत्तियों को निस्तारित कर अंतिम सूची जारी कर दी है। विभिन्न पदों के लिए 23 जनवरी को मतदान सुबह 9 बजे से तीन बजे तक निर्धारित किया गया है।

राहगीरों को गुलाब देकर हेलमेट पहनने की अपील

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। कृषि इंजीनियरिंग कालेज इटावा के अधिष्ठाता डॉ एन के शर्मा ने बुधवार को अपने विभिन्न कालेज स्टाफ एवं छात्रों के साथ स्वयं सड़क पर उपस्थित होकर सड़क सुरक्षा जागरूकता की पहल की। मत्स्य महाविद्यालय के सामने से गुजरने वाले कई दोपहिया वाहन चालकों को बाइक स्कूटर चलाते समय हेलमेट पहनने का विनम्र निवेदन करते हुए गुलाब का फूल भेंट किया।

उन्होंने सभी को यह भी समझाया कि, हेलमेट लगाकर चलने से आप सड़क पर हमेशा सुरक्षित भी रहते है। साथ ही घर पर आपका परिवार भी निश्चिंत रहता है क्यों कि, जिसके परिवार का कोई व्यक्ति किसी सड़क हादसे का शिकार हो जाता है, तब उसके खोने का दर्द सिर्फ वह परिवार और उसके पारिवारिक सदस्य ही समझते है। डॉ शर्मा ने सभी से सड़क पर धीमी और सुरक्षित गति से गाड़ी चलाते हुए बाइक/स्कूटर पर हमेशा ही हेलमेट पहनकर चलने की विनम्र अपील की। डीन डॉ एन के शर्मा की जागरूकता की इस अनूठी पहल की सभी राहगीरों ने सराहना की। इस अवसर पर मत्स्य महाविद्यालय स्टाफ से डॉ कैलाश यादव, डॉ अरुण कुमार, ब्रजेश पाल, आयुष त्रिपाठी, अनिल कुमार सहित महाविद्यालय के कई छात्र भी उपस्थित रहे।

- वेलेंटाइन डे पर कृषि इंजी. कॉलेज के डीन की पहल

गुलाब देकर हेलमेट लगाने की अपील की।

सीडीओ ने मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई संयत्र का किया निरीक्षण

इटावा। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत इकदिल के किसान अब्दुल गफ्फार के प्रक्षेत्र पर ड्रिप सिंचाई संयत्र तथा ग्राम कीरतपुर के किसान गनेश दत्त दीक्षित के प्रक्षेत्रों पर स्थापित मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई संयंत्र का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान किसानों ने सीडीओ को बताया कि पर ड्राप मोर क्रॉप काफी लाभदायक है । जिससे कम से कम 60 प्रतिशत पानी की बचत होती है। इसके साथ ही 90 प्रतिशत सिंचाई में व्यय होने वाली मजदूरी भी कम हो जाती है। दवाईयों का प्रयोग संयत्र के माध्यम से आसानी से होता है। इसके साथ ही उत्पादकता में भी 30 से 40 प्रतिशत वृद्धि होती है।

निरीक्षण के समय जिला उद्यान अधिकारी श्याम सिंह मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी से कहा कि अन्य किसानों को भी इस योजना से लाभान्वित कराएं।

सार-संक्षेप

श्री राधाबल्लभ लाल का हुआ बसंती श्रृंगार

इटावा। पुराना शहर छैराहा स्थित नगर का वृंदावन धाम श्री राधा वल्लभ मंदिर पर इस बार वसंतोत्सव का पावन पर्व बुधवार को श्रद्धाभाव और सादगी से मनाया गया। इस पावन अवसर पर श्री राधावल्लभ लाल जी महाराज व श्री राधा रानी का बासंती पोशाक धारण कराकर मनमोहक श्रंगार किया गया। श्री धाम वृंदावन की परंपरा अनुसार मंदिर में वसंतोत्सव से होली उत्सव का शुभारंभ हो गया। भक्तों पर गुलाल उड़ाया। श्री राधा वल्लभ मंदिर पर वसंत पंचमी के पावन पर्व ब्रज की परंपरा अनुसार मनाया जाता है। मंदिर के महंत गोस्वामी प्रकाश चंद महाराज 29 जनवरी को ब्रह्मलीन हो गए थे । इसी के चलते मंदिर में सादगी के साथ बसंत पंचमी का उत्सव मनाया गया।

वृंदावन धाम में किया गया ठाकुर जी का बासंती श्रृंगार। अमृत विचार

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सफाई कर्मी की मौत

जसवंतनगर, इटावा। कस्बे के समीप हाइवे किनारे बने एक रिसॉर्ट के सामने आगरा जाने के लिए बस के इंतज़ार में खड़े एक सफाई कर्मी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सफाई कर्मी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक अपने वाहन को भगा ले जाने में सफल रहा। क्षेत्र के ग्राम निलोई निवासी राजकुमार 50 वर्ष पुत्र सरदार सिंह जो छुट्टी पर अपने घर आया हुआ था। मंगलवार की रात लगभग नौ बजे वह आगरा जाने के लिए रोडवेज बस के इंतजार में खड़ा था, तभी इटावा की तरफ से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसके टक्कर मार दी। जानकारी मिलने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए और उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। बताते हैं कि मृतक खेड़ा जिला कासगंज में ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी पद पर तैनात था । वह घर पर छुट्टी पर आया हुआ था और ड्यूटी पर वापस जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। चौकी इंचार्ज दयानंद पटेल ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया है।

प्रतीक दुबे अध्यक्ष, देवांशु यादव बने मंत्री

इटावा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केके महाविद्यालय कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें विभाग संगठन मंत्री तरुण बाजपेई ने संगठन परम्पराओं व इतिहास के बारे में बताया। चुनाव अधिकारी के रूप में जिला सहसंयोजक ऐश्वर्य गुप्ता ने कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें अध्यक्ष पुनीत दुबे, उपाध्यक्ष यश चौहान, अजर दुबे, दिव्यांशी तिवारी, विवेक पटेल, ट्विंकल शर्मा, मंत्री देवांशु यादव, सहमंत्री आर्यन, ज्योति गौतम, राशि भदौरिया, अमरनाथ, अभिषेक सिंह, कृष्णा, योगेंद्र बाबू, प्रशांत कुमार, नितिन, अंजली कुमारी, असित यादव, सौम्या गुप्ता को बनाया गया। प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य संस्कार गुप्ता ने शुभकामनाएं दीं।

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती 18 को

इटावा। अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा इटावा इकाई द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की 393 वी जयंती कर्म क्षेत्र इंटर कॉलेज में 18 फरवरी को मनाई जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा मेरठ उमेश कुमार सिंह पटेल एवं कैलाश उमराव, जे एन कटियार आएंगे। अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के महासचिव इंजी राजेश कुमार वर्मा ने दी।

आज और कल राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

अजीतमल-औरैया। जनता महाविद्यालय अजीतमल में 15 और 16 फरवरी को राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाना है। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर एवं जनता महाविद्यालय, अजीतमल, औरैया के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 15 एवं 16 फरवरी को भारतीय परिदृष्य में कृषि के टिकाऊ विकास हेतु संसाधनों का उपयोग एवं संरक्षण विषयक राष्ट्रीय सेमिनार प्रस्तावित है।

संयोजक कृषि संकाय भूमि संरक्षण विभागाध्यक्ष डा. योगेश कुमार साहू ने बताया कि संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रान्तों के विश्वविद्यालयों से कृषि वैज्ञानिक, प्रोफेसर एवं शोध विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित है। संगोष्ठी में आमंत्रित विद्वानों में मुख्य रूप से प्रधान कृषि वैज्ञानिक डा. राजीव सिंह, डा. अजय तिवारी एवं डा. धर्मेन्द्र सिंह, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान दिल्ली, डा. संतोष चौधरी नालंदा कृषि विश्वविद्यालय साबौर बिहार, डा. अवधेश त्रिपाठी भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल, मध्य प्रदेश, प्रधान वैज्ञानिक डा. सुदर्शन मौर्या भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी, प्रो. पी.के शर्मा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी, प्रधान वैज्ञानिक डा. रामरतन वर्मा, भारतीय संस्थान लखनऊ एवं प्रो. मुनीश कुमार, प्रो. कौशल दीक्षित, प्रो. बी.के त्रिपाठी, प्रो. रामजी गुप्ता, राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित हैं। डा. साहू ने कहा कि प्रकृति द्वारा उपलब्ध संसाधनों का सदुपयोग एवं उनके संरक्षण पर आमंत्रित विद्वानों द्वारा लाभकारी वकतव्य एवं उनके संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करना बताया जाएगा।

पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। अर्धसैनिक बल कल्याण संगठन ने पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

शहर के शास्त्री चौराहे पर अर्ध सैनिक बल कल्याण संगठन की ओर से अर्धसैनिक बल से सेवा निवृत जवानों ने वुधवार को पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे। लोगों ने ब्लास्ट में शहीद हुए जवानों को याद करते हुए उन्हें नम आखों से श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर रिटायर्ड डिप्टी कमांडेट अवनीद्र कुमार यादव मुन्ना लाल पाल शैलेंद्र सिह राजावत आरपीएस यादव जर्मन सिंह बलबीर यादव सुखवीर सिंह अनुज यादव के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

गो तस्करी के मामले में चार पकड़े गए

संवाददाता, ऐरवाकटरा, औरैया

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के उमरैन चौकी के अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से मंगलवार को तस्करी करके ले जा रहे 11 गौवंशो के साथ पकड़ा था। मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने 6 नामजद लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए कानपुर देहात के राजपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला देवजी मुखर्जी नगर शिवा सोनी पुत्र रामकुमार व रिशू उर्फ शांतनु पांडेय पुत्र रामकुमार पांडेय तथा औरैया जिले के अयाना थाना क्षेत्र तुरकीपुर भगवानदास निवासी विजय दोहरे पुत्र बांकेलाल व वीरू दोहरे पुत्र प्रहलाद सिंह को ऐरवा कटरा पुलिस ने हिरासत में लिया थां जबकि दो आरोपी भीम दोहरे पुत्र मान सिंह निवासी हरवाई पोस्ट बमरापुर जिला मैनपुरी तथा औरैया जनपद के अजीतमल थाना क्षेत्र के इस्लामनगर निवासी तालिब पुत्र ताहिर खान फरार थे। मंगलवार रात्रि करीब 12 बजे गौरक्षक संगठन का पदाधिकारी बताते हुए औरैया निवासी शिवगोपाल दुबे के नेतृत्व में करीब 40-50 लोगों के साथ पहुंचे और हवालात में बंद आरोपियों को छुड़ाने के लिए पहुंचे और पुलिस पर आरोपियों को छोड़ने के लिए दबाव बनाने लगे। मौके पर मौजूद सीओ बिधूना अशोक कुमार सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों ने उन्हें समझाया। पुलिस ने शिवम दुवे पुत्र राजेश दुबे निवासी वकेवर जिला इटावा, गौरव शुक्ला पुत्र प्रेमचंद्र शुक्ला निवासी मोहल्ला प्रेमनगर, गौरवेंद्र मोहन पुत्र कौशल किशोर निवासी राजेंद्र नगर, कस्बा पुखराया थाना भोगनीपुर जिला कानपुर देहात तथा विकास तिवारी पुत्र रामयज तिवारी निवासी तालगांव, मवई जिला अयोध्या आदि चार उपद्रवियों को मौके से हिरासत लिया और इन चारों आरोपियों के अतिरिक्त विशाल पांडेय, आदर्श चतुर्वेदी, सनी चौहान, सत्या चक्रवर्ती आदि 9 व्यक्तियों सहित 50 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया। मंगलवार को गिरफ्तार आरोपी शिवा सोनी, रिशू उर्फ शांतनु पांडेय, विजय दोहरे तथा वीरू दोहरे को न्यायालय भेजा गया।

- सरकारी कार्य में दखल देने पर मुकदमा दर्ज

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	71,822.83	21,840.0
बढ़त	267.64	96.80
प्रतिशत में	0.37	0.45

अमृत विचार
www.amritvichar.com
कानपुर, गुरुवार, 15 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)–	
गेहूंदड़ा	2525–2550
आरआर 21	2700–2750
गेहूंफ़ारम	2800–2850
जौ	2000–2100
ज्वार	2600–4000
बाजरा	2125–2175
मकाई	2000–2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5200–5400
अरहर	7500–8000
मसूर	5500–5600
मटर	4400–4500
उड़दहरा	10000–10200
उड़दकाला	6000–8000
मूंग	8500–8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14000–14200
अरहरस्पेशल1	11800–12000
चनादाल	6700–6800
मटरदाल	5600–5700
मसूरमलका	7000–7100
मसूरदाल	7000–7100
उड़ददाल	9000–12000
उड़द धोवा	10500–13000
मूँगदाल	8800–10300
मूँग धोवा	9800–11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000–2300
बासमती नं.1	8500–10000
सेला	2500–3000
बासमती नं.2	6500–7500
आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490–1550
मैदा	1475–1520
सूजी	1500–1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430–1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5050–5100
अलसी	4500–4600 रुपये।

भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध

आईईए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी बोले-बढ़ती सक्रियता से एजेंसी को होगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के पास प्रतिभा और नवोन्मेष की कोई कमी नहीं है और यदि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को अपने वीडियो संबोधन में कहा कि भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है और वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा-मुझे यकीन है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आईईए को फायदा होगा। उन्होंने कहा-समावेशन से किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। उन्होंने कहा कि भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है। मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत है। उन्होंने कहा-एक दशक में हम दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। इसी अवधि में, हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 26 गुना बढ़ी है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई है। बहरहाल, हम जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध हैं। भारत ने अपने उत्सर्जन तीव्रता से संबंधित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा से 11 साल पहले और गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्यों को निर्धारित समय से नौ साल पहले हासिल किया है।

उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक करना है कम



प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य अब 2005 के स्तर से 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक कुल स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर–जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से प्राप्त करना है। भारत ने 2070 तक शुद्ध–शून्य अर्थव्यवस्था बनने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'मिशन लाइफ' जैसी प्रमुख पहलों में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई पहल 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' का समर्थन करने के लिए आईईए को धन्यवाद दिया।

सोना में 750 रुपये चांदी के दाम में 1,400 रुपये की गिरावट

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोने की कीमत 750 रुपये टूटकर 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों से नरमी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 750 रुपये की गिरावट के साथ 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।

इक्विटी बाजार में एफपीआई का निवेश 738 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिसंबर तिमाही में सितंबर की तुलना में 13 प्रतिशत ज्यादा

दिसंबर तिमाही में भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी का मूल्य 738 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो सितंबर तिमाही की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। मॉर्निंगस्टार की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एफपीआई निवेश का मूल्य 651 अरब डॉलर था। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में ऐसे निवेश का मूल्य 584 अरब डॉलर था। रिपोर्ट के मुताबिक-इसका श्रेय घरेलू इक्विटी बाजारों के अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ एफपीआई के मजबूत शुद्ध प्रवाह को दिया जा सकता है। हालांकि भारतीय इक्विटी बाजार पूंजीकरण में एफपीआई का आनुपातिक अंशदान समीक्षाधीन तिमाही में मामूली रूप से गिरकर 16.83 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर तिमाही में 16.95 प्रतिशत था। सितंबर तिमाही में 5.38 अरब डॉलर की निकासी करने के बाद अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में विदेशी निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल कम होने से भारतीय इक्विटी बाजारों में 6.07 अरब डॉलर के शुद्ध खरीदार रहे। इसके अलावा, कई आईपीओ आने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी विदेशी निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित किया है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	71,300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,300
गिन्नी (प्रति नग)	47,150–47,350
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,650
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,500
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	71,300
चांदी तैयार	71,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,350
सोना जेवरात गिन्नी	62,350
चांदी पक्की	710 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,500
चांदी आभूषण	71,350।

वित्त मंत्रालय के नियमों एवं शर्तों के बारे में की गई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- 16वें वित्त आयोग की पहली बैठक संपन्न

अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में गठित सोलहवें वित्त आयोग की बुधवार को पहली बैठक संपन्न हुई। आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस बैठक में आयोग ने भारत की राष्ट्रपति के आदेश और 31 दिसंबर, 2023 को जारी वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुरूप अपने नियमों एवं शर्तों के बारे में चर्चा की। मंत्रिमंडल ने संविधान के अध्याय एक, 12वें खंड के तहत संघ और राज्यों के बीच शुद्ध कर आय का वितरण और संबंधित राज्यों की हिस्सेदारी के आधार पर कर आवंटन से संबंधित नियमों एवं शर्तों को मंजूरी दी थी।

इसके अलावा 16वां वित्त आयोग भारत की संचित निधि से राज्यों को राजस्व सहायता अनुदान देने और राज्यों को सहायता अनुदान के जरिये दी जाने वाली राशि तय करने वाले सिद्धांतों पर भी गौर करेगा। निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार आयोग पंचायतों और नगर पालिकाओं के संसाधनों को लेकर राज्य की संचित निधि बढ़ाने के लिए आवश्यक उपाय भी सुझाएगा।

कमजोर हाजिर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

नई दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के बाद कारोबारियों के अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चा तेल की कीमत 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 26 रुपये या 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 6,768 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.84 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

बीमित नहीं हो पाई रबी फसल, कटने लगी मटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैंकों ने तय समय पर काट लिया प्रीमियम पर फीडिंग नहीं की
- बीमा कंपनी को होगा फायदा किसानों को नुकसान

अमृत विचार: प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी की फसलें बीमित नहीं हो पाई हैं, जबकि जिलों में मटर कटने लगी है। इनमें वह किसान शामिल हैं, जिनका बैंकों ने प्रीमियम तो काट लिया लेकिन बीमित करने के लिए पोर्टल पर फीड नहीं कर पाए हैं। ऐसे में बीमा होता है या नहीं किसानों को फायदा नहीं होगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंकों ने आलू, गेहूं, सरसों, मटर, टमाटर आदि फसलों का बीमा करने के लिए निर्धारित तिथि 31 दिसंबर तक किसान क्रेडिट कार्ड से प्रीमियम तो काट लिया। लेकिन, पोर्टल पर पूरी तरह से किसान और फसलों का विवरण फीड नहीं कर पाए हैं। जब तक फीडिंग नहीं तब तक बीमा मान्य नहीं होगा। फीडिंग की अंतिम तिथि 15 जनवरी थी। जो खराब प्रगति पर बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है। इधर, अधिकांश जिलों में मटर की कटाई होने लगी है।

अब सवाल इस बात का जिन किसानों ने मटर काट ली उनकी फसल किस आधार पर बीमित होंगी और कैसे लाभ मिलेगा। क्योंकि मौके पर फसल नहीं है। यदि 15 फरवरी तक फीडिंग कर बीमा हुआ तो आगे क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान भी बिना फसल के नुकसान का आकलन किस आधार पर किया जाएगा। फिलहाल इस लापरवाही का सीधा फायदा बीमा कंपनी को मिलेगा।

राष्ट्रीय

70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा

राजस्थान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी सलाह-देश की महिलाएं आर्थिक विकास को गति दें

जयपुर, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे समाज को कोशिश करनी होगी कि महिलाएं आर्थिक विकास को गति प्रदान करें और महिला नेतृत्व के विकास की सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज देश में आधी आबादी महिलाओं की है। राष्ट्रपति बेणेश्वर धाम में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी आदिवासी महिलाओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने सवाल किया, '' देश की 140 करोड़ आबादी में से आधी आबादी यानी 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा, समाज कैसे चलेगा, देश आगे कैसे बढ़ेगा?

राष्ट्रपति ने कहा कि इसलिए देश को चलाने के लिये, घर परिवार को चलाने के लिये महिला और पुरूष दोनों का सहयोग जरूरी है। देश का आर्थिक, सामाजिक विकास करने के लिये पुरुष और महिला दोनों का ही सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज दोनों के सहयोग से देश आगे बढ रहा है। भारत की ओर लोग उम्मीदों के साथ देख रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसा करने से वे देश और विश्व की प्रगति में बराबर की साझेदार बन सकेंगी।

उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच उपस्थित जनजातीय बहने और बेटियां भारत की विकास यात्रा में सराहनीय योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी आप (महिलाएं) भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभायेंगी। आपकी सफलता के बल पर ही समस्त भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा। आप सभी बेटियों और बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा–जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय है.. हमें उनसे सीखना चाहिए कि कैसे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रहना संभव है। हमें सीखना होगा कि कैसे कम से कम साधनों से बिना प्रकृति को हानि पहुंचाए जीवन जीना संभव है। राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग स्वभाव से ही समानता और लोकतंत्र के मूल्य को मानते रहे हैं।महिला सशक्तिकरण, मानवता का ही एक विशेष रूप है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद थे।

कोर्ट ने भाजपा विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

शिवसेना नेता पर गोलीबारी

ठाणे। अदालत ने पुलिस थाने के भीतर शिवसेना के एक नेता की हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ तथा उनके चार साथियों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी विधायक गणपत गायकवाड़, उनके सहयोगी हर्षल केने, संदीप सरवणकर, दिव्येश उर्फ विक्की गणात्रा और चालक रणजीत यादव को उनकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया गया था। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने उल्लासनगर इलाके में हिल लाइन थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष में दो फरवरी को शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ को गोली मारकर जख्मी कर दिया था।

महिलाओं ने मनाया बसंत पंचमी का पर्व...

नागपुर में बुधवार को हिंदुओं के प्रमुख पर्व बसंत पंचमी के अवसर पर महिलाओं ने मंदिरों में जाकर मां सरस्वती की पूजा की। इसके बाद मंदिर से निकलीं महिलाओं ने एक–दूसरे टीका करके पर्व की बधाई दी। ● एजेंसी

एक नजर

सिद्दारमैया ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित विरोध प्रदर्शन के मामले में उनके अलावा कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही की वैधता पर मुहर लगाने वाले उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में कर्नाटक उच्च न्यायालय के छह फरवरी 2024 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें श्री सिद्दारमैया के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद करने की उनकी याचिका खारिज करने के अलावा जुर्माने का आदेश दिया गया था।

हत्या के आरोपी ने जेल में की आत्महत्या

जम्मू। पिछले साल अक्टूबर में अपनी मां और एक नाबालिग बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में मुकदमे का सामना कर रहे एक व्यक्ति ने जेल के अंदर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जगदेव सिंह (37) उर्फ माइकल के शव को मंगलवार शाम अम्फाला जिला जेल में उसकी कोठरी के अंदर पतलून से बनाए गए फंदे पर लटका हुआ पाया गया।

तमिलनाडु विस में एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति के खिलाफ प्रस्ताव पारित

चेन्नई, एजेंसी

- मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने केंद्र के प्रस्ताव को मनमाना कहा

तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को केंद्र की प्रस्तावित एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया और इसे अव्यावहारिक तथा अलोकतांत्रिक करार दिया। विधानसभा ने परिसीमन प्रक्रिया पर भी एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें कहा गया है कि अगर इसे अपरिहार्य कारणों से किया भी जाना है तो इस कवायद के लिए 1971 की जनगणना मानदंड होनी चाहिए। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने दोनों प्रस्ताव पेश करते हुए एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रस्ताव को मनमाना करार दिया।

उन्होंने जनगणना (जो लोकसभा चुनावों के बाद आयोजित की जा सकती है) के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया 2026 के बाद जारी रखने के प्रस्तावित कदम को एक साजिश करार दिया। स्टालिन ने कहा कि इससे तमिलनाडु और दक्षिणी राज्यों में निर्वाचित प्रतिनिधियों की संख्या में गिरावट आएगी। मार्च 2023 में तत्कालीन केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने राज्यसभा में कहा था कि अगली परिसीमन प्रक्रिया 2026 के बाद होने वाली पहली जनगणना के बाद की जा सकती है। स्टालिन ने कहा-एक राष्ट्र, एक चुनाव पूरी तरह अव्यावहारिक और संविधान की मौलिक रूपरेखा के खिलाफ है। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संविधान में दी गई गारंटी के पूरी तरह खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव से राज्य विधानसभाओं को समय से पहले भंग किया जा सकता है जो संविधान के विरुद्ध है।

उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार का कार्यकाल पूरा हो रहा है तो क्या सभी राज्य विधानसभाओं को भंग किया जाएगा? इसी तरह यदि कुछ राज्यों में सरकारों को निर्धारित कार्यकाल से कम समय तक रहना पड़ा तो क्या केंद्र की सत्ता में बैठे लोग पद छोड़ेंगे? मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय निकायों में चुनाव राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है और स्थानीय निकाय चुनाव कराने का दावा राज्य के अधिकारों का हनन माना जाएगा।

मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

इंफाल, एजेंसी

पूर्वी इंफाल जिले के पंगेई में मंगलवार की रात में मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) में कथित तौर पर घुसने का प्रयास करने वाले 'ग्राम स्वयंसेवकों' को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा कर्मियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ऐसा संदेह है कि 'ग्राम स्वयंसेवकों' ने हथियार लूटने के लिए परिसर में घुसने की कोशिश की क्योंकि उन्होंने पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि हमलावरों से लड़ने के लिए उन्हें और हथियारों की आवश्यकता है। हालांकि, अधिकारी एमपीटीसी में घुसने के ग्राम स्वयंसेवकों के प्रयास के मकसद पर चुप्पी साधे हुए हैं, जहां भारी मात्रा में हथियार हैं। इस घटना में 24 वर्षीय ओकराम सनाटन गोली लगने से अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अधिकारी ने बताया-यह घटना मंगलवार रात को तब हुई जब स्थानीय युवा, जिनमें ज्यादातर ग्राम स्वयंसेवक थे, एमपीटीसी के गेट में घुसने का प्रयास कर रहे थे।

राशन घोटाले का एक और आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) घोटाले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरोपी की पहचान व्यवसायी विश्वजीत दास के रूप में हुई है। उसे जेल में बंद राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व बोनगांव (उत्तर 24 परगना) नगर पालिका अध्यक्ष शंकर अद्ध्या का करीबी विश्वासपात्र माना जाता है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद राशन घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग पहलू की जांच कर रही संघीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को कोलकाता और उसके आसपास के जिलों में कम से कम आठ स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें बिधाननगर थाना क्षेत्र के तहत साल्ट लेक में विश्वजीत का घर भी शामिल था।

ईडी ने अवैध खनन से जुड़े धनशोधन मामले में तलाशी ली

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खनन क्षेत्र में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को राजस्थान में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी खनन क्षेत्र और राज्य सरकार के संबद्ध विभागों में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़ी है। कार्रवाई का विस्तृत विवरण अभी नहीं मिला है। जबकि मामले की अभी भी जांच जारी है।

कोर्ट ने महिलाओं की आयु सीमा पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

सरोगेसी कानून को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरोगेसी के लिए महिलाओं की आयु निर्धारित करने वाले कानून के खिलाफ दायर याचिक पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा। इस कानून में केवल 23 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को सरोगेसी की अनुमति दी गई है। एक दंपती की ओर से दायर याचिक पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने जवाब मांगा है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दंपती की याचिका पर नोटिस जारी किया जिनकी उम्र लगभग 51 वर्ष है। उन्होंने याचिका में कहा कि इस तरह का कानून उन्हें बच्चा पैदा करने के उनके अधिकार से वंचित करता है। पीठ ने केंद्र से अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने टिप्पणी की कि विज्ञान के कुछ आधार होते हैं। हम विज्ञान के बीच हस्तक्षेप नहीं करने जा रहे हैं...किसी और के जीवन के साथ न खेलें। इससे बच्चा विकृत हो जाएगा। दंपती ने सरोगेसी के लिए राज्य मेडिकल बोर्ड में आवेदन किया था, लेकिन बोर्ड ने यह कहकर अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने से इनकार कर दिया कि इच्छुक महिला ने सरोगेसी अधिनियम- 2021 के तहत निर्धारित आयु सीमा पार कर ली है, जिसके बाद दंपती ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर करेगा निस्तारण

दिल्ली उच्च न्यायालय एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से संबंधित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करेगा और उनसे जुड़ी कानूनी कार्यवाही में पूरी गोपनीयता रखी जाएगी। अदालत ने उच्चतम न्यायालय के 26 सितंबर 2023 के एक फैसले में पारित निर्देशों के अनुपालन में ये निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय रजिस्ट्रार जनरल कंवलजीत अरोड़ा के मार्फत सात फरवरी को जारी निर्देश के अनुसार–एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से जुड़ी किसी भी कानूनी कार्यवाही का निस्तारण अदालतें एचआईवी (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम 2017 की धारा 34(2) में उल्लेखित शर्तों के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर करेंगी। इसमें कहा गया कि अदालतें यह भी सुनिश्चित करेंगी कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों की गोपनीयता को पूरी तरह से बरकरार रखा जाए और कार्यवाही की रिकॉर्डिंग में ऐसे व्यक्तियों के असली नाम की जगह छद्म नामों का इस्तेमाल किया जाए।

सद्भाव-सांस्कृति का प्रतीक बनी सबसे ऊंची इमारत

मंदिर के भव्य शिखर हैं खास: मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में किया गया है। बीएपीएस मंदिर की आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। इसके आधे हिस्से में पार्किंग भी बनाई गई है। अपनी वास्तुकला और भव्यता के लिए पहचाना जाएगा। बीएपीएस के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बताया कि सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की मूर्तियां हैं। सात शिखर यूएई के सात अमीरात का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, बकौल स्वामी ब्रह्मविहरिदास, इन शिखरों का उद्देश्य बहुसांस्कृतिक परिदृश्य में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। कुल 108 फुट ऊंचा यह मंदिर क्षेत्र में विविध समुदायों के सांस्कृतिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए मंदिर में भारतीय पौराणिक कथाओं में अहम स्थान रखने वाले हाथी, ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।

दुबई, एजेंसी

भारत के मित्र देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत का तिरंगा शान से लहरा रहा है। दुबई का प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा तिरंगे के रंगों में उस वक्त जगमगा उठा जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। दरअसल, भारत दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में बतौर एक सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुआ।

पीएम मोदी ने मंगलवार को यूएई के राष्ट्रपति के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की और दोनों देशों ने ऊर्जा, बुनियादी संरचनाओं और निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ऐसे में मंगलवार को बुर्ज खलीफा 'सम्मानित अतिथि भारत' के शब्दों से जगमगा उठा था।

कई देशों की सभ्यताओं को भी मिली जगह

मंदिर में रामायण और महाभारत सहित भारत की 15 कहानियों के अलावा माया (मैक्सिको की महत्वपूर्ण सभ्यता), एज्टेक (मध्य अमेरिकी सभ्यता), मिस्र, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ्रीकी सभ्यताओं की कहानियों को भी दर्शाया गया है। मंदिर की बाहरी दीवारों को भारत के बलुआ पत्थर का इस्तेमाल करके बनाया गया, जबकि आंतरिक दीवारें सफेद इतालवी संगमरमर से बनाई गई हैं।

धीरज का प्रतीक है ऊंट

पत्थरों पर नक्काशी करने वाले शिल्पकार सोमसिंह ने कहा कि दृढ़ता, प्रतिबद्धता और धीरज के प्रतीक ऊंट को यूएई के परिदृश्य से प्रेरणा लेते हुए मंदिर की नक्काशी में उकेरा गया है। ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।



एक नजर

गुजरात: दो साल में 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए

गांधीनगर। गुजरात पुलिस ने पिछले दो वर्षों के दौरान 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल 48 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ के मुद्दे पर विधानसभा में तीखी बहस के दौरान गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने विपक्षी कांग्रेस से इस मामले पर राजनीति बंद करने को कहा। इस दौरान मंत्री ने कांग्रेस द्वारा केवल कच्छ में अदानी समूह द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह का उल्लेख करने पर भी सवाल उठाया। मुद्रा बंदरगाह में 2021 में केंद्रीय एजेंसियों ने अफगानिस्तान से आयातित दो कंटेनरों से 20,000 करोड़ रुपये मूल्य की 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी।

इजराइल-हमास युद्धविराम पर बातचीत जारी रहेगी: मिस्र

काहिरा। मिस्र की राजधानी काहिरा में मिस्र इजराइल, कतर और अमेरिका के बीच गाजा पर बातचीत तीन और दिनों तक जारी रहेगी। मिस्र मीडिया ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक विलियम बर्न्स, इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने मंगलवार को काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से मुलाकात की। बर्न्स ने इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच गोलीबारी बंद करने तथा बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के समझौते पर फिर से बातचीत फिर से शुरू करने के लिये काहिरा में एक बैठक कर सकते हैं।

पाकिस्तान में चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी

वाशिंगटन। पाकिस्तान चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया गया है। वहीं पीटीआई चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस बीच, व्हाइट हाउस ने पाकिस्तान में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने का आह्वान किया है और कहा है कि पाकिस्तानी लोगों की इच्छा का सम्मान करने की जरूरत है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पाकिस्तान में चुनावों से अवगत हैं।

ईरान में विस्फोट से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

दुबई। ईरान में बुधवार को तड़के हुए विस्फोटों से एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक अधिकारी ने इन विस्फोटों को देश में नुकसानदायक और आतंकवादी कृत्य करार दिया। गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल की जंग के बीच मध्यपूर्व में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान के पश्चिमी चाहरमहल और बख्तियारी प्रांत से उत्तर में कैस्पियन सागर के शहरों तक जाने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन विस्फोट की वजह से प्रभावित हुई है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई।

अमेरिका: दो जुड़वा बच्चों का घोंटा गला, दंपती को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

घर में मृत मिला भारतवंशी परिवार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय समुदाय के लोगों को निशाना बनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका में भारतवंशी परिवार के सभी सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए। इनमें चार साल के दो जुड़वा बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का।

स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मृतकों की पहचान आनंद सुजीत हेनरी, उनकी पत्नी एलिस प्रियंका और उनके जुड़वा बच्चों के रूप में हुई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक उनकी पहचान जारी नहीं की है। यह घटना कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में सोमवार को हुई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को स्थानीय निवासियों ने 911 पर कॉल करके बताया कि उन्होंने कुछ दिनों से इस घर से कोई आवाज नहीं सुनी है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और घर पर पहुंची। पुलिस को शुरुआती जांच में किसी के घर के अंदर घुसने का कोई संकेत नहीं मिला। सैन मेटियो के पुलिस विभाग के सार्वजनिक सूचना अधिकारी जेरमी सुरत ने बताया, हमें घर के अंदर चार लोग मृत मिले। पुलिस ने बताया कि वह मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से कर रही है। अदालती रिकॉर्ड के मुताबिक, पति ने दिसंबर 2016 में तलाक के लिए अर्जी दी थी। पुलिस ने बताया कि दोनों छोटे बच्चे एक बेडरूम के अंदर मृत पाए गए। बच्चों पर गोली लगने का कोई जख्म नहीं था। इसलिए, उनकी मौत की वजह का पता लगाने के शव का परीक्षण होगा। पुलिस मानकर चल रही है कि बच्चों का या तो गला घोंटा गया या उन्हें जानलेवा ओवरडोज दी गई, क्योंकि उनके शरीर पर हमले का कोई निशान नहीं था। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी बाथरूम के अंदर पाए गए। दोनों को गोली लगी हुई थी। बाथरू में 9 एमएम की पिस्तौल और भरी हुई मैगजीन मिली है।

अमेरिका में भारतीयों पर बढ़े हमले

हाल के महीनों में एक भारतीय छात्र सहित सात भारतवंशी लोगों की मौतें हुई हैं। वाशिंग में एक रेस्तरां के बाहर भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया था। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इससे पहले शिकागो में एक छात्र सैयद मजाहिर पर हमला हुआ था। उससे पहले जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक नशेड़ी ने भारतीय छात्र विवेक सैनी पर जानलेवा हमला किया था।

भारतवंशी लोगों के सामने 3 बड़ी चुनौतियां

बीते कुछ अरसे से भारतीयों, खासकर भारतीय छात्रों के साथ घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका में काम करने वाले संगठन टीम के अनुसार भारतीय छात्रों के समक्ष मुख्य तौर पर ये तीन प्रमुख चुनौतियां आती हैं। **ड्रगिस्ट के हमले :** अमेरिका में बीते कुछ समय से ड्रग एब्यूज (नशे की स्थिति में दुर्व्यहार) के मामलों में काफी तेजी आई है। भारतीय छात्र इनका आसान शिकार बन जाते हैं। पंचकुला के विवेक सैनी की जान ऐसे ही एक ड्रगिस्ट ने गत सप्ताह ले ली थी। **संवाद**

की समस्या : उत्तर भारत से अमेरिका जाने वाले अनेक छात्रों को भाषा संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय अधिकारियों के समक्ष उसे बयां करने से हिचकते हैं, जिससे उनकी समस्या और बढ़ जाती है। **मानसिक संताप :** भारतीय अभिभावक अपने बच्चों को अमेरिका पढ़ाने के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका तनाव भी बच्चों को रहता है। जब उन्हें लगता है कि राशि का वे उचित प्रतिसाद नहीं दे पाएंगे तो खुदकुशी जैसे कदम उठा लेते हैं।

बंगाल की जेलों में 4 साल में जन्में 62 बच्चे

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी गई है कि पिछले चार वर्षों में बंगाल की जेलों में 62 बच्चों का जन्म हुआ और जेल जाने से पहले ही यह महिला कैदी गर्भवती थीं। जेलों में अमानवीय स्थितियों के मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल न्याय मित्र के रूप में कोर्ट की सहायता कर रहे हैं।

उन्होंने अदालत को बताया कि उन्हें पुलिस अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में हिरासत में रहते हुए महिला कैदियों से पैदा हुए बच्चों के संबंध में जानकारी मिली थी। कोर्ट के निर्देश के लिए दायर एक आवेदन में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश महिला कैदी उस समय पहले से ही गर्भवती थीं जब उन्हें जेलों में लाया गया था। कुछ मामलों में महिला कैदी पैरोल पर बाहर गई थीं और उम्मीद से वापस लौट आईं। गौरव अग्रवाल ने जेलों में प्रचलित कथित अमानवीय स्थितियों से संबंधित एक मामले में आवेदन दायर किया। उन्होंने कहा कि जेलों या महिलाओं के लिए बैरक में सुरक्षा उपायों को समझने के लिए उन्होंने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के जेल अधिकारियों के साथ चर्चा की। सुप्रीम कोर्ट ने नौ फरवरी को पश्चिम बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने के आरोपों पर संज्ञान लिया था। इसके बाद कोर्ट ने गौरव अग्रवाल को इस पर गौर करने और एक रिपोर्ट सौंपने को कहा था।

- शीर्ष कोर्ट में रिपोर्ट पेश जेल जाने से पहले ही हुईं थीं महिला गर्भवती

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के तबादले का प्रस्ताव

नई दिल्ली। सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने केंद्र को विभिन्न हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के ट्रांसफर की सिफारिश की है। दरअसल, इन न्यायाधीशों ने अपने तबादले का अनुरोध किया था। मंगलवार को कॉलेजियम की बैठक में जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस भी शामिल थे। कॉलेजियम ने कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य के अन्य हाई में ट्रांसफर के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। कॉलेजियम ने कहा, 12 फरवरी, 2024 को एक पत्र द्वारा जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य ने व्यक्तिगत कारणों से कलकत्ता हाई कोर्ट से किसी अन्य हाई कोर्ट में ट्रांसफर की मांग की है। कॉलेजियम ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और न्याय के बेहतर प्रशासन के हित में जस्टिस भट्टाचार्य को तेलंगाना हाई कोर्ट में ट्रांसफर किये जाने की सिफारिश की जाती है।

जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद ने शीर्ष कोर्ट से जमानत याचिका वापस ली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 14 फरवरी को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका रद्द कर दी। अदालत ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि बुधवार को उमर खालिद ने कोर्ट ने अपनी जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। उमर खालिद को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए उनकी जमानत याचिका रद्द कर दी। खालिद साल 2020 से ही दिल्ली दंगा मामले में यूएपीए की धाराओं में जेल में बंद हैं। उमर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि यह याचिका इसलिए वापस ली जा रही है क्योंकि कुछ परिस्थितियां बदली हैं और अब हम बेल के लिए ट्रायल कोर्ट में फ्रेश याचिका डालेंगे। जस्टिस बेला त्रिवेदी और पंकज मिथल की पीठ ने याचिका को रद कर दिया।

इंडोनेशिया: 20 करोड़ मतदाता चुनेंगे अपना नेता, मतदान शुरू

जकार्ता। मुस्लिम बहुल देश इंडोनेशिया में आधे से अधिक मतदाता, जो कि युवा हैं, नई सरकार बनाने के लिए मतदान कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था, मानवाधिकारों पर चिंताओं के बीच यहां 20 करोड़ से अधिक मतदाता नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इंडोनेशिया में फिलहाल जोको विडोडो राष्ट्रपति हैं।

बता दें, आज दुनिया के सबसे बड़े एक दिवसीय चुनाव में न केवल नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को बल्कि संसदीय और स्थानीय प्रतिनिधियों को भी चुना जाएगा। 'जोकोवी' के नाम से लोकप्रिय विडोडो अपने दो कार्यकाल की अधिकतम सीमा पूरी कर चुके हैं। उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद इंडोनेशिया अपनी राजनीति में एक नए चरण की शुरुआत करना चाहता है।

बर्फबारी से 1100 उड़ानें रद...

न्यूयॉर्क : अमेरिका के कई हिस्से बर्फीले तूफान की चपेट में हैं। न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी और कनेक्टिकट प्रांतों में मंगलवार को भीषण बर्फीला तूफान आया। सर्दी के सीजन में इस बर्फीले तूफान में नॉरईस्टर विंटर स्टॉर्म कहा जाता है। इस तूफान की वजह से न्यूयॉर्क में 5 से 8 इंच तक हिमपात हुआ है। न्यूयॉर्क के कैनेडी एयरपोर्ट की 1100 उड़ानों को रद करना पड़ा। साथ ही, न्यूयॉर्क के स्कूल-कॉलेज को भी बंद कर दिया गया है। ● एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध मजबूत: पेंटागन

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध को लेकर पेंटागन ने बयान जारी किया है। पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध बहुत अच्छे हैं।

सबरीना सिंह ने कहा किस क्षेत्र में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी जारी रखेंगे। रक्षा मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संबंधों के बारे में पेंटागन की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 13 फरवरी से अमेरिका के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने पाकिस्तान में संपन्न हुए चुनाव को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेंटागन, पाकिस्तान में चल रही गतिविधियों पर नजर रख रहा है। पाकिस्तान में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी की जा रही है। भारतीय सेना में परिवर्तन, वैश्विक खतरे की धारणा, सेना में परिवर्तन-2030/2040, मानव संसाधन चुनौतियां, भविष्य की सेना का विकास और आधुनिकीकरण, और सह-उत्पादन जैसे मुद्दों पर बातचीत होने की संभावना है।

जनरल रैंडी जॉर्ज से मुलाकात करेंगे मनोज

रक्षा मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अपनी यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, जनरल रैंडी जॉर्ज, अमेरिका के सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य नेताओं के साथ उच्च-स्तरीय चर्चा और बातचीत करेंगे।

युद्ध से पीछे हटे पुतिन तो उनकी हत्या हो जाएगी: एलन मस्क

वाशिंगटन। रूस और यूक्रेन युद्ध को करीब दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक हालिया साक्षात्कार काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वे यह साफ कह रहे हैं कि रूस अब यूक्रेन में युद्ध से कदम पीछे नहीं खींच सकता।

अमेरिकी सांसदों के सामने एलन मस्क ने कहा कि इसकी कोई संभावना ही नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध हार जाएं। मस्क एक्स के स्पेसेज में ये दावा किया। उनके साथ इसमें कुछ सीनेटर्स भी शामिल थे, जो इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि रूस के खिलाफ यूक्रेन को आर्थिक मदद देने का फैसला सही है या गलत। इस चर्चा के दौरान ही रॉन जॉनसन ने कहा कि जो भी रूस के खिलाफ यूक्रेन की जीत की उम्मीद कर रहे हैं, वे असल में एक सपने की दुनिया में जी रहे हैं। इस पर मस्क ने सहमति जताते हुए कहा कि पुतिन यूक्रेन में हार ही नहीं सकते। मस्क ने कहा कि पुतिन पर पहले ही यूक्रेन में युद्ध को जारी रखने का भारी दबाव है। अगर वे पीछे हटते हैं तो उनकी हत्या भी हो सकती है।

43 भारतीयों समेत 186 लोगों को मालदीव ने किया निर्वासित

- अवैध कारोबार करने का लगाया आरोप, बांग्लादेशी सबसे ज्यादा

माले। मालदीव ने वीजा उल्लंघन और मादक पदार्थों से संबंधित अपराध करने का आरोप लगाते हुए 43 भारतीयों समेत 186 विदेशियों को निर्वासित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित किए गए लोगों में सर्वाधिक संख्या बांग्लादेशियों (83) की है।

मालदीव में अवैध रूप से संचालित व्यवसायों को बंद करने की जारी प्रयासों के बीच विदेशियों को निर्वासित किया गया है। गृह मंत्री अली इहुसन ने बताया कि विभिन्न नामों से संचालित अवैध व्यवसायों पर कार्रवाई के लिए मंत्रालय वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। गृह मंत्रालय इस प्रकार के व्यवसायों को बंद करने और उन्हें संचालित करने वाले विदेशियों निर्वासित करने पर काम कर रहा है। यदि व्यवसाय किसी विदेशी द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुनाफा कमाने के लिए संचालित किया जा रहा है तो ऐसे व्यवसायों के पंजीकरण को समाप्त करने के लिए दिसंबर 2021 में एक कानून बनाया गया था। आव्रजन नियंत्रक शमां वहीद ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त विदेशी श्रमिकों को खोजने के लिए चलाए गए अभियान के तहत आव्रजन विभाग ने कई लोगों को हिरासत में लिया और वैध दस्तावेजों व पासपोर्ट वाले लोगों को निर्वासित कर दिया गया।

विज्ञान नासा के रोबर पर्सिवरेंसरोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में किया कैद, मंगल के चंद्रमा फोबोस ने लगाया ग्रहण

लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ग्रहण की चपेट में पृथ्वी, चंद्रमा व सूर्य ही नहीं आते, बल्कि हमारे सौर मंडल के अन्य ग्रह भी इसके प्रभाव से वंचित नहीं रहते। पिछले सप्ताह मंगल पर लगे सूर्य ग्रहण को देखा गया। जिसकी तस्वीर नासा के अंतरिक्ष यान ने अपने कैमरे में कैद की हैं। मंगल पर यह अद्भुत ग्रहण की खगोलीय घटना आठ फरवरी को हुई।

लाल ग्रह मंगल के चंद्रमा फोबोस के कारण यह दुर्लभ नजारा सामने आया। नासा के रोबर पर्सिवरेंस रोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में कैद किया। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रहण के दौरान फोबोस का आकार आलू के बराबर नजर आया। मंगल का जेज़ेरो नामक क्रेटर क्षेत्र ग्रहण की चपेट में आया। ग्रहण के दौरान सूर्य के सामने से फोबोस गुजरा। रोबर ने इस घटना का विडियो बनाया है। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने सूर्य ग्रहण की 68 तसवीरें अपलोड की हैं। फोबोस को पहली बार 1877 में अमेरिकी खगोलशास्त्री आसफ हॉल ने खोजा था। यह क्षुद्रग्रह के आकार का छोटे आकार का चंद्रमा है जो मंगल ग्रह की सतह से कुछ हजार मील की दूरी से परिक्रमा करता है। मंगल के काफी नजदीक होने के कारण यह मंगल के गुरुत्वाकर्षण बल के प्रभाव में रहता है।

अप्रैल में पृथ्वी पर सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। अमेरिका में यह ग्रहण होगा, जिस कारण कुछ मिनटों के लिए अंधेरा छा जाएगा। इसका कारण हमारे चंद्रमा का विशाल आकार है। वहीं अगर मंगल ग्रह के चंद्रमा फोबोस की बात करें तो यह लंबाई में सिर्फ 27.3 किमी है, जिससे सूर्य पूरी तरह नहीं ढक सकता। सेंट लुइस में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के ग्रह भूविज्ञानी पॉल बर्न ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया। पिछले 18 वर्षों में मंगल पर कई रोवर फोबोस को सूर्य के सामने से गुजरते देख चुके हैं। 2004 में स्पिरिट और अपॉर्चुनिटी ने सबसे पहला अवलोकन किया था।



लाल ग्रह मंगल से सूर्य ग्रहण की तस्वीर।

रहस्य के साए में उपग्रह फोबोस और डेमोस

लाल ग्रह के उपग्रह फोबोस और डेमोस दो ऐसे उपग्रह हैं, जिनके निर्माण के बारे में रहस्य अभी भी बना हुआ है। वैज्ञानिक अभी तक पता नही लगा पाए हैं कि वे क्षुद्रग्रह बेल्ट से आए हैं या किसी टकराव से इनका निर्माण हुआ है। यह भी समझा जाता है कि यह दोनो उपग्रह प्रारंभिक सौर मंडल के बचे हुए मलबे से बने हों। बहरहाल इस रहस्य को समझने के लिए अध्ययन जारी हैं।

पुतिन नाटो देशों पर हमला करते हैं तो हम रक्षा करेंगे: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडन ने ट्रंप के बयान पर कसा तंज, उन्होंने टिप्पणियों को खतरनाक बताया



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को एक बार फिर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने हाल ही में अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई टिप्पणियों की खतरनाक बताते हुए कहा कि 74 साल पुराना यह संगठन अमेरिका के लिए पवित्र प्रतिबद्धता है।

उन्होंने कहा कि जब तक मैं राष्ट्रपति हूं और यदि पुतिन नाटो में शामिल किसी भी देश पर हमला करते हैं तो अमेरिका नाटो क्षेत्र के हर इंच की रक्षा करेगा। अभी हाल ही में दक्षिण कैरोलिना में एक रैली में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह नाटो सहयोगियों से अपना रक्षा खर्च बढ़ाने को कहेंगे अन्यथा उन देशों पर आक्रमण करने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को प्रोत्साहित करेंगे। राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि जब अमेरिका जबान देता है तो उसका कुछ मतलब होता है। जब हम कोई वादा करते हैं तो हम उसे निभाते हैं और नाटो हमारे लिए पवित्र प्रतिबद्धता है। हालांकि ट्रंप इसे बोझ के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जब वह नाटो को देखते हैं तो उन्हें अमेरिका और पूरी दुनिया की रक्षा करने वाला गठबंधन नहीं दिखता है।